रांची का तापमान
कांके : अधिक. 30.0° न्यून. 22.6°
रांची : अधिक. 31.0° न्यून. 23.0°
रांची, शुक्रवार
25 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-173, पृष्ठ-12

श्रावण शुक्ल पक्ष 01, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12

भारत बदला लेने की क्षमता भी रखता है

राष्ट्रीय नवीन मेल

उपासना सिन्हा

पहलगाम की शांत वादियाँ 22 अप्रैल 2025 को चीख उठी। यह वह दिन था जब मानवता शर्मसार हुई। धर्म पूछ कर कपड़े उतरवाए और कलमा पढ़ने को मजबूर किया गया। यह तारीख कोई भी भारतवासी कभी नहीं भूलेगा । 26 बेगुनाह लोगों की मौत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इनमें कई नव विवाहिता की दुनियाँ ही उजड़ गई। आतंकवादियों ने इस बर्बरता को अंजाम देकर यह संदेश देने की कोशिश की थी कि वह भारत में अराजकता फैला सकते हैं कि वह हमारे शांत पर्यटन स्थलों को भी रक्तपात से रंग सकते हैं लेकिन उन्हें यह ज्ञात नहीं था कि यह नया भारत है जो अपने घावों को भरने के साथ-साथ बदला लेने की क्षमता भी रखता है। अपने दुश्मनों को उनकी ही भाषा में जवाब देता है। भारत के जिन माता और बहनों के सिंदूर को उजाड़ने की दुश्मनों ने साजिश की इस सिंदूर के लाल रंग का अपना साहस बनाया। भारत की दो महिला सेना के नेतृत्व में जैसे रणचंडी दुष्टों के रक्त से अत्याचार को खत्म करती है उसी तरह सिंदूर का बदला दुश्मन की जमीन पर उन्हीं के खून से लिया।

शेष पेज 11 पर

झारखंड कैबिनेट का फैसला

अटल मोहल्ला क्लिनिक अब मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक से जाना जाएगा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में एक बड़ा फैसला लिया गया। सरकार ने 'अटल मोहल्ला क्लिनिक' का नाम बदल दिया है। झारखंड में चल रहे अटल मोहल्ला क्लिनिक को अब 'मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक' के नाम से जाना जाएगा। झारखंड मंत्रालय में हुई इस बैठक कि जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि मंत्रिपरिषद के द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उग्रवादी घटनाओं अथवा राष्ट्र की सीमा के रक्षार्थ ड्यूटी के दौरान वीरगति प्राप्त होने वाले झारखंड के केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल कर्मियों के आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान एवं अनुकम्पा के आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्ति प्रदान करने स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट ने झारखंड राज्य के पुलिस, कक्षपाल, सिपाही, उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली, 2025 गठन के उपरांत पुलिस के पूर्व से प्रकाशित विज्ञापन को रद्द करने, भविष्य के नियुक्ति में पूर्व के आवेदकों को शुल्क भुगतान की छूट, सभी कोटि के आवेदकों को अधिकतम उम्र सीमा में छूट एवं अन्य बिन्दुओं पर निर्णय लिए जाने की स्वीकृति दी गई है।

इसके अलावा राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू सहायक शिक्षकों के पूर्व से सृजित 3712 पदों का प्रत्यर्पण करते हुए प्रथम चरण में उर्दू के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 3287 पद तथा मध्य विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1052 पद कुल 4339 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। डालटनगंज न्यायमंडल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की संशोधित धारा-14 (1) के प्रावधानों के अन्तर्गत दर्ज वादों के त्वरित विचारण के लिए विशेष न्यायालय के गठन की स्वीकृति दी गई।

उग्रवादी और सीमा के रक्षार्थ शहीद होने वाले जवानों के परिवारों को मिलेगी नौकरी

एसटी/एससी केसों की सुनवाई के लिए डालटनगंज में विशेष न्यायालय का होगा गठन

कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय

- भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का मार्च, 2023 को समाप्त हुए अवधि का प्रतिवेदन को झारखंड विधानसभा के पटल पर आगामी सत्र में रखने की स्वीकृति दी गई।
- **झारखंड वित्त (अंकेक्षण एवं लेखा) सेवा नियमावली-2025 की स्वीकृति दी गई।**
- सेवा से नदारद डॉ। कुमारी रेखा, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुसाबनी, जमशेदपुर को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- **सेवा से गायब डॉ रिना कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी (पैथोलॉजिस्ट), सदर अस्पताल, बोकारो को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।**
- डॉ वीणा कुमारी एम, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसमार, बोकारो को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- **झारखंड राज्य विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला अधीनस्थ चतुर्थ वर्गीय पद**
- विसरा कटर एवं प्रयोगशाला वाहक की भर्ती एवं अन्य सेवा शर्त नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- **राजकीय श्रावणी मेला- 2025 के मद्देनजर दिनांक-10.07.2025 से दिनांक-10.08.2025 तक 28 अस्थायी मेला ओपी एवं 19 अस्थायी यातायात ओपी के गठन की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।**
- राज्य के सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को न्यायालय द्वारा जारी सम्मन के क्रम में साक्ष्य देने के लिए किए गए यात्रा पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की समुचित व्यवस्था प्रदान करने के निमित्त विशेष शिक्षा सहायक आचार्य की नियुक्ति हेतु विशेष शिक्षा सहायक -आचार्य संवर्ग (नियुक्ति एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2025 की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

शेष पेज 11 पर

भारत व ब्रिटेन में हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

द्विपक्षीय कारोबार में दोनों देशों में 34 अरब डॉलर की होगी वृद्धि

99% भारतीय निर्यात पर ब्रिटेन में शुल्क नहीं लगेगा

भारत ब्रिटिश सामानों पर औसत टैरिफ को 15% से घटाकर 3% करेगा

ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत व ब्रिटेन व भारत ने 24 जुलाई को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। अनुमान लगाया जा रहा है कि सब कुछ ठीक रहा तो इससे दोनों देशों की बाजार पहुंच में सुधार होगा और वार्षिक द्विपक्षीय कारोबार में लगभग 34 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। अधिकारियों का कहना है कि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के लागू होने पर 99% भारतीय निर्यात पर ब्रिटेन में शुल्क नहीं लगेगा। भारत ब्रिटिश सामानों पर औसत टैरिफ को 15% से घटाकर 3% करेगा। वहीं ब्रिटिश कंपनियों के लिए तरह-तरह के महंगे दारू, व्हिस्की, कारों व अन्य उत्पाद भारत में निर्यात करना आसान हो जाएगा। इस तरह दोनों देशों के व्यापार- धंधे में वृद्धि हो सकती है। तीन साल की बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया जा सका है। अफसर कह रहे हैं कि भारत को लगभग 99 प्रतिशत उत्पाद श्रेणी के पूरी तरह शुल्क-मुक्त होने से फायदा होगा। इस बारे में भारत के नेता कह रहे हैं कि यह व्यापार समझौता भारत को कई क्षेत्रों में लाभ पहुंचाएगा। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर कहे हैं कि यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद यह ब्रिटेन द्वारा किया गया सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यापार समझौता है। शेष पेज 11 पर

भारत व ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता से भारत में क्या-क्या हो सकता है सस्ता

क्या -क्या हो सकता है फायदा ?

ब्यूरो/नई दिल्ली। भारत व ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) से भारत में निम्न वस्तुएँ सस्ती होने की संभावना हैं- स्कॉच व्हिस्की व जिन- इन पर लगने वाला आयात शुल्क तुरंत 150% से घटकर 75% हो जाएगा। अगले 10 सालों में इसे 40% तक कम कर दिया जाएगा। इससे स्कॉच व्हिस्की और जिन भारत में बहुत सस्ते हो जाएंगे। पीयक्कड़ों के मज़े हो जाएंगे।

- **लग्जरी कारें :** ब्रिटेन में बनीं लक्ज़री कारों पर आयात शुल्क 100% से ज्यादा घटकर कोटा मैकेनिज्म के तहत 10% तक आ जाएगा। इससे रोल्स-रॉयस, जगुआर, लैंड रोवर जैसी कारें काफ़ी सस्ती हो जाएंगी।जिससे धनी लोगों के मज़े हो जाएँगे।
- **सॉफ्ट ड्रिंक्स व कॉस्मेटिक्स :** ब्रिटेन से आयातित सॉफ्ट ड्रिंक्स व सौंदर्य प्रसाधन (कॉस्मेटिक्स) जैसे उत्पादों पर औसत टैरिफ 15% से घटकर 3% हो जाएगा। इससे खूब सॉफ्ट ड्रिंक पीने वालों और बहुत विदेशी कॉस्मेटिक्स यूज़ करने वाले भारतीयों के लिए कुछ और अच्छे दिन आ जाएँगे।
- **मेडिकल डिवाइसेस व एयरोस्पेस पार्ट्स :** भारत में मेडिकल डिवाइस व एयरोस्पेस पार्ट्स जैसे कई उत्पादों को ब्रिटेन से सस्ते दामों पर आयात किया जा सकेगा, जो भारतीय उद्योगों व लोगों के लिए लाभदायक होगा, लेकिन इससे सस्ता तो चीन का सामान आ रहा है।
- **इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद :** ब्रिटेन से आने वाले मोबाइल, लैपटॉप व अन्य गैजेट्स पर भी टैक्स कम होने की संभावना है। इससे वे सस्ते हो सकते हैं।
- **जूते, कपड़े और फैशन उत्पाद :** ब्रिटेन से आयात होने वाले जूते, कपड़े, फैशन से जुड़े सामान और चमड़े के उत्पादों पर भी शुल्क कम होगा। इससे इनकी कीमतें घटेंगी।

शेष पेज 11 पर

झारखंड डीजीपी की नियुक्ति का मामला

सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ करेगी सुनवाई

रांची(आईएएनएस)

झारखंड के मौजूदा डीजीपी अनुराग गुप्ता के पद पर बने रहने को असंवैधानिक बताने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के तीन न्यायाधीशों की पीठ अगले हफ्ते सुनवाई करेगी। यह मामला गुरुवार को चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं की अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने मेंशन किया।

इस पर अदालत ने याचिका को अगले बुधवार या गुरुवार को मामले को तीन जजों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर सहमति दी है। वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने अदालत में कहा कि डीजीपी के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के आदेशों के खिलाफ है। उन्होंने प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी राज्य में कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर रोक है। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि कार्यवाहक डीजीपी की व्यवस्था कानून और न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है। अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने कहा कि कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए अनुराग गुप्ता को पहले कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। फिर उन्हें इस पद पर नियमित कर दिया गया। राज्य सरकार ने उनका वेतन भी रोक दिया था और फिर शुरू कर दिया। ऐसे में डीजीपी को लेकर राज्य में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि 6 सितंबर 2024 को तत्कालीन सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ ने झारखंड के मुख्य सचिव से इस मामले में जवाब मांगा था। याचिका में आईपीएस अनुराग गुप्ता की कार्यवाहक डीजीपी के रूप में नियुक्ति को प्रकाश सिंह केस के फैसले का उल्लंघन बताया गया था। याचिका में यह भी कहा गया था कि आईपीएस अनुराग गुप्ता की कार्यवाहक डीजीपी के रूप में नियुक्ति अवमानना की श्रेणी में आती है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देते हुए झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी झारखंड हाईकोर्ट में शेष पेज 11 पर

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ में माओवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार को दंतेवाड़ा जिले में 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें से पांच माओवादियों पर कुल 17 लाख रुपए का इनाम घोषित था। यह आत्मसमर्पण बस्तर क्षेत्र में चलाए जा रहे 'लोन वर्राटू' और 'पुना मार्गेम' ऑपरेशन के तहत एक बड़ी कामयाबी के रूप में देखा जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उदित पुष्कर ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में शामिल बुधराम उर्फ लालू कुहराम पर 8 लाख रुपए का इनाम था। शेष पेज 11 पर

मुंबई ट्रेन विस्फोट : सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

मुंबई (आईएएनएस)

सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई ट्रेन विस्फोटों के सिलसिले में 12 आरोपियों को बरी करने से जुड़े बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का जेल से रिहा होने वाले आरोपियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस पर आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया।

आरोपियों में से एक वाहिद शेख ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सरकार की तरफ से याचिका दायर करने पर डर था कि कहीं वापस जेल न जाना पड़े।

- **आरोपियों की जेल से रिहाई पर कोई असर नहीं**

आरोपी वाहिद शेख ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि रिहाई और हाईकोर्ट के फैसले के दिन से हम सभी आरोपी खुश थे, सभी रिहा हो गए थे और हम अपने परिवारों से मिल गए थे। लेकिन, सरकार हमारी खुशी को एक दिन भी बर्दाश्त नहीं कर सकी। उन्होंने तुरंत सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। जब से उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, हमारे मन में बहुत तनाव था, हमें नहीं पता था कि क्या होगा। क्या हमें वापस जेल जाना पड़ेगा? क्या हमें फिर से गिरफ्तार किया जाएगा? इस घटना के तमाम आरोपी लगातार मेरे संपर्क में थे और मैं उन्हें आश्वस्त करता रहा। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जो फैसला आया है उससे अभी आरोपियों को जेल नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान अगर सुप्रीम कोर्ट कहता कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लो तो यह आश्चर्यजनक होता। बेगुनाह होते हुए 19 साल जेल में रहने के बाद अब आगे की कानूनी लड़ाई कितने साल चलेगी, इसको कोई नहीं बता सकता। यह बहुत दुखद है कि पुलिस ने इतने साल तक बेगुनाहों को जेल में रखा था।

शेष पेज 11 पर

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

रांची का सिमडेगा की बेटी अमीषा अब ओलंपिक रिंग में

रांची। सिमडेगा की 17 वर्षीय अमीषा केरकेट्टा का चयन सेनेगल में आयोजित होने वाले यूथ ओलंपिक गेम्स के कैंप के लिए हुआ है। अमीषा भारतीय टीम की ओर से बॉक्सिंग में हिस्सा लेंगी। अमीषा केरकेट्टा का चयन परिवार के लिए नहीं बल्कि पूरे झारखंड के खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।अमीषा का परिवार बेहद साधारण है। पिता एक छोटे किसान हैं और मां गृहिणी।

शेष पेज 11 पर

इंडिया कलाम की तरह चौंकानेवाले नामधारी होंगे उपराष्ट्रपति !

मीडिया खास तौर पर सोशल मीडिया में उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के रातों रात राष्ट्रपति भवन जाकर त्याग पत्र सौंपने की जितनी चर्चा हो रही है उतनी ही इस बात की भी कि देश के अगले सर्वोच्च पदानुक्रम में दूसरे नंबर पर कौन

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विराजमान होंगे ? सूत्रों के अनुसार इस बार भी चौंकाने वाला नाम सामने आने वाला है जैसा कभी एपीजे अब्दुल कलाम का आया था । उल्लेखनीय है कि सादगी के प्रतीक संत प्रवृति के विद्वान मिसाइलमैन कलाम सिर्फ अल्पसंख्यक समुदाय के नहीं थे बल्कि भारतीय संस्कृति का वह चेहरा थे जिनका राजनीतिक विरोध करने के लिए संभवतः कोई मुद्दा ही नहीं था । 10 जून 2002 की सुबह कई बार बज चुकी एना विश्वविद्यालय के ऑफिस की घंटी फिर बजी तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे जिन्होंने कहा - हम सभी ने मिलकर ये फैसला लिया है कि देश को एक राष्ट्रपति के रूप में आपकी जरूरत है। मुझे आज रात घोषणा करनी और आपकी तरफ से सिर्फ एक हां या ना की आवश्यकता है। वाजपेयी जी ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जवाब सुनने के बाद तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से बात की और सोनिया गांधी ने अपनी पार्टी और सहयोगी दलों से बातचीत के बाद 17 जून 2002 को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की राष्ट्रपति उम्मीदवारी को समर्थन देने की घोषणा कर दी। इस तरह एक सप्ताह बाद 18 जुलाई 2002 को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की और 25 जुलाई 2007 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। सूत्रों के अनुसार चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है और कल तक चुनाव प्रक्रिया की घोषणा भी की जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव और ब्रिटेन के दौरे से वापस लौटने के बाद नए उपराष्ट्रपति नाम पर आधिकारिक मुहर लग जाएगी। जगदीप धनखड़ के अचानक रहस्यमय इस्तीफा देने से राजनीतिक सरगर्मी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चर्चा हुई जिन्होंने पिछली बार ही उपराष्ट्रपति पद के लिए मना कर दिया था। जेपी नड्डा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और दो मंत्रालय को देख रहे हैं। उनकी संभावना भी कम लग रही है। प्रखर पत्रकार और निर्विवाद उपसभापति हरिवंश के अलावा नीतीश कुमार की भी चर्चा हुई पर उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार उपराष्ट्रपति बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान हो सकते हैं जिनके चयन में भाजपा, आरएएस तक सहमत हैं। ये भारतीय जनता पार्टी के लिए दूसरे एपीजे अब्दुल कलाम हो सकते हैं। जातीय समीकरण से लेकर अन्य सवाल राजनीतिक पार्टियों की ओर से उठाए जाते हैं। ऐसे में अलीगढ़ विश्वविद्यालय के वाइस चासंलर और केंद्र में मंत्री और केरल और बिहार में राज्यपाल भी रहे संविधान की गहरी जानकारी है वो एक प्रोग्रेसिव और थिंकिंग मुस्लिम चेहरा हैं। वो रूढिवाढ़ी और कट्टरपंथ के खिलाफ रहते हैं। भारतीय सोच और संस्कृति के बड़े पैरोकार और कुशल वक्ता रहे हैं। कांग्रेस के लिए एक अप्रिय प्रसंग शाहबानो केस में आरिफ मोहम्मद ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन किया था। लेकिन, राजीव गांधी ने कानून लाकर फैसले को पलट दिया था। संसद में आरिफ मोहम्मद ने जमकर विरोध किया था और मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान को आगे किया था। खान ने अपने विचारों को लोकसभा में खुलकर रखा था। आरिफ मोहम्मद ने मौलाना आजाद के विचारों से अपने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा था कि कुरान के अनुसार किसी भी हालत में तालकशुदा औरत की उचित व्यवस्था की ही जानी चाहिए। हम दबे हुए लोगों को ऊपर उठाकर ही कह सकेंगे कि हमने इस्लामिक सिद्धांतों का पालन किया है और उनके साथ न्याय किया है। वर्तमान में वक्फ का मसला चल रहा है। वो वक्फ में बदलाव के पक्ष में हैं। वक्फ के खिलाफ उन्होंने बड़े तार्किक बयान भी बीते दिनों दिए कि वक्फ में बदलाव की क्यों आवश्यकता है। मतलब आइडियोलॉजिकल रूप से तो मुफीद हैं ही वहीं राजनीतिक रूप से भी एकदम फिट बैठ रहे हैं। सेक्युलर पार्टियों को भी बड़ा झटका लग जाएगा। कलाम साहब जब चुनाव में आए बहुत सारे लोगों की राय बदल गई और उन्हें मजबूरन वोट करना पड़ा। इस नाम के आते ही ममता, कांग्रेस के अंदर भी और राजद के अंदर भी दो मत दिखेंगे। एक तरह का मैसेज भी चला जाएगा। सरकार की गरिमा भी बढ़ेगी। एंटी मुस्लिम छवि बानने की कोशिश को भी धक्का लगेगा। जिहाद, कट्टरपंथ के खिलाफ खुलकर बोलने वाले विद्नान और बहुत बड़े स्कॉलर का उपराष्ट्रपति बनना भाजपा के लिए सबसे बेहतर रहेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनके नाम पर मुहर लग गई है और बस पीएम मोदी के वापस लौटने पर इनके नाम की घोषणा कर दी जाएगी। वैसे राजनीति और 20-20 क्रिकेट में पक्की भविष्यवाणी कोई भी नहीं कर सकता ।

धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी की संस्थाओं पर पड़े छापे

नई दिल्ली (आईएएनएस)

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को 3,000 करोड़ रुपए के यस बैंक लोन धोखाधड़ी मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह से संबंधित 35 से ज्यादा परिसरों, 50 कंपनियों और 25 से अधिक लोगों के कई ठिकानों पर छापे मारे हैं।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के बाद, ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध की जांच शुरू कर दी।

सूत्रों के अनुसार, इस मामले में नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए), बैंक ऑफ बड़ौदा जैसी अन्य एजेंसियों और संस्थानों ने भी ईडी के साथ जानकारी साझा की। ईडी की प्रारंभिक जांच में बैंकों, शेयरधारकों, निवेशकों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों के साथ धोखाधड़ी करके जनता के पैसों को इधर-उधर करने/निपटाने की एक सुनियोजित और सोची-समझी योजना का खुलासा हुआ है। साथ ही, यस बैंक लिमिटेड के प्रमोटर सहित बैंक अधिकारियों को रिश्वत देने का अपराध भी जांच के दायरे में है। प्रारंभिक जांच में यस बैंक से (2017 से 2019 तक) लगभग 3,000 करोड़ रुपए के अवैध लोन डायवर्जन का पता चला है। ईडी ने पाया है कि लोन स्वीकृत होने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रमोटरों को पैसा दिया गया था। एजेंसी रिश्वतखोरी और लोन के इस गठजोड़ की भी जांच कर रही है। नियामक ने अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों शेष पेज 11 पर

रेल मंत्री से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

रांची से सिल्ली, मुरी और हजारीबाग के लिए भी मांगी पैसेंजर व शटल ट्रेन

नवीन मेल संवाददाता

- अहमदाबाद, जयपुर ऋषिकेश, हरिद्वार के लिए नई ट्रेन परिचालन का आग्रह
- 4200 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाओं के लिए केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार जताया

रांची। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान श्री सेठ ने रांची लोकसभा क्षेत्र में 4200 करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाओं के लिए उनके प्रति आभार जताया। विशेष रूप से वर्षों से लंबित सिल्ली इलू रेल लाइन के निर्माण की दिशा में रेलवे के द्वारा उठाए गए कदम को लेकर उन्होंने धन्यवाद प्रकट किया। मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री से झारखंड की राजधानी रांची से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए सीधी ट्रेन सेवा और रांची के आसपास के स्टेशनों व सुदूरवर्ती क्षेत्र से पैसेंजर शटल ट्रेन के परिचालन का आग्रह भी किया। श्री सेठ ने रेल मंत्री को बताया कि रांची झारखंड की राजधानी है और यहां के रेलवे स्टेशन से रांची सहित आसपास के दर्जन भर से अधिक जिलों और दो-तीन राज्यों से जुड़े लोग ट्रेन पकड़ने के लिए आते हैं। यही से उनकी यात्रा शुरू होती है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी रांची देश के कई प्रमुख शहरों से नहीं जुड़ सका है, जिससे यहां के नागरिक अपनी यात्रा के दौरान काफी परेशानी उठाते हैं। विद्यार्थी, किसान, नौकरी पेशा से जुड़े लोग, व्यवसाय से जुड़े लोग, पर्यटक, विभिन्न बीमारियों का इलाज कराने वाले लोग रांची से दक्षिण भारत, गुजरात, राजस्थान, हरिद्वार, ऋषिकेश जैसे राज्यों और शहरों की यात्रा को जाते हैं परंतु रांची से सीधी ट्रेन सेवा नहीं होने के कारण उन्हें समस्या होती है। ऐसे क्षेत्र के लिए रांची से सीधी ट्रेन सेवा चालू हो तो यात्रियों को काफी लाभ होगा। उनका समय बच सकेगा। राजधानी रांची देश के कई शहरों से सीधा जुड़ सकेगी और रेलवे को राजस्व भी प्राप्त होगा। श्री सेठ ने रांची से सिल्ली, मुरी, हजारीबाग के लिए पैसेंजर व शटल ट्रेन के परिचालन का भी आग्रह किया है। वही श्री सेठ ने रेल मंत्री को रांची लोकसभा क्षेत्र में पूर्ण हो चुके रेलवे ओवरब्रिज, रेलवे अंडरपास के लोकार्पण कर चालू करने का आग्रह भी किया और लंबित पड़ी विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी देते हुए इसे तेज गति से पूर्ण करने के लिए निर्देशित करने का सुझाव दिया। मुलाकात के क्रम में संजय सेठ ने रेल मंत्री से रांची से पूरे झारखंड में रेल यात्री सुविधाओं के अब तक हुए विस्तार की जानकारी दी और भविष्य में भी यहां रेल क्षेत्र के विकास का विश्वास जताया। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रेल मंत्री ने उनकी सारी बातों को गंभीरता से सुना है और इस पर सकारात्मक पहल करने की बात भी कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नेतृत्व में रांची सहित पूरे झारखंड को रेल मंत्रालय में कई सौगातें दी है। वर्षों से लंबित पड़ी योजनाओं पर काम हुए हैं। आधी अधूरी योजनाएं पूर्ण हो रही है। कई नई परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। बहुत जल्द ही रांची लोकसभा क्षेत्र को रेलवे की तरफ से और भी कई सौगातें दी जाएंगी। इस मुलाकात में रक्षा राज्य मंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री को जो आग्रह पत्र सौंपा है।

टीबी सैंपल ट्रांसपोर्टेशन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

टीबी मरीजों के सैंपल की परिवहन सेवा अब डाक विभाग करेगा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम (टीबी) के तहत अब टीबी मरीजों के सैंपल की परिवहन सेवा डाक विभाग के माध्यम से की जाएगी। इस संबंध में राज्य सरकार और डाक विभाग के बीच एमओयू किया गया है। इस पहल की औपचारिक शुरुआत गुरुवार को अपराह्न 1 बजे रांची सदर अस्पताल के टीबी बाह्य विभाग (द्वितीय तल) में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने किया। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. एस. बास्की, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि टोप्पो, डाक विभाग के प्रतिनिधि राकेश कुमार राय, जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) एवं अन्य टीबी कर्मी उपस्थित रहे।

सैंपल ट्रांसपोर्टेशन की नई व्यवस्था : टीबी मरीजों के सैंपल को रांची के ईटकी स्थित इंटरमीडिएट रेफरल लैब तक डाक विभाग के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर से संबंधित क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से भी सैंपल एकत्र कर आईआरएल ईटकी भेजे जाएंगे। यह पहल टीबी जांच प्रक्रिया को तेज और सुलभ बनाएगी, जिससे समय पर निदान और इलाज सुनिश्चित किया जा सकेगा।

अधिवक्ता बक्शी अयोध्या प्रसाद का निधन

रांची। रांची सिविल कोर्ट के जाने माने अधिवक्ता बक्शी अयोध्या प्रसाद का गुरुवार को रिंची ट्रस्ट हॉस्पिटल में निधन हो गया. अयोध्या बाबू रांची में सिविल मामलों के प्रसिद्ध वकील थे।

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के सावन मेले का समापन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का तीन दिवसीय सावन मेले के तीसरे दिन मेले में काफी भीड़ रही । सुबह से ही लोगों का आना जाना लगा रहा। तीसरे दिन मेले में काफी ऑफर दिए गए। लोगों ने जम कर अपनी मन पसंद चीजों की खरीदारी की। मेले में लोगों को जहां खूबसूरत राखी पसंद आ रही थी, वही सबको ज्वेलरी, कुर्ती व गिफ्ट आइटम भी काफी पसंद आ रहे थे। संयोजिका विनीता बिहानी, श्वेता भाला, सरिता बथवाल, सपना सिंघानिया ने मेले में काफी मेहनत की। मेले का समापन समारोह प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया के हाथों संपन्न हुआ। साथ ही महामंत्री दीपक गोयंका, मंडलियों उपाध्यक्ष आशीष, कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया भी शामिल हुए। मेले में बेस्ट सेल्समैनशिप का हेल्थी बाइट को बेस्ट डिस्प्ले सरोज को मिला और बेस्ट सेल बबीता को मिला। विशाल पाड़िया ने सभी विनर्स को बधाई दीऔर सभी स्टॉल धारको को धन्यवाद दिया। सभी उद्यमी काफी खुश थी। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, सचिव शुभव अग्रवाल, संयोजिका विनीता बिहानी, श्वेता भाला, सरिता बथवाल एवं सपना सिंघानिया, सुमिता लाठ, पूजा सारावगी, कविता सोमानी, कविता जालान, दीपिका मोतिका, रंजु मालपानी, कृष्णा अग्रवाल उपस्थित थी।

विधानसभा में झारखंड व्यक्तित्व सम्मान समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुरुवार को झारखंड विधानसभा सभागार में बिरसा वाणी मुख्य समाचार पत्र के तत्वाधान में झारखंड व्यक्तित्व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के वैसे व्यक्तित्व को सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज में उत्कृष्ट कार्य किया है। जिसमें लहू बोलेगा के नदीम खान, भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ के केंद्रीय सचिव सैयद मोहम्मद राशिद हुसैन को विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान भी मौजूद रहे।

चिकित्सकों की बैठक में स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संकल्प, बोले सुदेश

स्वस्थ झारखंड के लिए भूमिका निभाएं चिकित्सक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने आह्वान किया है कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सक समुदाय को आगे आना होगा। झारखंड को एक स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित राज्य बनाने में चिकित्सकों को अहम भूमिका निभानी होगी। श्री महतो ने बरियातू स्थित डेंसिटी हेयर ट्रीटमेंट सेंटर में पार्टी से जुड़े चिकित्सकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता काफी कम है। बैठक को पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, मुख्य प्रशिक्षक संजय बसु मल्लिक एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी संबोधित किया। बैठक में स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संकल्प लिया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया। श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर नहीं है। राज्य में खाट पर मरीजों को ढोया जा रहा है। नीति आयोग द्वारा जारी स्वास्थ्य सूचकांकों में झारखंड का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में पीछे है। श्री महतो ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहाँ प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की कमी आज भी एक गंभीर चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों की कमी, चिकित्सकों की अनुपस्थिति और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव जनता को बेबस कर देता है। आजसू पार्टी इस स्थिति को बदलने के लिए कटिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक झारखंडी को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। बैठक में डॉ पार्थ परितोष, डॉ संतोष मोदी, डॉ अरुण कुमार, डॉ प्रतीक, डॉ कुंदन, डॉ अभिषेक, डॉ अंबुज, सुमंत मोदी, अमरदीप कुमार, यश चौधरी, शिवम कुमार, शिवलोक सिंह, रौशन कुमार, अभिरंजन तिवारी, मो कैफ आदि उपस्थित थे।

अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने पर भाजपा का कड़ा ऐतराज

रांची। भाजपा ने अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक रखने के हेमंत सरकार के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस निर्णय को तुच्छ मानसिकता और विकृत राजनीतिक सोच का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जब भी झारखंड में विकास की दिशा में कोई सकारात्मक पहल होती है, झामुमो सरकार उसे नकारात्मक विवादों में बदलने का प्रयास करती है। साह ने कहा कि आयुष्मान भारत और अटल मोहल्ला क्लिनिक जैसी योजनाएं भाजपा की क्रांतिकारी सोच की देन है, जिन्होंने गरीबों और आम लोगों के स्वास्थ्य अधिकारों को सशक्त किया। लेकिन हेमंत सरकार इन योजनाओं को अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए अपमानित और विकृत कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड राज्य के निर्माता रहे हैं और उनका नाम झारखंड के जन-जन की स्मृतियों से जुड़ा है। अटल जी का नाम हटाकर राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करना केवल एक भारतरत्न का नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की आत्मा का अपमान है। अजय साह ने सरकार को सुझाव दिया कि यदि वह कोई नई स्वास्थ्य योजना शुरू करना चाहती है तो उसमें नए नामकरण की पूरी स्वतंत्रता है, लेकिन पहले से स्थापित और लोकप्रिय योजनाओं का नाम बदलकर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा करना ओछी और दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है।

राज्यस्तरीय प्रथम 'लिटिल चैम्प' फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

शिक्षा मंत्री करेंगे प्रतियोगिता का उद्घाटन

- पूरे प्रदेश से 576 बालक-बालिका खिलाड़ी होंगे आयोजन में शामिल
- बीआईटी में होगा उद्घाटन समारोह

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य में पहली बार कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों के लिए "प्रथम राज्य स्तरीय लिटिल चैम्प फुटबॉल प्रतियोगिता" का आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक आयोजन बीआईटी मेसरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के फुटबॉल ग्राउंड में होगा, जिसका भव्य उद्घाटन शुक्रवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन करेंगे। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी 24 जिलों से चयनित 576 प्रतिभागी (288 बालक एवं 288 बालिका) भाग लेंगे। यह पहल नौनिहालों को खेल विशेषकर झारखंड की पहचान बन चुके फुटबॉल के क्षेत्र में प्रारंभ से ही प्रशिक्षित कर उन्हें भविष्य का पेशेवर खिलाड़ी बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है।

बच्चो का किटबैग देकर किया स्वागत

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव धीरसेन सोरेंग ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चो को पंजीकरण उपरान्त किट बैग देकर उनका स्वागत किया। नन्हे बच्चो के आंखो में जीत का जूनून और खेल के प्रति उनका आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था।

राज्य के कोने-कोने से पहुंचे नन्हे-मुन्ने खिलाड़ियों की उत्सुकता,उत्साह और उल्लास का नज़ारा पंजीयन के समय देखते बन रहा था । संध्या 8 बजे तक 24 जिलों से आए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन पूरा हो गया था । विद्यालय स्तर पर बनी 12 खिलाड़ियों की टीम अपने अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रखंड एवं जिला में विजेता बनकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं।

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने बताया कि यह प्रतियोगिता विशेष रूप से सरकारी विद्यालयों के ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतिभाशाली बच्चों के लिए एक अवसर है, जिससे उन्हें शुरुआती उम्र में ही तराशा जा सके। ऐसे खिलाड़ी भविष्य में राज्य ही नहीं, देश का भी प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

हर किसान 10 नए किसानों को जोडें लाह उत्पादन से : कृषि मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखंड के हर परिवार को लाह उत्पादन से जुड़ना चाहिए, क्योंकि यह किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत जरिया बन सकता है। मंत्री गुरुवार को झारखंड राज्य सहकारी लाह क्रय-विक्रय और आहरण संघ लिमिटेड (झास्को लैंपफ) के सहकारिता समागम को संबोधित कर रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को प्रेरित किया। मंत्री ने कहा कि झारखंड देश का 55 प्रतिशत लाह उत्पादन करता है और एक किलो लाह की कीमत 1200 रुपये तक होती है।

इससे किसानों को अच्छी आमदनी हो सकती है। उन्होंने बताया कि सिडको फेड की ओर से 10 हजार और झास्को लैंपफ की ओर से दो हजार किसानों को प्रशिक्षण देने की योजना है। उन्होंने किसानों से अपील किया कि वे 10-10 नए किसानों को लाह उत्पादन से जोड़ें और गांवों में क्रांति लाएं। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण, कांफ्रेंस हॉल और भंडारण केंद्र का शिलान्यास एवं लैक संग्रहालय का उद्घाटन भी किया गया। मंत्री ने लाह से बनी चूड़ियों के स्टॉल का भ्रमण किया। समारोह में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया और टूल किट्स का वितरण किया गया। इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप भी मौजूद थे। कार्यक्रम में सहयोग समिति के निबंधक शशि रंजन, विशेष सचिव प्रदीप हजारी, झास्को लेंप के एमडी प्रकाश कुमार, सिडको फेड के एमडी राकेश कुमार, वेजफेड अभिनव मिश्रा सहित अन्यअधिकारी मौजूद थे।

डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों का बलिदान अबभी अधूरा है : मंत्री

रांची। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को मेकॉन स्थित शहीद स्थल और त्रिमूर्ति चौक पर डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों संतोष कुंकल, विनय तिग्गा और कैलाश कुजूर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि डोमिसाइल आंदोलन के महानायकों का बलिदान आज भी अधूरा है। उन्होंने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के लिए यह संघर्ष झारखंड के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। वे खुद इस आंदोलन और इस स्थल से भावनात्मक रूप से जुड़ी है। इन शहीदों की कुर्बानी को राज्य को सम्मान देना ही होगा। तिर्की ने स्पष्ट कहा कि हेमंत सरकार ने 2023 में सदन से 1932 आधारित स्थानीय नीति पास कर राजभवन भेजा, लेकिन आज भी निर्णय लंबित है। शहीद स्मारक समिति की मांगों का समर्थन करते हुए उन्होंने शहीदों को आधिकारिक शहीद का दर्जा देने। और परिजनों को सरकारी सुविधाएं देने की बात कही। मंत्री ने यह मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का भरोसा भी दिलाया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से संजय तिग्गा, बेलस तिर्की, शिवा कच्छप, जगदीश लोहरा, दीपू सिन्हा, जलील अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

रांची। डोमिसाइल आंदोलन के शहीद कैलाश कुजूर, विनय तिग्गा, और संतोष कुंकल की 23वीं पुण्यतिथि पर मेकॉन कॉलोनी स्थित त्रिमूर्ति चौक पर माल्यार्पण किया गया। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक और केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने करते हुए कहा कि स्थानीय नीति को लागू करने के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे।

आरसीएच कैंपस में 28 जुलाई तक लगा है स्वास्थ्य मेला

- एक हजार से अधिक लोगों ने लिया मेले का लाभ
- स्वच्छता कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों और उद्देश्यों से आमजनों को अवगत कराने के लिए नामकुम स्थित आरसीएच परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में एनएचएम के कुल 43 स्टॉल लगाये गये हैं। इसमें एलोपैथ, आयुर्वेद और होमियोपैथ चिकित्सा पद्धति के माध्यम से मरीजों को स्वास्थ्य सलाह, जांच और निःशुल्क दवाइयां दी जा रही है। चिकित्सा शिविर में एक्सरे, ईसीजी, बीपी, शुगर, मुख रोग, बहरापन, नेत्र जांच, सिकल सेल जैसे जांच भी किए जा रहे हैं। गुरूवार को मेले का तीसरा दिन था। मेले में आमजन बढ़-चढ़ का हिस्सा ले रहे हैं। यह मेला 28 जुलाई तक चलेगा। मेले में आयुष स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद पद्धति से 83, होमियोपेथ से 60, युनानी से 35, योग से 33 लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श और निशुल्क औषधि प्राप्त की। वैक्टर जनित रोग स्वास्थ्य शिविर में 43 लोगों ने मलेरिया और डेंगू से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की और बचाव के तरीके जाने। 3 लोगों ने अपना मलेरिया टेस्ट कराया। 40 लोगों ने आयुष्मान और अबुवा स्वास्थ्य का कार्ड व 8 लोगों ने अपना आभा कार्ड बनवाया। 8 लोगों ने अपना आभा कार्ड बनवाया। 133 लोगों ने अपनी आँखों की जांच करायी, 73 लोगों को चश्में का वितरण किया गया और 20 लोगों को दवा उपलब्ध कराई गई। 62 लोगों ने एक्सरे कराकर टीबी की जांच कराई, जिसमें 2 लोगों में टीबी के लक्षण पाये गये। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों ने अपने स्वास्थ्य जांच करायी। 30 वर्ष से अधिक आयु के 98 लोगों ने अपने शुगर और बीपी की जांच करायी। 60 वर्ष से अधिक आयु के 76 लोगों को चिकित्सकों ने ओपीडी के माध्यम से स्वास्थ्य सलाह और दवा दी। 160 लोगों के बीच निरोध, 58 माला एन, 42 छाया का वितरण किया गया। मेले में आनजन बढ़चढ कर हिस्सा ले रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अभियान निदेशक श्री शशि प्रकाश झा ने आम लोगों से मेले में अपना स्वास्थ्य जांच और परामर्श लेने का आग्रह किया है।

आईपीएच सभागार में गुरूवार को पीसीपीएनडीटी और जेन्डर बेस्ड वॉयलेंस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ सिद्धार्थ सान्याल थे। कार्यक्रम में डॉ कमलेश, डॉ नसरीन जमाल पीसीपीएनडीटी की राज्य समन्वयक रफत फरजाना ने प्रशिणार्थियों को पीसीपीएनडीटी की कार्य योजना और कानूनी पहलुओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में जेन्डर बेस्ड वॉयलेंस को रोकने और कारवाई से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीएचओ, सहिया साथी, पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति के एनजीओ प्रतिनिधी ने हिस्सा लिया।

क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

स्वास्थ्य मेले में क्विल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 70 से अधिक स्वास्थ्य सहियाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन परिवार नियोजन कोषांग की ओर से किया गया था। आरोग्य जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 52 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें बच्चों का वजन, बीएमआई, कान, आँख, दाँत और एनीमिया जांच की गई। जांच के बाद बच्चों को उनके मनपसंद का नाश्ता भी करवाया गया। शिशु स्वास्थ्य कोषांग की ओर से बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया और विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया।

डीएसपीएमयू में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में बीते 19 जुलाई की शाम असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर छात्र संगठनों ने नाराजगी जतायी है। अबुआ अधिकार मंच, एनएसयूआई, जेसीएम, आजसू, हिंदू छात्र संघ, झारखंड छात्र दल एवं झारखंड ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधियों ने इसे विवि की लापरवाही बताते हुए कुलपति को ज्ञापन सौंपा। छात्र प्रतिनिधियों का कहना था कि सुनियोजित रूप से कुछ बाहरी असामाजिक तत्वों को जानबूझकर परिसर में प्रवेश दिलाया गया। इन्होंने परिसर में धूम्रपान, गाली-गलौज, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति अभद्रता एवं गंभीर अनुशासनहीनता जैसे कृत्यों को अंजाम दिया। घटना सीसीटीवी में कैद है, जिसमें संबंधित महिला कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध दिखाई दे रही है। छात्रों ने कहा, यदि 24 घंटों के अंदर आरोपित महिला कर्मचारी को सेवा से निष्कासित नहीं किया गया तो छात्र संगठन विश्वविद्यालय को अनिश्चितकालीन रूप से बंद करने के लिए बाध्य होंगे।

सरला बिरला स्कूल में 'इंद्रप्रस्थ' 2025 का हुआ शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को समर्पित तीन दिवसीय इंटर-स्कूल कॉमर्स फेस्ट -'इंद्रप्रस्थ 2025' का शुभारंभ हुआ। रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा मार्गदर्शक शिक्षकों द्वारा पूर्ण निष्ठा, रचनात्मकता एवं उत्साह के साथ किया गया। कॉमर्स फेस्ट 'इंद्रप्रस्थ' का मूल उद्देश्य छात्रों में व्यावसायिक दृष्टिकोण, वित्तीय साक्षरता और उद्यमशील कौशल को प्रोत्साहित करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विविध रोचक, ज्ञानवर्धक और चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जो विद्यार्थियों की तार्किक सोच, सृजनात्मकता और टीम भावना को उभारने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई थीं। फेस्ट के पहले दिन 'बुल एंड बियर' प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने शेयर बाजार की अनिश्चितताओं, उतार-चढ़ाव और व्यापारिक रणनीतियों का रोमांचकारी अनुभव प्राप्त किया। दूसरे दिन 'बिडिंग वॉर्स' प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों को सौदेबाजी की कला में पारंगत होने तथा नवाचार से युक्त उत्पाद प्रस्तुति में अपनी रचनात्मकता और रणनीतिक सोच का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। तीसरे दिन की गतिविधियाँ -'एस्केप रूम' और 'हैच पिच' विद्यार्थियों की रणनीतिक क्षमता, समस्या-समाधान कौशल तथा टीमवर्क को उजागर करने के उद्देश्य से आयोजित की जाएंगी। इन रोचक प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागी व्यापारिक चुनौतियों के बीच समाधान खोजने की दक्षता अर्जित करेंगे तथा नवोन्मेष की प्रेरणा से युक्त प्रस्तुति देने का अनुभव प्राप्त करेंगे। इस वाणिज्यिक महोत्सव में रांची और आसपास के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया। गुरुवार के आयोजन बुल एंड बियर के विजेताओं में प्रथम - दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची व तृतीय - डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल रहा।

एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे लगी सिग्नल लाइट चर्चा में

जहां न पहुंचे सूर्य का प्रकाश वहां लगे हैं सोलर ऑपरेटेड सिग्नल

मनोज मिश्रा

रांची। रातू रोड को जाममुक्त कराने में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण मील का पत्थर साबित हुआ है, लोगों को काफी सहूलियत हुई है और बड़े आराम से पिस्का मोड़ से कचहरी चौक तक सफर कर रहे हैं। वहीं रातू रोड में पिस्का मोड़ से लेकर किशोरी सिंह यादव चौक तक लगे दर्जनों पिलर ऑपरेटेड सिग्नल काम नहीं कर रहे हैं। आईए जानते क्या है मामला और लोगों में कैसी है चर्चा। एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण रांची में ऐतिहासिक है। वहीं रातू रोड में लगा सिग्नल लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल पिलर ऑपरेटेड सिग्नल लोगों की सहूलियत के लिए लगाए गए हैं यह एक ऐसा सिग्नल है जो एक खंभे पर लगा होता है और इसका उपयोग सुरक्षित रूप से चलने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए किया जाता है। यहां लगा पिलर ऑपरेटर सिग्नल सौर ऊर्जा से चार्ज होकर काम करेगा मगर सूर्य का प्रकाश सोलर प्लेट तक पहुंचे तब तो चार्ज हो। इसे ऐसी जगह पर लगाया गया है जहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंच रहा है क्योंकि इसके ठीक ऊपर फ्लाईओवर है अब जब सूर्य का प्रकाश ही नहीं पहुंचेगा तो पिलर ऑपरेटर सिग्नल कैसे काम करेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने एनएचएआई की जीएम एकता कुमारी से सवाल पूछने के लिए दूरभाष पर संपर्क किया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने रातू रोड निवासियों से बात की और जाना की स्तंभ संचालित संकेत का लाभ ट्रैफिक में किस प्रकार से लोगों को मिल रहा है।

- दुकानदार नंदकिशोर प्रजापति ने बताया कि सूर्य का प्रकाश ही नहीं मिलता है तो जलेगा कैसे। यह जनता के पैसे की बर्बादी है।

- शशि कुमार यादव ने बताया कि जब लगाया गया था उस समय कुछ समय के लिए लाइट जल रहा था उसके बाद से लगातार बंद है।

- राम सिंह यादव ने कहा कि पिलर ऑपरेटेड सिग्नल गलत ढंग से लगाया गया है इसमें सुधार होनी चाहिए।

- राम बचन पांडे ने कहा कि पिलर ऑपरेटेड सिग्नल काम नहीं कर रहा है। इसे लगाने से किसी को कोई फायदा नहीं है।

- सुनील यादव ने कहा कि इसे ठीक जगह पर लगाया गया होता तो इसका लाभ सभी को होता।

ऑनलाइन पोर्टल ऑन नहीं जनता का नहीं हो रहा कोई काम

रांची। हम सब तकनीकी युग में जी रहे हैं जहां सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों में कंप्यूटर द्वारा काम किया जा रहा है और सबके हाथ में स्मार्टफोन है। इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले पूरे विश्व में हम दूसरे देश हैं मगर सरकारी व्यवस्था कभी इस तरह लाचार हो जाती है कि आम आदमी तक सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसा ही मामला फसल बीमा और झारभूमि के पोर्टल में देखने को मिल रहा है। झारखंड की मानसून की स्थिति को देखते हुए किसान अपनी फसलों का बीमा करना चाहते हैं और इसके लिए घंटों लाइन में भी लगे रहते हैं बावजूद इसके उनके फसलों का बीमा नहीं हो पा रहा है क्योंकि उनके मोबाइल पर सरकार के पोर्टल द्वारा ओटीपी नहीं जा रही है। फसल बीमा के लिए 31 जुलाई तक का ही अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है इससे किसान बेचैन है। वहीं जमीन संबंधी मामलों के लिए अधिकृत वेबसाइट झारभूमि कभी-कभार ही खुलता है, जिससे लोग अपना आवेदन, संबंधित दस्तावेज अपलोड नहीं कर पा रहे हैं।

फिल्म 'दबंग दूल्हा' की शूटिंग रांची व पतरातु में शुरू

रांची। रांची पतरातु में फिल्म 'दबंग दूल्हा' की शूटिंग चल रहा है। फिल्म के चार गानों की शूटिंग हो चुकी है। फिल्म का एक्टर धर्मेन्द्र उपाध्याय हैं जो मध्य प्रदेश मुरैना जिला से हैं। हिरोइन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस काजल सिंह हैं। फिल्म में जो गाने गाए गए हैं उसका सिंगर सुजीत सिंह हैं। वहीं संतोष सिंह, पिंटू सिंह, उदय सिंह, विजय सिंह अन्य लोगों के नेतृत्व में शूटिंग चल रही है।

बदहाल है गोरखपुर का एयरपोर्ट : संतोष अग्रवाल

रांची। वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल ने बताया कि गोरखपुर एयरपोर्ट में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के स्टॉफ भी 40 डिग्री गर्मी से बेहाल रहते हैं। यात्रियों को चेकिंग करके खड़ा कर दिया ताकि दूसरी फ्लाईट के यात्रियों को अंदर बैठने की जगह मिल सके। इतनी धूप में प्लेन करीब 100 मीटर की दूरी पर खड़े होते हैं और जो सीढ़ी लगी होती है उस पर कवर नहीं होता जिससे एक-एक यात्री बहुत धीरे-धीरे ही अंदर जा पाते हैं। बच्चे हो या बूढ़े सभी धूप में लाइन में काफी देर तक खड़े रहते हैं । सीएम योगी उड्डयन मंत्रालय और रांची के सांसद, देश के राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए।

सीसीएल का कुजू क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवददाता

रांची। सीसीएल के कुजू क्षेत्र में गुरुवार को शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिकायत निवारण शिविर के दौरान सीसीएल के कुजू क्षेत्र में कुजू एवं हजारीबाग एरिया के लंबित मामलों के निपटान और कंपनी के कर्मचारियों, कर्मचारियों के आश्रितों, ठेका श्रमिकों एवं अन्य हितग्राहियों की शिकायतों के

समाधान हेतु बैठक हुई।
इस शिविर में कुल 25 शिकायतें दर्ज की गई। इस शिविर में प्राप्त शिकायत ज्यादातर सीएमपीएफ, पेंशन, सेवानिवृत बकाया राशि के भुगतान से संबंधित थी एवं इसके अलावा कुछ नौकरी/सेवा मामले तथा ठेका श्रमिकों से संबंधित थी। संबंधित क्षेत्र के शिकायतकर्ताओं के लंबित मामलों को जानने के बाद कुछ मामलों का समाधान किया गया एवं शिकायतों के समयबद्ध और विशिष्ट समाधान का आश्वासन दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों तथा अन्य हितधारकों की शिकायतों का त्वरित समाधान था। इस शिविर में सीसीएल मुख्यालय कविता गुप्ता, महाप्रबंधक, संजय कुमार चौबे, गौतम चौधरी, मुख्य प्रबंधक), राजीव कुमार सिन्हा, तथा श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि थें।

शिक्षा में इंडीजीनस नॉलेज सिस्टम की प्रासंगिकता पर परिचर्चा

पारंपरिक ज्ञान परंपरा शिक्षा प्रणाली के लिए मार्गदर्शक : डॉ मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आईक्यूएसी सेल द्वारा आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के चौथे दिन "शिक्षा में इंडीजीनस नॉलेज सिस्टम की प्रासंगिकता" विषय पर तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य फोकस नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन एवं पारंपरिक ज्ञान के प्रोत्साहन पर केंद्रित था। इस अवसर पर स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह ने रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता की। अपने संबोधन में डॉ.मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि जनजातीय भाषाएं, लोक-संस्कृति एवं पारंपरिक ज्ञान परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत होने के साथ-साथ भविष्य की शिक्षा प्रणाली के लिए भी मार्गदर्शक हो सकती हैं। उन्होंने शिक्षा के पाठ्यक्रमों में इन तत्वों के समावेशन की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि समसामयिक संदर्भों में इनकी उपयोगिता को बढ़ाया जा सके।

आसिफा ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए की नेट क्वालीफाई

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज के एमए फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा आसिफा तमजीद ने अंग्रेजी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए यूजीसी नेट परीक्षा जून 2025 में 97.43 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण हुई। आसिफा के पिता डॉ इलियास मजीद इतिहास विभाग मौलाना आजाद कॉलेज के विभागाध्यक्ष हैं। आसिफा की इस सफलता पर शिक्षकों और परिवार के लोगों ने बधाई दी है।

आज / कल

श्री श्याम मंदिर में खाटूनरेश का हुआ महास्नान अनुष्ठान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान विधि विधान से मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने मिलकर वैदिक मत्रों के उच्चारण के साथ विधि पूर्वक खाटूनरेश का श्रावण अमावस्या का महास्नान अनुष्ठान संपन्न कराया। इस अवसर पर सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक बागा फूलों का विशेष श्रृंगार एवं पंचमेवा भोग लगाया गया। कोलकाता से मंगाए गए रजनीगंधा मुरूगन तुलसीदल एवं गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से सभी देवी देवताओं गुरुजनों तैल चित्र एवं बाबा का अद्भुत श्रृंगार किया गया । श्रृंगार आरती 8:30 बजे के बाद महास्नान का चरणअमृत वितरित किया गया। एवं सभी श्याम भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।
विशेष श्रृंगार की सेवा संजीत रंजना चौधरी द्वारा नवीन पोशाक की सेवा आदित्य अदिति चौधरी द्वारा एवं पंचमेवा भोग की सेवा प्रदीप कुमार महतो द्वारा निवेदित की गई थी।
पवित्र श्रावण माह के अवसर पर श्री श्याम मंदिर में प्रतिदिन भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जा रहा है। इसके लिए शुद्ध जल एवं दूध मंदिर में उपलब्ध कराए गए हैं। श्रावण अमावस्या के अवसर पर स्फटिक के श्री शामेश्वर महादेव का विशेष रुद्राभिषेक संजीत रंजना आदित्य अदिति चौधरी द्वारा दोपहर में कराया गया। विशेष श्रृंगार, भोग एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संध्या 6:00 से आरती के बाद संपन्न की गई। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

कुछ जा रहे कुछ जाने का मन बना रहे

चान्हो अंचल कार्यालय के चक्कर काट रही जनता उपायुक्त से कर रही फरियाद

- अंचल में ऑनलाइन गड़बड़ी के कई मामले लंबित

उठते सवाल: खेसरा नंबर जीरो तो नाम और रकबा ऑनलाइन में कैसे

नवीन मेल संवाददाता



रांची। चान्हो अंचल कार्यालय झारखंड का अजूबा अंचल होगा जहां जांच हो तो अंचल अधिकारी संजीव कुमार के मनमाने का लंबा चिट्ठा खुलकर सामने आएगा। लोगों का तो यहां तक आरोप है कि वे दबंगई करते हैं जिससे जनता उनके पास जाने से डरती है। जनता को डर सताता है कि कहीं किसी केस में वह उन्हें न फंसा दे खुले आम धमकी देते हुए पाए जाते हैं। कार्य की लापरवाही करने में बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां भी कम नहीं पाए जाते हैं बात सिर्फ अंचल अधिकारी की नहीं सीआई अवधेश कुमार की भी है जो लोगों को जांच का आश्वासन देकर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। पेपर में कमी रहने पर पेपर तो मंगा लेते हैं लेकिन फिर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं, सीआई के इस हुनर को बखूबी लोग पहचान गए हैं। प्रशासन से न्याय की उम्मीद कर रही जनता निराश हो चुकी है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि आवेदन रिजेक्ट के 57% मामले अंचल में है और कई मामलों पर तो जनता को टरका दिया जाता है कहा जाता है कि ऊपर कोर्ट जाइए। आईए जानते हैं किस तरह के हैं हालात और किस तरह अंचल में हो रहा है काम। जनता किस प्रकार से है परेशान और कहां मिले इसका समाधान।
बुधवार को सरूला मुंडा ने अंचल की मनमानी से तंग आकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के समक्ष अपना लिखित दुखड़ा सुनाया है और कहा है कि अंचल अधिकारी उनकी समस्या के समाधान करने के बजाय मामले को टाल रहे हैं। उन्होंने सवाल खड़ा किया है कि जिस घर में वे अपने वंशजों के साथ रहते आ रहे हैं उस घर की जमीन का म्यूटेशन चार-पांच लोगों के नाम पर कैसे हुआ है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि कुछ ऐसे मामले भी हैं जिसमें कई लोगों की जमीन का खेसरा नंबर जीरो जीरो जीरो ऑनलाइन में दिख रहा है। लोगों का कहना है कि जब खेसरा नंबर जीरो जीरो है इसका मतलब यह है कि उनके पास जमीन ही नहीं है और जमीन ही नहीं है तो पोर्टल में उनके पूर्वजों का नाम और रकबा कैसे दिख रहा है जबकि मैन्युअल रसीद अप टू डेट है। जमीन उनका है लेकिन ऑनलाइन में त्रुटि है। ऑनलाइन की त्रुटि दूर हो तो समस्या का समाधान निकले। ऑनलाइन त्रुटि दूर करने के बजाय कहा जाता है कि ऊपरी अदालत जाएं। जब सारे लोग ऊपरी अदालत ही जाएंगे तो जमीन स्तर पर जांच कर कार्रवाई कौन करेगा। अंचल की विभागीय निष्क्रियता को देखते हुए और कार्यालय के चक्कर काट कर परेशान हो चुकी आम गरीब जनता जिले के उपायुक्त के पास शिकायत दर्ज करा रही है, कुछ लोग उपायुक्त के पास जा चुके हैं और कई जाने का मन बना रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि अंचल उनके साथ इंसाफ नहीं करेगा और उपायुक्त ही उनकी आखिरी उम्मीद है।

महीनों से नहीं है पीने के पानी का इंतजाम

रातू ब्लॉक में शोभा की वस्तु बना है आरओ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पीने के पानी की आवश्यकता है हर जगह महसूस की जाती है और खास तौर पर उन स्थानों में जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है। प्रखंड कार्यालय ऐसा स्थान है जहां दूर से ग्रामीण अपनी खेती-बाड़ी को छोड़कर समस्याओं के समाधान के लिए जाते हैं इनके पास पैसे नहीं होते हैं कि बोतल का पानी खरीद कर पी सकते हैं। किसी प्रकार ऑटो का खर्च जुगाड़ कर प्रखंड कार्यालय पहुंचते हैं। दशकों पहले की सरकार ने पीने के पानी की आवश्यकता को महसूस करते हुए प्रखंड कार्यालय में चापाकल लगाए थे। अब नई व्यवस्था में सरकार ने आरो लगा दिए हैं जिससे प्रखंड कार्यालय में आने वालों को साफ, स्वच्छ और मौसम अनुकूल ठंडा, गर्म पानी पीने को मिल सके। मगर विभागीय निष्क्रियता के कारण पीने के पानी के लिए लगाया गए आरओ खराब पड़े रहते हैं और इसे देखने वाला कोई नहीं होता है। आरओ शोभा की वस्तु बन कर रह जाती है। ऐसा ही एक मामला रातू ब्लॉक में देखने को मिला जहां महीनो से पीने का पानी का इंतजाम नहीं है आरो खराब पड़े हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से सवाल पूछे तो उन्होंने गोल मटोल जवाब देते हुए अंत में कहा कि फंड की कमी है लेकिन जल्दी ठीक करवा देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को प्रखंड में बैठने की क्या जरूरत है सीधे आए और मिले। लेकिन सवाल उठता है कि अगर लोग मिलने आए तो क्या उन्हें प्यास नहीं लगेगी। क्या उन्हें पीने का पानी नहीं मिलना चाहिए ।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष ने थाना प्रभारी का किया स्वागत

लापुंग। लापुंग के थाना प्रभारी अभिषेक कुमार से गुरूवार को प्रसिद्ध जूनियर वैद्य खिलेश्वर सिंह खेरवार ने मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर जूनियर वैद्य खिलेश्वर सिंह खेरवार ने कहा कि लापुंग में पुलिस की कार्रवाई से लगातार अपराध एवं उग्रवाद के घटनाओं में कमी आई है। पहले और अब के हालात बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कुछ अपराध कर्मियों को चिन्हित करना है जिनकी मौजूदगी एवं सक्रियता से अपराध पुनः बढ़ गया है। लेकिन आम जनता अमन,चैन और शांति चाहती है। वहीं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि अपराध और उग्रवाद को खत्म करना ही उनका लक्ष्य है। जब तक अपराध और उग्रवाद जिंदा है तब तक पूर्ण रूप से शांति की उम्मीद भी नहीं की जा सकती।

आमया का झारखंड विधानसभा घेराव चार अगस्त को

पिठोरिया। झारखंड विधानसभा घेराव की तैयारी को लेकर आमया संगठन द्वारा चार अगस्त को कांके प्रखंड के मदनपुर मजीद कॉम्प्लेक्स में राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन प्रभारी जियाउद्दीन अंसारी और सफदर सुल्तान ने की। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष एस. अली ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की शहादत को आज भी न्याय नहीं मिला है। राज्य में स्थानीय नीति नहीं बनी है, पिछड़े वर्ग को आबादी के अनुपात में आरक्षण से वंचित किया गया है। मुस्लिम समुदाय को उनके संवैधानिक अधिकार नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हज यात्रियों को रांची की जगह कोलकाता से यात्रा करने को विवश किया जा रहा है, अल्पसंख्यकों के लिए कोचिंग योजना लम्बित है और उर्दू एकेडमी की फाइलें लंबित हैं। इस बैठक में मोदस्सिर अहरार, जावेद अंसारी, सरफराज अंसारी, मेराज अंसारी, शेख आसिफ, अब्बू रेहान, सलामत अंसारी समेत कई युवक शामिल हुए।

न्यूज बॉक्स

सात सदस्यीय कांवरियों का जत्था लापुंग से रवाना

बेड़ो। लापुंग प्रखंड के लालगंज गांव से फलिन्दर हजाम के नेतृत्व में सात सदस्यीय कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हो गया। इसके पूर्व लालगंज शिव मंदिर एवं काली मंदिर में माथा टेका और विधिवत पूजा अर्चना की और फिर निकला । लालगंज गांव के समाजसेवी चरकु साहु ने जत्था को रवाना किया। इस मौके पर विकास साहु पवन हजाम, अक्षय कुमार, सचिन साहु अघना साहु एवं उमेश हजाम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन का बिलासपुर में हुई बैठक

रांची। बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर में द्वितीय बीज सलाहकार समिति का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय रेशम बोर्ड के बीज सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ एसबी डांडिन ने किया। बैठक में केंद्रीय रेशम बोर्ड से डॉ मंदिरा मूर्ति, निदेशक (तकनीकी), डॉ बीएस अंगड़ी, पूर्व निदेशक, केरेबो, डॉ. एम महेश्वरी, निदेशक. केरेउअनुवप्रसं, बरहमपुर, डॉ एस गांधीदास, निदेशक, केरेबो-केरेउअनुवप्रसं, मैसूर, डॉ नरेंद्र कुमार भाटिया, निदेशक, मूगा ऐरी एस एस ओ, गुहावटी, डॉ. एन. बालाजी चौधरी, निदेशक, केतरेउअनुवप्रसं, रांची, डॉ. कार्तिक नियोग, निदेशक, केमूऐअनुवप्रसं, लहदोईगढ़ एवं केन्द्रीय रेशम बोर्ड अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं राज्य रेशम विभाग, छत्तीसगढ़, असम एवं झारखण्ड के अधिकारियों ने भाग लिया।

सरिता कुमारी को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार मुरी पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

सिल्ली। दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्कॉट व गाइड, रांची मंडल की गाइड विंग से प्रथम राष्ट्रपति परस्कर प्राप्त करने वाली छोटा मुरी निवासी एम शंकर प्रसाद की पुत्री रेंजर सरिता कुमारी का मुरी रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। जहां रेलवे अस्पताल के डॉ जे कच्छट, स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार, डीओसी सैयद सहिद अली, ने सरिता कुमारी का माला पहनाकर स्वागत तथा शुभ कामनाएं दी। इस मौके पर मुरी ग्रुप के ग्रुप लीडर मुज़फर अली व ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित थे।

मुरी पुलिस ने भाग कर शादी करने वाले प्रेमी युगल को बिहार के वैशाली में पकड़ा

सिल्ली। मुरी पुलिस ने भागकर शादी करने वाले प्रेमी युगल को बिहार के वैशाली से पकड़कर बुधवार को मुरी ले आई है। दोनों ही प्रेमी नाबालिग है। पुलिस ने लड़की को मुरी स्थित उसके परिवार को सौंप दिया है। वहीं लड़के को जुवेनाइल कोर्ट में भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार मुरी थाना क्षेत्र के हरिजन कालोनी की एक नाबालिग लड़की बिना किसी को जानकारी दिए पिछले शनिवार को कहीं चली गई।वहीं घर वाले खोजबीन में लगे रहे। घर वालों को जब लड़की को भगाने का संदेह हुआ तो लड़की के परिजनों ने रविवार को मुरी ओपी थाने में कांड संख्या 66/25 के तहत एक मामला दर्ज कराया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुरी ओपी प्रभारी गगन कुमार ठाकुर एवं एसआई मनी भूषण पासवान के साथ वैशाली पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया और दोनों ने शादी भी कर ली।

बाघवार एकेडमी क्रिकेट टीम टूर्नामेंट के लिए वाराणसी हुई रवाना

चान्हो। बाघवार एकेडमी की क्रिकेट टीम गुरुवार को सीबीएसई जोनल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए वाराणसी के लिए रवाना हुई। इस टीम में टीम मैनेजर राजकुमार महली, कोच अजय सिंह सहित कुल 14 सदस्य शामिल हैं। यह टूर्नामेंट जागरण पब्लिक स्कूल, वाराणसी में आयोजित हो रहा है, जो चार दिनों तक चलेगा। इसमें बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों की सैकड़ों टीमें भाग लेंगी और अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। टीम को विदा करते समय विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं कहा कि हमारी टीम से काफी उम्मीदें हैं। हमें विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

चोरेया से 60 लोगों का जत्था बोल बम के लिए रवाना

चान्हो। प्रखंड के चोरेया गांव से गुरुवार को साठ लोगो का जत्था बोल बम के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा में जाने वाली बस को तैलीक विकास संघ के अध्यक्ष अनिल साहू ने शुभकामना के साथ झंडा दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा चार दिन की होगी. यात्रा के दौरान तीर्थयात्री बैजनाथ धाम, सुल्तानगंज, बासुकीनाथ, बोधगया और राजगीर होते हुए वापस पुनः अपने गांव लौटेंगे. मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुषमा देवी, भोला साहू , रामप्रसाद साहू, देव नारायण साहू, अनुज मिश्रा, भीम साहू, रिंकी देवी, अर्चना देवी, पुनमदेवी सहित अन्य मौजूद थे।

झारखंड स्टेट फीडे रेटिंग चैंपियनशिप-2025 का शुभारंभ

रांची। झारखंड राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित चार दिवसीय 24वीं आदित्य बिरला मेमोरियल झारखंड स्टेट फीडे रेटिंग चैंपियनशिप-2025 का शुभारंभ गुरुवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय के जीडी बिरला सभागार में हुआ। आज से शुरू हो रही यह प्रतियोगिता 27 जुलाई तक चलेगी। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी जग्गनाथन एवं विशिष्टि अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो एसबी डांडिन थे। इस अवसर पर राज्य के सचिव मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, मुख्य समन्वयक प्रभात रंजन कुमार, सह सचिव दीपक कुमार उपंस्थित थे। गुरुवार के खेल में प्रीतम सिंह ने अराध्या शिवाय बंका को, बुद्धदेव चंद्रा त्रिपाठी ने आरव कुमार को और रोहन ने अरनवी आनंद को शिकस्त दी। इस प्रतियोगिता राज्य के 16 जिलों से 248 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

खलारी में सरकारी विद्यालयों का प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

मध्य विद्यालय हुटाप के बच्चों ने जीते छह पुरस्कार

नवीन मेल संवाददाता

खलारी। झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में खलारी प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन डकरा स्टेडियम में किया गया। सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद जैसे खेलों में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक व गोपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में कुल 15 मध्य एवं उच्च विद्यालयों के लगभग 225 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को 14 वर्ष और 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में वर्गीकृत किया गया था। पूरी प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय हुटाप का दबदबा कायम रहा। हुटाप के छात्रों ने छह पुरस्कार जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया और आयोजन में परचम लहराया। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में भी प्रतिभागियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में शिक्षकों, प्रशिक्षकों और स्थानीय प्रशासन की भूमिका उल्लेखनीय रही। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में बीपीओ सरवरीनाथ चौरसिया, उदयप्रताप सिंह, श्याम चौबे, विधायक प्रतिनिधि गीता देवी, विधायक प्रतिनिधि गुड़िया कुमारी, रंथु साहू सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकगण शामिल थे।

गुरु गोबिंद सिंह स्कूल में अंतर विद्यालय स्टैंड अप कॉमेडी प्रतियोगिता

रांची। गुरु गोबिंद सिंह स्कूल में गुरुवार को इंटर स्कूल स्टैंड - अप कॉमेडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रांची सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस अवसर पर रांची के 18 स्कूलों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शबद गायन से हुई। तत्पश्चात् स्कूल की प्राचार्या ने अतिथि के रूप में आए हुए विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों को शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया। उपस्थित अतिथियों में आरएसएससी के सचिव सुभाष पटनी, फिरायालाल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज सिन्हा, लोयला कॉन्वेंट स्कूल की प्राचार्या पारोमिता साहा, गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्या डॉ सुमित कौर, डीएवी स्वर्णरेखा स्कूल की प्राचार्या डॉ मंजु सिंह, सच्चिदानंद ज्ञान भारती स्कूल की प्राचार्या सुमिता सेन शामिल थे। निर्णायक मंडल में थियेटर और सिनेमा जगत से जुड़े जितेन्द्र मिश्रा एवं अशोक गोप यदुवंशी तथा वरीय मनोविज्ञान शिक्षिका अंजलि बल्लभ ने अपने संबोधन में बच्चों का हौसला बढ़ाया। वहीं कहा कि हमारे जीवन में हंसी की आवश्यकता कभी पूरी नहीं होती। इसलिए छात्रों को इससे हमेशा जुड़े रहना चाहिए।_राचार्या शालिनी विजय ने कहा कि जिस व्यक्ति में हंसने - हंसाने का गुण होता है , वे जीवन की कठिनाइयों से ना कभी घबराते हैं और न कभी किसी चुनौती से डरते हैं। अतः हम सभी में इस हास्य रस का होना बहुत जरूरी है।

मांडर प्रखंड के बरगड़ी में ताले लगे घर में चोरी

मांडर। प्रखंड अंतर्गत बरगड़ी पंचायत के बरगड़ी बड़की टांड में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर में धावा बोलकर 46 हजार रुपये नगद व 50 हजार रुपए का गहना पर हाथ साफ कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित रब्बानी अंसारी सऊदी अरब में काम करते हैं। उनकी पत्नी करीब एक सप्ताह पहले मायके गई हुई थी। इसी बीच घात लगाए अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में घर का दरवाजा तोड़ दिया और भीतर रखे अलमीरा व बक्से का ताला तोड़कर लगभग 50 हजार रुपये के गहने व 46000 रूपये नकद चोरी कर लिया। पीड़ित की पत्नी जब मायके से लौटी तो घर का दरवाजा टूटा हुआ पाया। अंदर जाने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा था और बक्से व अलमीरा के ताले टूटे हुए थे। यह देखकर उन्होंने तुरंत पड़ोसियों को सूचना दी।घटना की जानकारी पंचायत के मुखिया को दे दी गई है। मामले की शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज करा दी गई है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी से की शिष्टाचार मुलाकात

मुरी। गुरुवार के दिन सिल्ली प्रखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने नव पदस्थापित मुरी ओपी के प्रभारी गगन कुमार ठाकुर से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को बुके के साथ अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला महासचिव रमजान अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष सैकूल खान,टी मिंज समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जंगली हाथियों की झुंड से ग्रामीणों में दहशत

नवीन मेल संवाददाता

चान्हो। आजकल हाथियों का झुंड ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार देखा जा रहा है। जिससे राहगीरों या खेतों में काम कर रहे लोगों को नुकसान पहुंच रहा है। कुछ इसी तरह का मामला चान्हो के ओपा पतरा जंगल में जंगली हाथियों का झुंड फिर से देखा गया। ग्रामीणों में दहशत का माहौल, वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इससे जान माल और फसलों को खतरा पहुंचने लगा है। खेतों में लगे फसल रौंदने लगे हैं जिससे किसान काफी परेशान नजर आ रहे हैं।

नर्ड हैदराबाद की टीम ने किया बेड़ो प्रखंड के मनरेगा पार्क का दौरा

पांच राज्यों के अफसरों ने ली मनरेगा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां

नवीन मेल संवाददाता

- किसानों की आमदनी के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि आम के फलों को बेचकर 40 से 50 हजार रुपए सालाना आसानी से कमा लेते हैं

बेड़ो। नर्ड हैदराबाद की टीम ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के नकारियां प्राप्त की। पांच अलग-अलग राज्यों से प्रशिक्षण में आए पदाधिकारियों ने प्रखंड के ईटा पंचायत स्थित मनरेगा पार्क का अवलोकन किया। जहां आम बागवानी के अतिरिक्त सिंचाई कूप निर्माण की योजना, डोभा निर्माण, टीसीबी निर्माण कच्चा नाल वर्मी कंपोस्ट सहित अन्य योजनाओं को देखा और योजनाओं के संबंध में कई लाभुको , किसानों और जनप्रतिनिधियों से कई अहम एवं महत्वपूर्ण जानकारियां ली। क्षेत्र भ्रमण के उपरांत प्रखंड सभागार में प्रशिक्षण हेतु आए पांच राज्यों के टीम की सदस्यों की एक विशेष बैठक प्रखंड के पदाधिकारी और कर्मियों के साथ हुई। बैठक का आगाज करते हुए इसके उद्देश्य पर नर्ड हैदराबाद की प्रोग्रामिंग डायरेक्टर डॉक्टर अरुण जयमणी ने इस कार्यक्रम पर प्रकाश डाला और इसके महत्व के विषय में जानकारी दी। मौके पर प्रशिक्षण में आए सदस्यों ने योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन के संबंध में कई प्रश्न पूछे जिनका प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की ने बखूबी उत्तर दिया। बैठक में प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड में किसानों की मांग और जरूरत के अनुसार योजनाओं का चयन एवं क्रियान्वयन किया जाता है जहां ग्राम सभा की भूमिका भी अहम होती है। किसानों की आमदनी के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बागवानी के लाभार्थी एक एकड़ जमीन पर उगाए गए आम के फलों को बेचकर 40 से 50 हजार रुपए सालाना आसानी से कमा लेते हैं। मौके पर मनरेगा प्लानिंग सेल के श्री निहार ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। कार्यक्रम के अंत में एन आई आर डी और पी आर के सीनियर कंसलटेंट अजीत कुमार सिंह ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और उनकी टीम के प्रशंसा की और इस क्षेत्र भ्रमण सा कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर नर्ड हैदराबाद द्वारा आयोजित क्षेत्र भ्रमण सह अवलोकन के तहत पांच राज्य असम, बिहार, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश से आए सदस्यगण, ईटा पंचायत के प्रधान बुधराम बाड़ा, पंचायत की मुखिया अनीता बाड़ा एवं प्रखंड की पूरी टीम उपस्थित रही।

स्वर्णरेखा उत्थान समिति की कांवर यात्रा 27 को

रांची। स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल रानीचुआं से चुटिया स्थित इक्कीसो महादेव तक की "21 किलोमीटर की कांवर यात्रा" का आयोजन स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा 27जुलाई को किया जा रहा है। यह कांवर यात्रा सुबह 6बजे सुरेश्वर महादेव मंदिर से सभी कांवर यात्री एवं श्रद्धालु बस के द्वारा स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल नगड़ी स्थित रानीचुआं पहुँचेगे। तत्पश्चात रानीचुआं स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल से जल उठाकर सभी कांवर यात्री चुटिया स्थित इक्कीसों महादेव के लिए पैदल प्रस्थान करेंगे। जहां स्वर्णरेखा एवं हरमू नदी के संगम स्थल पर स्थित नागवंशी कालीन चट्टानों पर उत्कीर्ण प्राचीन 21 शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। 21 किलोमीटर के इस कांवर यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा प्रत्येक 5 किलोमीटर पर कांवर यात्रियों के स्वागत एवं विश्राम के लिए पड़ाव की व्यवस्था की गई है। कांवर यात्रा मार्ग पर पहला पड़ाव स्वर्णरेखा बैंक्वेट हाल नगड़ी तत्पश्चात कटहल मोड़, महादेव मंदिर अरगोड़ा चौक, रेडिशन ब्लू होटल सुजाता चौक होगा। कांवर यात्रा का समापन इक्कीसों महादेव में कांवर यात्रियों द्वारा जलाभिषेक के बाद महाआरती एवं प्रसाद वितरण के बाद होगा। यह कांवर यात्रा का तीसरा वर्ष है इस यात्रा का उद्देश्य प्रदूषण के कारण जीवनदायिनी स्वर्णरेखा नदी को मुक्त करना एवं प्राचीन विरासत एवं सांस्कृतिक धरोहर इक्कीसों महादेव का संरक्षण करने के लिए सरकार एवं आम लोगो का ध्यान आकृष्ट करना है। स्वर्णरेखा उत्थान समिति आमलोगों से अपील करती है।

विधायक और सांसद प्रतिनिधि ने पेवर्स ब्लॉक पथ का किया उदघाटन

हमारा लक्ष्य लोगों को हर सुविधा उपलब्ध कराना: ममता

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 अंतर्गत कुरूम तालाब से संदीप गिरि के घर तक 10 लाख रूपए की लागत से नगर परिषद शहरी परिवहन योजना के तहत बने पेवर्स ब्लॉक पथ का 24 जुलाई को बतौर अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी एवं सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर उदघाटन किया। इस मौके पर रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है राज्य के सभी गांवों में यातायात की सुविधा को पहुंचाना। कहा कि उसी के तहत इस पथ का निर्माण करवाया गया है ताकि कुरूम और आसपास के क्षेत्र के लोगों को आनेजाने में सहुलियत हो। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लोगों की सुविधा का ख्याल रखते हुए विकास योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है ताकि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नही करना पड़े। वहीं, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार लोगों के हितों का ध्यान रखते हुए पथ निर्माण के लिए लगातार राशि आवंटित कर रही है। ताकि लोगों को आनेजाने में कोई परेशानी नही हो और वे अपना कार्य सुगमता के साथ निपटा सकें। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, मुकेश यादव, पंकज प्रसाद तिवारी, ललन सिंह, ऋषण सिंह, कमख्या सिंह, पंकज सिंह, आजाद सिंह, अर्जुन मुंडा, तीजू मुंडा, विजय मुंडा, बबली सिंह, अखिलेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति से प्राप्त 2 मामलों के संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला परिषद सदस्य, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

न्यूज बॉक्स

बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से जिप सदस्य कुमकुम ने की मुलाकात

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आए दिन बज्रपात व अन्य कारणो से ट्रांसफार्मर ज्यादा खराब हो रहे हैं। इस निमित गुरुवार को बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर जिप सदस्या कुमकुम देवी ने मासीपीढी, तुइयो और झींगीबराई गाँव के लिए अविलंब ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने हेतू आग्रह किया।साथ ही बसरिया, तुर्कबाद सतसंग भवन और मासीपीढी गाँव के लिए बिजली के खम्भे जल्द देने का आग्रह की। जिसके बाद कार्यपालक अभियंता ने दो दिन के अंदर ही ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। इस कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने कुमकुम देवी के प्रति आभार व्यक्त किया।

डेंगू को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कटकमसांडी। कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी पुजा कुमारी की अध्यक्षता मे फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एमडीए ,आईडीए 2025 को लेकर डेंगू को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। बैठक मे पीएचईडी विभाग के जेई , मुखिया, जल सहिया के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए सीएचसी कटकमसांडी के भीबीडी इंचार्ज सुरेन्द्र कुमार ने वेक्टर जनित रोग मलेरिया फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के विषय पर इनके लक्षण, बचाव, उपचार को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया । जिसमें आगामी 10 से 25 अगस्त 25 तक चलने वाला फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत डीईसी,आईवेरमैक्टिन एवं एलबेंडाजोल दवा का सेवन खुद करना है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवन करवाना है के बारे में बताया गया। इसके साथ साथ किनको खाना है, कैसे खाना है, कब खाना है और क्या सावधानी बरतनी है के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने डेंगू को लेकर सभी को अपने घर के अंदर, बाहर एवं छत पर जल पात्र को जांच करना है और ड्राई डे बनाने का उद्देश्य को भी बताया। प्लस टू उच्च विद्यालय एवं आदर्श मध्य विद्यालय कटकमसांडी मे भी जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया अनवारूल हक़, पिंकी राणा, कुमारी श्रीति पांडेय, नारायण साव, दिलीप पासवान, वीणा देवी, कलावती देवी, सुनीता देवी, सोनी कुमारी, चांदनी मुसर्रत, धनेश्वरी देवी एवं विद्यालय के शिक्षकों ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

टीबी मुक्त भारत अभियान में निक्षय मित्रों का मिला सहयोग

बरही। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में 14 टीबी मरीजों के बीच दो महीने का पोषण आहार वितरण किया गया। 9 अक्षय मित्रों के सहयोग से पोषण आहार एकत्रित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करते हुए एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, थानाप्रभारी इंस्पेक्टर आभाष कुमार, नरेंद्र कुमार पांडे, सुजीत कुमार सिंह और मानवाधिकार संगठन के अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति समेत 9 अक्षय मित्रों ने 14 टीबी मरीजों को दो महीने का पोषण आहार दिया। निक्षय मित्रों ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में हमेशा उनका सहयोग रहेगा। इस मौके पर उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, पंकज कुमार, सुभांशु शेखर सिन्हा, बिजेंद्र कुमार, रविशंकर कुमार, महादेव राम, मो शमशाद, जावेद अख्तर समेत स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

अभाविप प्रतिनिधि मंडल ने किया परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात पेपर शुल्क कम करने की मांग की

हजारीबाग। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल ने विभावि परीक्षा नियंत्रक से भेट कर यूजी स्पेशल जेनरिक पेपर की परीक्षा शुल्क कम करने की मांग की। साथ ही चेताया कि अगर विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क को कम नहीं करती है तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इधर विवि ने बदलते परिवेश में परीक्षा शुल्क बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसमें परीक्षा शुल्क 650 रुपये प्रति सेमेस्टर रखा गया है। यही बात छात्र संगठनों और रेगुलर स्टूडेंट्स को रास नहीं आ रहीं हैं। विद्यार्थी परिषद को भी वह कहीं से छात्र हित में प्रतीत नहीं हो रहा है। इनका कहना है कि परीक्षा शुल्क के जरिए विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है जो कहीं से उचित नहीं है। विद्यार्थी परिषद यह मांग करती है की परीक्षा शुल्क पूर्व में लिए गए जेनेरिक पेपर के परीक्षा शुल्क के आधार पर रखा जाए । मांगें नहीं मानने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में विभाग संयोजक बाबूलाल मेहता, जिला संयोजक रुद्र राज ,नगर सह मंत्री मानसिक क्रिया,साहिल सिंह, एसएफडी प्रमुख कुणाल राजपूत अमन सिन्हा आदि कार्यकर्ता शामिल थे ।

एक माह से कुवैत में पड़ा है विष्णुगढ़ के प्रवासी श्रमिक का शव लगाई गुहार

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ के एक प्रवासी श्रमिक का शव एक माह से अधिक समय से कुवैत में पड़ा है। मृतक श्रमिक रामेश्वर महतो 3 वर्ष पिता मदन महतो प्रखंड के जोबर पंचायत अंतर्गत बंदखारो गांव के निवासी थे। इतने दिन बीत जाने के बाद भी उनका पार्थिव शरीर नहीं आने से परिजनों की आंखे पथरा गई है। परिजन स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारियों तक शव लाने की गुहार लगाकर थक चुके हैं। इसके बावजूद कोई नतीजा नहीं निकल सका है। परिवार वालों को उनकी अंतिम दर्शन की आस अब तक अधूरी है। बता दें कि रामेश्वर महतो घर की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए कमाने के लिए कुवैत गए थे। वहां वे आईएमसीओ नामक ट्रांसमिशन कंपनी में फीटर के रूप में कार्यरत थे। वे कंपनी में 10 सालों से कार्यरत थे। इसी बीच तबीयत अचानक बिगड़ जाने के कारण बीते 15 जून को इलाज के दौरान उनकी मौत गई। इधर, परिजनों को उनकी मौत की सूचना मिलते हीं रो-रोकर बुरा हाल हो गया। श्रमिक का शव आज भी कुवैत में एक अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

ऑनलाइन रसीद नहीं कटने से ग्रामीण परेशान, रिश्वत मांगने का आरोप

रामगढ़। रामगढ़ थाना क्षेत्र के शिवचरण महतो हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी सोनू कुशवाहा ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। पिछले वर्ष मुर्गामकला गांव में हुए विवाद के बाद शिवचरण महतो की हत्या ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया था। इस मामले में लक्ष्मण महतो और उसका बेटा प्रदीप महतो और सोनू कुशवाहा मुख्य आरोपी हैं। प्रदीप महतो ने कुदाल से वार कर शिवचरण महतो को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी रांची में मौत हो गई थी। घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश फैल गया था। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर लक्ष्मण महतो और प्रदीप महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वर्तमान में दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

विश्वविद्यालय में मशीन लर्निंग पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय में फैकेल्टी आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा एक दिवसीय मशीन लर्निंग पर बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानभूम महाविद्यालय के प्रोफेसर पल्लव कुमार दास ने कार्यशाला विशेषज्ञ के तौर पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने संबोधित करते हुए प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए अधिक से अधिक शोध पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की सराहना कि और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विभागाध्यक्ष डॉ अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ संजय कुमार विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने स्वागत भाषण में सभी प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के व्याख्याता वैष्णवी ने की। मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, इंजीनियरिंग संकाय एवं कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के व्याख्यातागण एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

राज्य आयोग ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

स्थल निरीक्षण कर डोर टू डोर सर्वे के तहत हुए कार्यों का लिया जायजा

रामगढ़। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में तथा आयोग के सदस्य नंद किशोर मेहता एवं लक्ष्मण यादव की उपस्थिति में 24 जुलाई को सर्किट हाउस में पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि जिले में पिछड़े वर्गों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए टीम रामगढ़ आई है। बैठक के दौरान टीम ने जिले में संपन्न डोर टू डोर सर्वे, कार्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्ति में आरक्षण का लाभ व प्रावधान की स्थिति, पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों की समीक्षा की। साथ ही टीम ने प्राकृतिक आपदा से होने वाली मृत्यु में पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को दिए गया मुआवजा, नॉन क्रीमी लेयर (एनसीएल) प्रमाण पत्र के लंबित आवेदन, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में नामांकन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में पिछड़ा वर्ग के लाभुकों की संख्या, मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों के लाभुकों सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। परिसदन रामगढ़ में बैठक के उपरांत टीम के द्वारा स्थल निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किए गए दो-डोर सर्वे की जांच की गई।

पतरातू क्षेत्र में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र ने चलाया नशा मुक्ति अभियान, किया जारूकत

पतरातू। ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की ओर से दिव्य ईश्वरीय रक्षाबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत पतरातू क्षेत्र में दस दिवसीय नशामुक्त भारत अभियान चलाया गया। बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने अभियान को सराहाते हुए नशामुक्ति फार्म भरकर लोगों से पवित्र माह सावन में भोलेनाथ बाबा पर दुर्व्यसन चढ़ाये और शुभकामनाएं भी दें। उन्होंने कहा कि जन जन तक नशामुक्ति की जागरूकता आवश्यक पहल है। अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया है। योगा प्रशिक्षक बीके रामदेव ने सभी से अग्रह किया है।

विद्यालय में जहरीले कीड़े के काटने से बच्चा हुआ बेहोश

घटना की जानकारी मिलते ही डीसी पहुंचे विद्यालय बच्चे को अपने वाहन पर बैठाकर ले गए अस्पताल

रामगढ़ डीसी ने पेश की मानवता की अनूठी मिसाल लोगों ने की खूब प्रशंसा

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। शहर के प्रसिद्ध गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में विद्यालय के छात्र अभय कुमार को बुधवार को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसके बाद छात्र बेहोश हो गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर डीसी फैज अक अहमद मुमताज अपने वाहन से विद्यालय पहुंचे और तत्काल अन्य लोगों के सहयोग से खुद छात्र को अपने वाहन पर बैठाया। उसके बाद छात्र को अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के बाद छात्र पूरी तरह से स्वस्थ्य हो गया और डीसी के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। वहीं, छात्र की माता ने भी डीसी की मानवता की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपने बच्चे की जान बचाने के लिए धन्यवाद दिया। इतना ही नही पूरे जिलाभर में लोग डीसी फैज अक अहमद मुमताज की इस मानवता भारी भावना की प्रशंसा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जिस तरह से डीसी ने काम किया है। वह एक मिसाल है लोगों से हमेशा याद रखेंगे।

यूएसएस छुतहरी कटिया में हाथियों ने विद्यालय का तोड़ा दरवाजा

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय छुतहरी कटिया में गुरुवार रात्रि लगभग 12:30 बजे हाथियों ने कार्यालय, वर्ग कक्ष का दरवाजा और खिड़की को तोड़ दिया तथा अन्य सामानों को बिखेर दिया। जिसके बाद गुरुवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार और शिक्षक जैसे विद्यालय पहुंचे तो देखा कि दरवाजा, खिड़की हाथी के द्वारा तोड़ दिया गया है। जिसकी सूचना मिलते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी रोसमा डुंगडूग उत्क्रमित मध्य विद्यालय छुतहरी कटिया का निरीक्षण किया। विदित हो कि 4 माह पूर्व भी इस विद्यालय में हाथियों के द्वारा दीवार, खिड़की व दरवाजा तोड़ा गया था और चावल खा गया था । वहीं इस प्रकार से हाथियों के द्वारा विद्यालय को नुकसान पहुंचाने से ग्रामीणों तथा बच्चों में भय का माहौल व्याप्त है। लोगों का कहना है कि हाथियों का आतंक बच्चों के लिए डर का माहौल है। इससे सतर्क रहने की जरूरत है।

दुमदूमा प्राथमिक विद्यालय चारदिवारी का किया गया

चलकुशा। प्रखंड अंतर्गत सेवाटांड़ पंचायत के ग्राम दुमदूमा में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव एवं जिला परिषद सदस्य सविता सिंह ने किया। इस दौरान विधायक ने कहा विद्यालय के चार दिवारी निर्माण होने से बच्चों में पढ़ाई का माहौल बनेगा । उन्होंने चाहरदिवारी बनाने वाले संवेदक को निर्माण कार्य को ससमय व गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिये। वहीं जिला परिषद सदस्य सविता सिंह ने कही की विद्यालय में चाहर दिवारी नहीं होने से असामाजिक तत्वों का घुसपैठ का डर बना रहता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, भाजपा मंडल अजय सिंह रामदेव यादव, संजय प्रसाद, योगेंद्र यादव एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

10 दिवसीय आईसीटी प्रशिक्षण का हुआ समापन

बरही व चौपारण के दर्जनों शिक्षक हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

बरही। बुधवार को मध्य विद्यालय बरसोत में दस दिवसीय आईसीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ. जिसमे उउवि बुंडू, मवि बरसोत और मवि हरिजन करमा चौपारण के दर्जनों शिक्षक शामिल हुए. जिन्हे मवि वर्मा के आईसीटी इंस्पेक्टर उमाकांत प्रसाद ने कम्प्यूटर संचालन और विद्यार्थियों को पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम संबंधित जानकारियां दी गई. इस दौरान शिक्षकों ने कंप्यूटर संचालन के बेसिक तरीके, पाठ्यक्रम इत्यादि से अवगत हुए. उपस्थित शिक्षकों ने अपने विद्यालय में बच्चों की कंप्यूटर में शिक्षा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर किया. प्रशिक्षण के अंत में सभी शिक्षकों अपने अनुभव की साझेदारी करते हुए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में हिस्सा लिया. प्रशिक्षणोपरांत सबों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए. कार्यक्रम का समापन मवि बरसोत के शिक्षक भूषण व जनार्दन वर्मा के संयुक्त रूप से धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. उपस्थित शिक्षकों ने बताया कि कंप्यूटर प्रशिक्षण मिलने के बाद विद्यालय के आईसीटी लैब नियमित संचालित होंगे. विद्यार्थियों को अति आधुनिक शिक्षा का ज्ञान मिलेगा और नवीन व जरूरी शिक्षा प्राप्त कर आईटी का ज्ञान सीखेंगे. प्रशिक्षण कार्यक्रम में अमर प्रधान सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय बरसोत, जन्मेजय सिंह, दिवाकर मिश्रा, मुनमुन शर्मा, राकेश कुमार सिंह, बृजेंद्र रविदास, सुशीला कुमारी, आशा लता, तनु कुमारी आदि दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएँ शामिल थे।

ऐतिहासिक मठ को दुरुस्त करने की चल रही है तैयारी

धार्मिक न्यास बोर्ड ने किया दौरा झारखंड के सबसे पुराने मठ का होगा कायाकल्प

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड के सबसे पुराने (लगभग 250 साल) ऐतिहासिक मठ को दुरुस्त करने की तैयारी चल रही है. हजारीबाग के इचाक प्रखंड में दो मठ हैं. दोनों का इतिहास लगभग 250 से लेकर 300 वर्ष पुराना है. छोटा अखाड़ा जिसे श्री राम जानकी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है. उसके जीर्णोद्धार की तैयारी चल रही है. झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने जानकारी देते हुए कहा कि ऐतिहासिक और प्राचीन मठ का दौरा किया गया है. मठ की स्थिति बेहद चिंतनीय है. इसे ठीक किया जाएगा. मठ रख रखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील हो रहा है. पुराने ढांचे को दुरुस्त करने की कोशिश की जा रही है. ताकि इसको और क्षति से बचाया जा सके. मठ के पास करोड़ों रुपये की जमीन है, जो लगभग 70 से 75 एकड़ होगी. मठ के आसपास 50 दुकानें बनाई जाएंगी. किराए के पैसे से मठ में पूजा की जाएगी. हजारीबाग ऐतिहासिक जिला रहा है. जिसका इतिहास रामगढ़ राजघराने से जुड़ा हुआ है. रामगढ़ राजघराने का किला आज भी पदमा में है. इसकी राजधानी इचाक हुआ करती थी. जिसे मंदिरों का गांव कहा जाता है. मठ राज परिवार की राजधानी बनने के पहले से है. मठ में संत, महर्षि यात्रा करते हुए पहुंचते थे तो उन्हें विश्राम करने के लिए यहां जगह दी जाती थी. देखरेख के अभाव में यह अब खंडहर में तब्दील हो गया है. इचाक के स्थानीय ग्रामीण और समाजसेवी बटेश्वर मेहता भी बताते हैं कि मठ की मरम्मत हो लेकिन वहां राजनीति होगी तो इसका विरोध भी होगा. मठ की जमीन पर अवैध कब्जा हो रहा है. झारखंड की स्थापना के बाद महज तीन बार ही धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन किया गया है. अब यह बोर्ड धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार करने की तैयारी में लगी हुई है.

चौपारण में आसमानी आफत का खतरा 90% स्कूलों में नहीं है तड़ित चालक

हजारीबाग। चौपारण लगातार हो रही बारिश और वज्रपात की घटनाओं ने चौपारण प्रखंड के सरकारी और निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है। एक चौंकाने वाले खुलासे के अनुसार, प्रखंड के लगभग 90 प्रतिशत स्कूलों में तड़ित चालक मौजूद नहीं हैं, और जहां हैं भी, वे या तो खराब पड़े हैं या चोरी हो चुके हैं। यह स्थिति मानसून के दौरान बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। चौपारण प्रखंड में कुल 161 सरकारी और 85 निजी विद्यालय हैं। इनमें से 99 स्कूल कक्षा 1 से 5 तक के हैं, 44 स्कूल कक्षा 1 से 8 तक के हैं, और 17 उच्च विद्यालय हैं। इन सभी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं आसमानी बिजली गिरने के लगातार बढ़ते खतरे के प्रति असुरक्षित हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अधिकांश स्कूलों में तड़ित चालक की व्यवस्था नदारद है। जिन कुछ स्कूलों में ये उपकरण लगाए भी गए थे, वे अब या तो खराब पड़े हैं या उनकी चोरी हो चुकी है। यह स्थिति पिछले आठ सालों से बनी हुई है, क्योंकि वर्ष 2015 में ही आखिरी बार तड़ित चालक के लिए विद्यालयवार विभाग द्वारा राशि उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद से कोई नई पहल नहीं हुई है, जिससे स्कूलों में सुरक्षा उपकरणों का अभाव बना हुआ है। जल्द मिलेगा राशिः बीईईओ इस गंभीर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि हजारीबाग डीसी महोदय द्वारा खराब और चोरी हुए तड़ित चालकों की सूची मांगी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही विद्यालयों में तड़ित चालक लगाए जाएंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में बच्चों को तड़ित सुरक्षा के उपायों के बारे में बताकर जागरूक किया जा रहा है।

नाबालिक से हुए दुष्कर्म मामले में तोरपा के पूर्व विधायक ने परिजनों से की मुलाकात

कोलेबिरा। तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कोलेबिरा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुए एक नाबालिक किशोरी के साथ अपहरण कर दुष्कर्म की घटना को लेकर पीड़ित परिवार से मिले तथा घटना के बारे जानकारी ली तथा पीड़ित परिवार को राशन सामग्री देकर सहयोग किया।मालूम हो कि पिछले दिनों कोलेबिरा थाना क्षेत्र में नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी तथा इस संबंध में पीड़िता के पिता के द्वारा कोलेबिरा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। आरोपी और उसके पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।इसी को लेकर तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा पीड़ित परिवार से मिले तथा कहा कि पीड़ित परिवार को सरकारी लाभ मिला कि नहीं इस बात की जानकारी लिए तथा कहा की पीड़ित परिवार को प्रशासन अविलंब सरकारी लाभ मुहैया कराए। मौके पर तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुण्डा के साथ बानो भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुन्द सिंह,पूर्व विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह,सांसद प्रतिनिधि भागीरथ राय, महिलामोर्चा बानो मंडल रीना देवी एवं भाजपा मंडल बानो पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

डीसी की अध्यक्षता में योजना कार्यकारिणी समिति एवं अनाबद्ध निधि अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा

गांवों को प्राथमिकता देते हुए पहुंच पथ एवं पुल पुलिया से जोड़ने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति एवं अनाबद्ध निधि अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अनाबद्ध निधि अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन एवं पूर्व स्वीकृत योजनाओं की घटनाओं तक स्वीकृति पर चर्चा की गई। साथ ही, अनाबद्ध निधि से संचालित एवं क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में खाट पर मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे गांवों को प्राथमिकता देते हुए पहुंच पथ एवं पुल पुलिया से जोड़ने का निर्देश दिया गया। जिन गांवों में बड़े स्तर की पुलिया की आवश्यकता है, उनके लिए सूची एवं प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजने की बात कहीं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं की कार्य प्रगति की भी समीक्षा की और सभी पूर्ण योजनाओं की स्थलीय जांच प्रखंड विकास पदाधिकारियों से कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा पूर्ण योजनाओं में लंबित भुगतान से संबंधित मामलों का निष्पादन करने के निर्देश दिए। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा खराब चापाकलों की मरम्मत से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिन गांवों एवं पंचायतों में पेयजल की अन्य सुविधा उपलब्ध नहीं है, जहां अत्यंत जरूरी है। वहां खराब चापाकलों की मरम्मत को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रस्तावों के अनुमोदन से पूर्व योजनाओं की स्थलीय जांच करने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि एक ही स्थान पर दो योजनाओं की स्वीकृति न हो एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीकृत योजनाओं का पुनरावृत्ति न हो। उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारियों को पत्राचार कर समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए।बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सहित संबंधित एजेंसियों के एईई एवं जेईई उपस्थित थे।

उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लगभग 20 लोगों की समस्याएं

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय भवन के मुख्य द्वार पर साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहरी क्षेत्र के साथ-साथ सुदूरवर्ती इलाकों से आए आमजनों ने अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी फरियादियों की समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।जनता दरबार में विभिन्न विषयों से संबंधित समस्याएं सामने आईं। इनमें जमीन पर अवैध कब्जा, भारी बारिश से क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा दिलाने, जमीन के आपसी बंटवारे, आवास योजना का लाभ, अग्निपीड़ित दुकानदारों को नगर परिषद से नई दुकान उपलब्ध कराने, जमीन एवं घर से बेदखल करने, साप्ताहिक बाजार में दुकान नहीं लगाने देने, प्रज्ञा केंद्र संचालन हेतु आईडी उपलब्ध कराने, छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाने और पीला राशन कार्ड बनाने जैसे मामले शामिल थे।साप्ताहिक सिमडेगा बाजार में दुकान नहीं लगाने देने को लेकर कई दुकानदारों ने नगर परिषद के विरुद्ध शिकायत पत्र सौंपा। इस पर उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि बाजार में केवल निर्धारित एवं खाली स्थान पर ही दुकानें लगाई जाएं।

कोलेबिरा डैम के समीप शवदाहगृह का विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड स्थित पर्यटन स्थल बूढ़ा महादेव मंदिर एवं कोलेबिरा डैम के समीप गुरुवार को लंबे समय से लंबित शवदाहगृह निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने किया। इस अवसर पर शिलापट्ट का अनावरण भी किया गया।विधायक ने कहा कि यह कार्य उनके लिए आत्मिक संतोष का विषय है, क्योंकि वर्षों से ग्रामीणों की यह मांग थी। उन्होंने कहा कि कोलेबिरा में विकास की गंगा बहेगी और वे केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि योजनाओं के धरातल पर सफल क्रियान्वयन के लिए तत्पर रहेंगे।कांग्रेस नेताओं श्यामलाल प्रसाद और सुलभ डुंगडुंग ने बताया कि यह क्षेत्र पर्यटक स्थल के रूप में दर्ज है, लेकिन शवदाह की सुविधा के अभाव में लोगों को कठिनाई होती थी। अब यह सुविधा जनता को राहत देगी।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, मुखिया अंजना लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि सुनिल खड़िया, रावेल लकड़ा, जमीर खान, क्लेमेंट लकड़ा, तजमुल खान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

सूखा पेड़ हटाया गया

कोलेबिरा। लचरागढ़-बानो मुख्य मार्ग स्थित लचरागढ़ टावर चौक के पास जियो ऑफिस के समीप वर्षों पुराना एक सूखा पेड़, जो लगातार खतरा बना हुआ था, आखिरकार गुरुवार सुबह हटा दिया गया। पेड़ पूरी तरह से सूख चुका था और उसकी डालियाँ टूट-टूट कर गिर रही थीं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।स्थानीय ग्रामीणों ने संभावित दुर्घटना की आशंका को देखते हुए वन विभाग और कोलेबिरा अंचल कार्यालय को लिखित आवेदन देकर पेड़ को हटवाने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए अंचलाधिकारी अनुप कच्छप ने तत्काल संज्ञान लिया और अपने निर्देश पर गुरुवार सुबह उक्त पेड़ को कटवा कर रास्ते से हटवा दिया।

कोलेबिरा नाबालिग दुष्कर्म मामले पर हिंदू जागरण मंच ने जताया रोष

सिमडेगा। कोलेबिरा थाना क्षेत्र में हाल ही में एक नाबालिग हिंदू बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इसी को लेकर गुरुवार को सिमडेगा परिषदन में हिंदू जागरण मंच ने प्रेस वार्ता आयोजित कर घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिनाथ शाहदेव एवं तोरपा विधानसभा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने इस घटना की कड़ी निंदा की और इसे लव जिहाद की साजिश करार दिया।ऋषिनाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड में नाबालिगों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं चिंताजनक रूप से बढ़ी हैं। कोलेबिरा की घटना में एक गैर-हिंदू युवक द्वारा बच्ची को अपहरण कर तीन दिनों तक अपने घर में रखकर दुष्कर्म किया गया, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपी व उसके पिता को गिरफ्तार किया है, लेकिन जब घटना घर में हुई तो घर के अन्य सदस्य भी दोषी हैं। उन्होंने पुलिस से सभी पर कार्रवाई की मांग की।प्रेस वार्ता में मंच ने यह भी आरोप लगाया कि सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा में एक विशेष समुदाय के अधिकारियों की नियुक्ति के बाद ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं। वहीं, उन्होंने सिमडेगा पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना भी की। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी एवं उसके पिता को जेल भेजा। और यह कार्य पुलिस की सक्रियता को दिखाती है। पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को त्वरित सरकारी सहायता देने की मांग की। प्रेस कांफ्रेंस मे हिंदू जागरण मंच के प्रदेश प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा भाजपा नेता ओम प्रकाश साहू अशोक इंदवार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

विद्यालय में नव नामांकित विद्यार्थियों का भव्य स्वागत समारोह आयोजित

बानो। प्रखंड स्थित राजकीय +2 उच्च विद्यालय हुरदा में नए सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य बिजू महतो एवं विद्यालय के प्राचार्य रेमेलुस केरकेट्टा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने नवागंतुकों का तिलक व बुके भेंट कर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।मुख्य अतिथि बिजू महतो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, परिश्रम और गुरुजनों के सम्मान को सफलता की कुंजी बताया। प्राचार्य ने भी निरंतर प्रयास और लगन से पढ़ाई करने पर बल दिया।कार्यक्रम में छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बाँध दिया। प्रथम स्थान निशिता एंड ग्रुप, द्वितीय तनु-खुशबू ग्रुप, तृतीय नितरन एंड ग्रुप को मिला। रोस प्रतिमा आइंद को 'बेस्ट डांसर' का खिताब मिला।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक व रसोइया उपस्थित रहे।

लॉटरी प्रक्रिया की तिथि बार-बार टालने

आजसू पार्टी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। नगर परिषद सिमडेगा द्वारा मार्केट कॉम्प्लेक्स के दुकानों के आवंटन को लेकर प्रस्तावित लॉटरी प्रक्रिया की तिथि एक बार फिर स्थगित किए जाने से नाराज आजसू पार्टी जिला कमेटी सिमडेगा ने गुरुवार को उपायुक्त को पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने आरोप लगाया कि नगर परिषद द्वारा बार-बार तिथि टालने से सैकड़ों आवेदकों को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि आवंटन प्रक्रिया में किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मिलीभगत है और प्रक्रिया पारदर्शी नहीं हो रही है।ज्ञापन में मांग की गई कि दुकानों के आवंटन के लिए अब एक निश्चित तिथि तय की जाए, जिसकी सार्वजनिक घोषणा की जाए तथा भारी संख्या को देखते हुए लॉटरी की प्रक्रिया अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में की जाए।

साथ ही, जिन लोगों को पूर्व में दुकान आवंटित की जा चुकी है या जिनके परिवार के सदस्य लाभ ले चुके हैं, उन्हें इस प्रक्रिया से बाहर रखा जाए। इसके अलावा पहले से आवंटित दुकानों के किराये या बिक्री की निष्पक्ष जांच करने तथा पूरे प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष रखने की भी मांग की गई।पार्टी ने चेताया कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। मौके पर आजसू जिलाध्यक्ष धूपेन्द्र पाण्डेय, सचिव विकास बड़ाईक, उपाध्यक्ष अनिल मेहर, प्रवक्ता शिवनाथ डेहरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में वज्रपात से किसानों को भारी नुकसान, एक महिला झुलसी

कोलेबिरा। गुरुवार की दोपहर ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अचानक हुई तेज बारिश और बज्रपात ने ग्रामीणों पर कहर ढा दिया। लगभग 4:30 बजे हुई बिजली गिरने की घटना में घोड़ी टोली गांव के कई किसानों को भारी नुकसान हुआ, जबकि एक महिला झुलस गई।घटना में सुरसेन कुल्लू पिता डेनियल कुल्लू के तीन बैल एवं तीन बकरी, लूथर डुंगडुंग पिता स्व. समुएल डुंगडुंग के दो बैल एवं पांच बकरी तथा नियरजन डुंगडुंग पिता स्व. सैमुअल डुंगडुंग का एक बैल मौके पर ही मर गए। वहीं जोराम पंचायत के राइबहार तुरी टोली में ज्योति कुल्लू (उम्र 45), पत्नी बिलचुस कुल्लू, घर पर बिजली बोर्ड के पास झटका लगने से बेहोश हो गईं। उन्हें ग्रामीणों व मुखिया की सूचना पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना की जानकारी ग्रामीणों ने कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को दी, जिन्होंने प्रतिनिधि समी आलम को घटनास्थल भेजकर पीड़ितों से मुलाकात कराई और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अस्फाक आलम, मुखिया संगीता मिंज, उप मुखिया कोरोलिना सोरेंग सहित कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद थे।

जनता दरबार — विधायक के नेतृत्व में आयोजित हुआ जनता दरबार

भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात खुलकर रखने का अधिकार है : कोंगाड़ी

- छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान प्रखंड और पंचायत स्तर पर ही होना चाहिए

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय कोलेबिरा के सभागार में गुरुवार को विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी की अध्यक्षता में एक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड और अंचल प्रशासन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनता, पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया, वार्ड सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा पारंपरिक आदिवासी नृत्य से की गई। मंच पर विधायक का स्वागत पुष्पमाला एवं बुके देकर किया गया। उद्घाटन भाषण अंचल अधिकारी अनुप कच्छप ने दिया। विधायक कोनगाड़ी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात खुलकर रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा दिए गए सभी आवेदन पर त्वरित और उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदन का रिसीविंग हर नागरिक को अवश्य दिया जाए। खाद्य आपूर्ति विभाग से जुड़ी गड़बड़ियों पर संज्ञान लेते हुए विधायक ने कहा कि अब डीलरों द्वारा गोदाम से खाद्यान्न उठाव के समय पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और तौल की निगरानी करेंगे। यदि इसके बाद भी गड़बड़ी होती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के बीच सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इनमें मनरेगा जॉब कार्ड, मूंगफली बीज, बत्तख वितरण, वन पट्टा, अबुआ आवास की चाभी, उड़द/अरहर बीज, फाइलेरिया किट, वृद्धा एवं विधवा पेंशन प्रमाण पत्र, झारखंड सरकार की "फूलो-झानो आशीर्वाद योजना" का डमी चेक आदि शामिल रहे। विधायक ने संविधान के अनुच्छेद 245 का हवाला देते हुए पंचायती राज की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान प्रखंड और पंचायत स्तर पर ही होना चाहिए।

सेवा गारंटी कानून के तहत सभी नागरिकों को बिना भेदभाव के समय पर योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। साथ ही रिश्वत लेकर काम करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।उन्होंने कहा लोग मईयाँ योजना वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, केसीसी ऋण माफी , हर घर नल जल योजना, 200 यूनिट फ्री बिजली योजना आदि से वंचित हैं, वे समय पर आवेदन तैयार रखें।

साथ ही दुर्घटना, बज्रपात, सांप काटने जैसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में पोस्टमार्टम कराकर सरकारी लाभ लेने की जानकारी भी दीविधायक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और विभागों को जनहित में और बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो, अंचल अधिकारी अनुप कच्छप, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, मुखिया अंजना लकड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद शमी आलम, सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, प्रदेश कांग्रेस नेता जमीर खान, अल्पसंख्यक नेता तजमुल खान, प्रखंड पदाधिकारीगण, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आवास, जल आपूर्ति, मनरेगा, महिला बाल विकास, पेंशन, राजस्व आदि विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यूज बॉक्स

सांप के काटने से 13 वर्षीय बच्ची की मौत

सिमडेगा। सदर अस्पताल सिमडेगा में गुरुवार की सुबह सांप के काटने से एक 13 वर्षीय बच्ची दुगी भेंगरा की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दुगी भेंगरा मूल रूप से खूंटी जिला के डोड़मा गांव की रहने वाली थी और बराबरपानी गांव में अपने रिश्तेदार के घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी।बुधवार की रात वह सो रही थी, तभी उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया। रात में उसे कोई एहसास नहीं हुआ, लेकिन सुबह उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजन उसे तुरंत सिमडेगा सदर अस्पताल के पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराए, जहां इलाज के क्रम में उसकी स्थिति और गंभीर हो गई और अंततः उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी सिमडेगा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से परिवार एवं गांव में शोक की लहर फैल गई है।

सिमडेगा में मालवाहक ट्रक पलटी चालक गंभीर रूप से घायल

सिमडेगा। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरू गुरुकुल के पास गुरुवार की अहले सुबह एक मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक जमशेदपुर से पुणे जा रही थी और उसमें इंजन का भारी लोहे का सामान लदा हुआ था। बताया गया कि बीरू गुरुकुल के पास तेज रफ्तार और खराब सड़क के कारण ट्रक असंतुलित होकर पलट गई। ट्रक पलटते ही चालक मंटू सिंह केबिन में बुरी तरह फंस गया।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत से चालक को बाहर निकाला। इस दौरान चालक को छाती में गहरी चोट आई, जिससे उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सदर अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।फिलहाल पुलिस ने ट्रक को सड़क से हटवाने और यातायात सामान्य करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही पूरे मामले की जांच भी की जा रही है। इधर ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के द्वारा सदर अस्पताल पहुंचकर घायल चालक का हाल-चाल जाना तथा हर संभव मदद करने की बात कही।

सिमडेगा में प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ की बैठक, दिवंगत सीएससी को दी श्रद्धांजलि

सिमडेगा। गुरुवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में पंचायत शिफ्टेड प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चतरा जिले के सीएससी शैलेंद्र कुमार सिंह की आत्महत्या पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित सदस्यों ने पीड़ित परिवार को यथाशक्ति सहयोग देने का निर्णय लिया।संचालकों ने कहा कि शैलेंद्र कुमार सिंह ने चार माह से वेतन न मिलने और अधिकारियों के दबाव के कारण पंचायत भवन में ही आत्महत्या कर ली। संघ ने सरकार से मृतक परिवार को आर्थिक सहायता देने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।बैठक में निर्णय लिया गया कि समस्याओं को लेकर एक दिवसीय जिलेभर के प्रज्ञा केंद्र बंद रखे जाएंगे और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा।सीएससी ने यह भी आरोप लगाया कि मनरेगा, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सत्यापन जैसे कार्यों को सरकार के निर्देश के बावजूद पंचायत स्तर पर न देकर ब्लॉक स्तर से कराया जा रहा है, जिससे वे बेरोजगार होकर पंचायत कार्यालयों में बैठे रहते हैं।संचालकों ने यह भी बताया कि उन्हें 7500 के स्थान पर सीएससी द्वारा मात्र 2475 प्रतिमाह दिया जा रहा है, वह भी पिछले 5 महीने से नहीं मिला है। संघ ने मानदेय को श्रम दर के अनुसार नियमित करने की मांग की है। बैठक में जिलेभर के प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित

बानो। प्रखंड मुख्यालय बानो में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 को लेकर मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रखंड प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में सभी राजनीतिक दलों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो-दो बूथ लेवल एजेंट की प्रतिनियुक्ति करते हुए सूची शीघ्र उपलब्ध कराएं, जिससे पुनरीक्षण कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।बैठक में यह भी चर्चा की गई कि राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय बानो एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय बोयसोर में मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक होने के कारण इन मतदान केंद्रों का विखंडीकरण कर पुनर्गठन किया जाएगा, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़ी सभी गतिविधियों जैसे- मतदाता सूची अद्यतन, नए मतदाता जोड़ने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।बैठक में जिला परिषद सदस्य एवं झामुमो प्रतिनिधि बिरजो कंडुलना, कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद रफीक अंसारी, भाजपा महामंत्री फिरू बड़ाईक, अनमोल लुगुन, आलोक बरला, रायकेरा ग्राम सभा अध्यक्ष घनश्याम सिंह सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित थे।

डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा से राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

सिमडेगा। डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा से राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभिन्न खेल टीमों की 47 सदस्यीय टोली गुरुवार को अलग-अलग स्थलों के लिए रवाना हुई।विद्यालय की फुटबॉल एवं क्रिकेट टीम डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर, बैडमिंटन टीम गुमला, वेटलिफ्टिंग टीम डालटेनगंज, शतरंज टीम गढ़वा और ऊसू टीम हेहल के लिए प्रस्थान की। सभी छात्र-छात्राओं के साथ सुरक्षा और देखरेख के लिए विद्यालय से सात शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम एस्कॉर्ट के रूप में साथ गई है।

हजारीबाग शहर से सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान की छठे जत्थे हुए रवाना

चार धाम की यात्रा कर सकेंगे 65 तीर्थयात्री

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद और जननेता मनीष जायसवाल द्वारा बुजुर्गों के सम्मान में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी "सांसद तीर्थ दर्शन" महाअभियान के तहत गुरुवार को छठा जत्था सी तीर्थाटन के लिए रवाना हुआ। इस बार हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 स्थित ग्वालटोली चौक से 65 तीर्थयात्रियों का उत्साहपूर्वक समूह उत्तर प्रदेश के चार प्रमुख तीर्थ स्थलों यथा तीर्थराज प्रयाग, काशी विश्वनाथ, अयोध्या, और मां विंध्यवासिनी के दर्शन और पूजन के लिए निकला। यह जत्था लेपो रोड स्थित लक्ष्मी सिनेप्लेक्स सभागार से रवाना हुआ। जहाँ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल-ताशे के साथ तीर्थयात्रियों का भव्य सम्मान किया। सांसद मनीष जायसवाल की ओर से सभी श्रद्धालुओं को तीर्थाटन किट और अंग-वस्त्र भेंट किए गए। इसके बाद विशाल भगवा ध्वज लहराते हुए और डीजे के साथ गाजे-बाजे की धुन पर नाचते-झूमते हुए और यात्रियों पर पुष्प वर्षा करते हुए जीटीसी चौक, पंचमंदिर चौक, झंडा चौक, भगत सिंह चौक, कालीबाड़ी चौक और बंशीलाल चौक होते हुए पदयात्रा की। यह पदयात्रा हजारीबाग के प्रसिद्ध तीर्थस्थल बूढ़वा महादेव तक निकाली गई। जहाँ सभी तीर्थयात्रियों ने बूढ़वा महादेव का आशीर्वाद प्राप्त कर अपनी चार धाम यात्रा के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और सांसद समर्थकों ने सभी तीर्थयात्रियों की सुखद यात्रा की कामना की। सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किया गया "सांसद तीर्थ दर्शन" महाअभियान समाज में बेहद लोकप्रिय हो रहा है। इस अभियान का पहला जत्था कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां और नवादा पंचायत से, दूसरा जत्था विष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामु पंचायत से, तीसरा जत्था केरेडारी प्रखंड के पेटो पंचायत से, चौथा जत्था पद्मा प्रखंड के पद्मा पंचायत से और पांचवां जत्था रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड स्थित भूचुंगडीह पंचायत से सफलतापूर्वक चार धाम की यात्रा कर सकुशल वापस आ चुके हैं। छठे जत्थे में हजारीबाग नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 के ग्वालटोली से यात्रियों को भेजा गया है जो इस अभियान की व्यापकता को दर्शाता है। सांसद जायसवाल ने इस यात्रा के लिए एक विशेष वातानुकूलित बस की व्यवस्था की है।

प्रेमटांड़ से बरमसिया स्कूल तक का रोड जर्जर

गर्भवती महिलाओं को खाट से उठा कर ले जाने को हैं मजबूर

डुमरी। प्रखंड के लक्ष्मणटुंडा पंचायत के टोला प्रेमटांड़ ग्रामीणों के आग्रह पर गुरूवार को झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो अपने सदस्यों के साथ प्रेमटांड़ पहुंचे ग्रामीणों ने यूनियन के सदस्यों को बताया कि लक्ष्मणटुंडा प्रेमटांड़ से बरमसिया स्कूल तक रोड की जर्जर व उबड़ खाबड़ की स्थिति में है जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है वहीं बरसात के दिनों में हमसभी को आने जाने में काफी दिक्कत होती है वहीं बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी होती है।किसी का तबीयत खराब हो जाने पर डॉक्टर के पास ले जाने में भी काफी दिक्कत होती है।गांव तक गाड़ी नहीं आने से बीमार लोगों व गर्भवती महिलाओं को खटिया से उठा कर ले जाना पड़ता है।यूनियन के सदस्यों ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि प्रेमटांड़ से बरमसिया स्कूल तक पथ निर्माण कराने की मांग विभागीय अधिकारियों से करेंगे साथ ही यदि आवश्यकता हुई तो सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों के संग आंदोलन भी करेंगे। मौके पर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष भगतु रविदास उर्फ रवि महासचिव रवींद्र कुमार प्रखंड सचिव घनश्याम सिंह ग्रामीण कुदुस अंसारी, माजदा खातून, जरीना खातून, किट्टी मियां,किताबुन निशा, नसीमा खातून,असगर अंसारी आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

चाईबासा। बीते 13 जुलाई की रात सदर थाना क्षेत्र के न्यू कालोनी नीमडीह में हुए सुमित यादव हत्याकांड मामले में कारवाई करते हुए पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो बाइक भी जब्त की गयी।

स्वर्णरेखा नदी में कूदी युवती, तलाश में जुटी पुलिस

जमशेदपुर। साकची स्थित मानगो छोटे पुल से एक युवती ने स्वर्णरेखा नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती ने कूदने से पहले अपना बुर्का और चप्पल पुल पर ही उतार दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मानगो थाना पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। पुलिस ने पुल पर रखा युवती का नकाब और जूती बरामद कर लिया है। इस संबंध में मानगो थाना के एसआई महेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवती मुस्लिम समुदाय की प्रतीत हो रही है।

जिले में सड़क सुरक्षा नियमों का लोग करें अनुपालन

सड़क हादसे में कमी लाने के उद्देश्य से करें कार्य : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

- शहरी क्षेत्र के अलावा स्कूल, कॉलेज के आसपास छोटे व बड़े वाहनों द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपलिंग, रैश ड्राइविंग एवं नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गिरिडीह। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रामनिवास यादव ने गुरुवार को शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इस दौरान उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। आगे उपायुक्त ने जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि ब्लैक स्पॉट की जगह हादसों में कमी लाई जा सके। आगे उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र के अलावा स्कूल, कॉलेज के आसपास छोटे व बड़े वाहनों द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपलिंग, रैश ड्राइविंग एवं नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन सभी सड़कों पर दुर्घटना संभावित जगहों पर जरूरी रोड साईनेज लगाएं तथा वहां हुई सड़क दुर्घटनाओं को भी वहां प्रदर्शित करें, ताकि लोग सचेत हो सके एवं दुर्घटना से बच सकें। आगे उपायुक्त ने भारी वाहनों की नियमित जांच सुनिश्चित करने, ओवरलोडिंग पर रोक लगाने, रेडियन लाइट और अन्य जरूरी मापदंडों की अनुपस्थिति में संबंधित वाहनों पर सख्त जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि गुड सम्रीटन का परिचय देने वाले व्यक्तियों को सरकार की योजना से लाभान्वित करें। साथ ही जिले में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया, ताकि सड़क दुर्घटना के गोल्डन पिरियड के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उसकी मदद करने वाले व्यक्ति को बिना पुछताछ किये पुरस्कृत किया जा सके। इसके अलावे हिट एंड रन मामले में तय समय अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, यातायात अनुमंडल पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मुखिया ने स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ियों को उपलब्ध करवाया जर्सी व बूट

बरही। धनवार पैक्स कार्यालय परिसर में मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने सराहनीय पहल करते हुए ग्रामीण फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी व बूट का वितरण किया. कार्यक्रम में संख्या में स्थानीय खिलाड़ी व दर्जनों की संख्या में ग्रामीण व प्रबुद्धजन शामिल हुए. स्थानीय खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए मुखिया ने कहा कि गांव के खिलाड़ी खेल के आधार स्तंभ हैं. इन्हें सहयोग और उचित प्रशिक्षण व मार्गदर्शन की आवश्यकता है. ग्रामीण स्तर पर खेलकूद को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है. उन्होंने खिलाड़ियों से भी नियमित व अनुशासित अभ्यास करने की बात कही. जर्सी व बूट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में मुकेश सिंह, चंदन कुमार, अर्जुन कुमार, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, पप्पू कुमार, दिलीप सिंह, संस्कार सिंह, पवन कुमार, अरविंद सिंह, गोविंद सिंह, अनीश सिंह, संजय सिंह, बसंत सिंह, कमलेश सिंह, विकास सिंह, रंजीत कुमार, गौतम कुमार व अनुज कुमार शामिल हैं. वितरण कार्यक्रम में प्रकाश साव, विवेक कुमार, खूबलाल प्रसाद आदि सहित कई लोग शामिल थे.

पत्थर बनी जतवा बाबा से आज भी सुनाई देती है ढोल की आवाज



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत के ग्राम गोरहर में एक ऐसी रहस्यमयी जगह है,जहां सतयुग की जतवा बाबा पत्थर के रूप में खड़ी है। मान्यता है कि कुल देवी के श्राप से चोर-चोरनी समेत पूरी जतवा को पत्थर में बदल दिया गया था। चौंकाने वाली बात यह है कि आज भी वहां मौजूद पत्थरों से ढोल-नगाड़ों जैसी ध्वनियाँ सुनाई देती हैं, जिसे ग्रामीण चमत्कार और श्राप का प्रतीक मानते हैं।स्थानीय ग्रामीण सह समाज सेवी कुंजलाल महतो बताते हैं कि घर में चोर या चोरनी घुसते ही जतवा से गड़गड़ाने की आवाज आने लगता था ।आज भी गांव के मध्य स्थित जतवा पहाड़ी से जतवा को ले कर चोरों ने भागने की प्रयास किया था । जैसे ही जमीन पर रखा तो चिपका हुआ वही चोरों का आकृति पत्थर की तरह निशान देखे जा सकते हैं। उप मुखिया अरुण महतो और मुखिया प्रतिनिधि छोटन कॉल, समाजसेवी कुंजलाल महतो जैसे ग्रामीणों की मानें तो, यह केवल दंतकथा नहीं, आस्था और विरासत का जीवंत उदाहरण है। यहां के लोग इन पत्थरों को श्रद्धा से पूजते हैं, और शादी से पहले कुलदेवी का आशीर्वाद लेना आवश्यक मानते हैं।यह जगह आज भी न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि लोककथाओं और सांस्कृतिक धरोहर में रुचि रखने वालों के लिए एक जीवित इतिहास है।

विभावि संस्कृत विभाग में विदाई समारोह आयोजित

विद्यार्थी हमेशा सन्मार्ग में चलें: डॉ अंजुम आरा

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग में बृहस्पतिवार दिनांक 24 जुलाई को चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ अंजुम आरा ने किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके भावी जीवन के लिए मंगल कामना की एवं उन्हें आशीर्वाद दिया। साथ ही डॉ आरा ने विद्यार्थियों को सन्मार्ग में चलने एवं अपने लक्ष्य को पुरा करने के लिए प्रेरणादायक बातें कही। पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ नकुल पाण्डेय ने चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विदाई जीवन का हिस्सा है। जो विभाग में आते हैं उन्हें जाना ही होता है, किन्तु उस दौरान उन्हें अपना कर्म करते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि "उद्यमेन हि सिद्धयन्ति, " अर्थात उद्योग करने से ही अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है।उन्होंने कहा कि गुरुओं की बात को अन्यथा नहीं लेना चाहिए। विद्यार्थियों को क्रोध से बचने एवं न्याय के लिए खड़े होने हेतु प्रोत्साहित किया एवं वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगति करें और लक्ष्य को प्राप्त करें, ऐसा आशीर्वाद दिया।

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521
Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्श अभियान (DAJGUA) के तहत् अति अल्पकालीन आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा गुमला जिले के सभी अनुसूचित जनजाति के मत्स्य कृषकों एवं मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 04 रा0(वि0) दिनांक 10.06.2025 द्वारा "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" अन्तर्गत "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्श अभियान (DAJGUA)" के तहत् प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध दिनांक **31-07-2025** तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के इतर **DAJGUA** में सरकार का अनुदान अधिक है। इस योजना के तहत् जनजातीय लाभुक जनित योजनाओं जिसमें Community Forest Resourse (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये हैं, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत **90 % (केन्द्राशं 60 : राज्यांश 40)** तथा शेष **10%** लाभुक का अंशदान है। वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु लाभुक जनित योजनाएँ निम्नाकिंत है:–

क्र0	योजना का नाम	ईकाई (सं0)	ईकाई लागत (लाख में)	लक्ष्य	कोटि	अनुदान की राशि (ला0में)	लाभुक का अंशदान (ला0में)
1	मोटर साईकिल आईस बॉक्स सहित	1	0.75	1	ST	0.675	0.075
2	तीन पहिया वाहन आईस बॉक्स सहित	1	3.00	1	ST	2.70	0.30

उक्त योजना अन्तर्गत लाभ लेने हेतु गुमला जिला के अनुसूचित जनजाति के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला से आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

साथ ही वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत राज्यादेश संख्या 29 दिनांक 01.12.2023 द्वारा प्राप्त Small RAS (01 Tank) एवं Backyard Ornamental Fish Unit योजना हेतु प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि भोश रह गई है, जिस हेतु Small RAS (01 Tank) एवं Backyard Ornamental Fish Unit योजना हेतु दिनांक **31-07-2025** तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.358110 Fish(25-26):D

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

76 वीं औपबंधिक सूची
जिला– चतरा (पार्ट–2)

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मिनहाजुल हक के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एव पहचान के आधार पर।	
67.	1. आवेदन क्र0–407/25 2. आवेदक–सलमा खातून , पति–अब्दुल्लाह अंसारी 3. ग्राम–खाप , पोस्ट–हफुआ , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा 4. लिंग–महिला , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
68.	1. आवेदन क्र0–408/25 2. आवेदक–खदिजा खातून, पति–स्व0 अमानउल्लाह अंसारी 3. ग्राम–कामता , पोस्ट–राहम , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
69.	1. आवेदन क्र0–409/25 2. आवेदक–सैरून निशा, पति–स्व0 रूस्तम अली 3. ग्राम–कामता , पोस्ट–राहम , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
70.	1. आवेदन क्र0–410/25 2. आवेदक–सतीया देवी , पति–स्व0 फागु सिंह 3. ग्राम–भांग कुरकुटा, पोस्ट–कौल्हैया , थाना–राजपुर , प्रखण्ड–कान्हाचट्टी 4. लिंग–महिला , आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
71.	1. आवेदन क्र0–411/25 2. आवेदक–मो0 याकुब , पिता–हातिम मियां 3. ग्राम–लावालौंग , पोस्ट–लावालौंग , थाना–लावालौंग , प्रखण्ड–लावालौंग 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
72.	1. आवेदन क्र0–412/25 2. आवेदक–अजबुल मियां , पिता–चमन मियां 3. ग्राम–कसारी, कासिआतु , पोस्ट–सिमरिया , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जहुर मियां एवं बालेश्वर कुमार द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।	
73.	1. आवेदन क्र0–413/25 2. आवेदक–सुधीर कुमार दुबे , पिता –बद्रीनाथ दुबे 3. ग्राम–सिन्दुवारी कला , पोस्ट–बारीसाखी , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड– गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
74.	1. आवेदन क्र0–414/25 2. आवेदक–जनार्दन राम दाँगी , पिता –सुखदेव दाँगी 3. ग्राम–कटघरा , पोस्ट– गिद्धौर , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड– गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामेश्वर महतो , राजेन्द्र दांगी एवं पुष्कर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।	
75.	1. आवेदन क्र0–50/25 2. आवेदक–महेश कुमार, पिता–भिखी महतो 3. ग्राम–बडकी धमराय, पोस्ट–तिलैया डेम, थाना–जयनगर, प्रखण्ड–जयनगर 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पिछे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
76.	1. आवेदन क्र0– 51/25 2. आवेदक–लखन प्रसाद वर्मा, पिता–बुलाकी महतो 3. ग्राम–गुमो बरवाडीह, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह– पीठ के पिछे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
77.	1. आवेदन क्र0–510/25 2. आवेदक–तुलसी प्रसाद, पिता–पोखन महतो 3. ग्राम–बहेरी, पोस्ट–बहेरी, थाना–हजारीबाग, प्रखण्ड–सदर हजारीबाग 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
78.	1. आवेदन क्र0– 52/25 2. आवेदक–आनन्द कुमार वर्मा, पिता–दामोदर महतो 3. ग्राम–गुमो बरवाडीह, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पिछे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
79.	1. आवेदन क्र0–53/25 2. आवेदक–महावीर यादव, पिता–रामू गोप 3. ग्राम–छोटकी धमराय, पोस्ट–तिलैया डेम, थाना–जयनगर, प्रखण्ड–चन्दवारा 4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान के पीछे कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
80.	1. आवेदन क्र0–415/25 2. आवेदक–नन्द किशोर दांगी, पिता–स्व0 छेदी महतो 3. ग्राम–सिंघानी, पोस्ट–पथलगड्डा, थाना–पथलगड्डा, प्रखण्ड–पथलगड्डा 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पिछे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
81.	1. आवेदन क्र0–416/25 2. आवेदक–रामकली देवी, पति–चद्रशेखर प्रसाद 3. ग्राम–कोबना, पोस्ट–कोबना, थाना–हंटरगंज, प्रखण्ड–हंटरगंज, 4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में जले का निशान।	कंडिका–2(ix)
82.	1. आवेदन क्र0–417/25 2. आवेदक–बंशी दांगी, पिता–स्व0 मंगल महतो 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट– गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पिछे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
83.	1. आवेदन क्र0– 418/25 2. आवेदक–प्रदीप पासवान, पिता–सत्यनारायण पासवान 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
84.	1. आवेदन क्र0–419/25 2. आवेदक–सहदेव दांगी, पिता–नान्हो महतो 3. ग्राम–सिंघानी, पोस्ट–पथलगड्डा, थाना–पथलगड्डा, प्रखण्ड–पथलगड्डा 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है।	कंडिका–2(ix)
85.	1. आवेदन क्र0–420/25 2. आवेदक–छोटेलाल दांगी, पिता–स्व0 केशो महतो 3. ग्राम–करनी, पोस्ट–करनी, थाना–इटखोरी, प्रखण्ड–इटखोरी 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पिछे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
86.	1. आवेदन क्र0–421/25 2. आवेदक–जनार्दन दांगी, पिता–पूरन दांगी 3. ग्राम–पितीज, पोस्ट–पितीज, थाना–इटखोरी, प्रखण्ड–इटखोरी 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
87.	1. आवेदन क्र0–422/25 2. आवेदक–सियाराम प्रसाद, पिता–स्व0 बैजनाथ महतो 3. ग्राम–कटिया गोदाम , पोस्ट–जोरी, थाना–जोरी, प्रखण्ड–हंटरगंज 4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
88.	1. आवेदन क्र0–423/25 2. आवेदक–भुनेश्वर दांगी, पिता–स्व0 रूपचन्द्र दांगी 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पिछे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
89.	1. आवेदन क्र0–511/25 2. आवेदक–प्रभुनाथ यादव, पिता–काली यादव 3. ग्राम–बुकरू, पोस्ट–पेटो, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुड़ी में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
90.	1. आवेदन क्र0–512/25 2. आवेदक–कृष्णा यादव, पिता–मगन महतो 3. ग्राम–बुकरू, पोस्ट–पेटो, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुड़ी में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
91.	1. आवेदन क्र0–424/25 2. आवेदक–कैलाश कुमार दांगी, पिता–बालदेव दांगी 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख में फुला हुआ निशान।	कंडिका–2(ix)
92.	1. आवेदन क्र0– 425/25 2. आवेदक–विनय दांगी, पिता–स्व0 जगदीश दांगी 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने लिलार में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
93.	1. आवेदन क्र0–426/25 2. आवेदक–लखन दांगी, पिता–स्व0 रूपचन्द्र महतो 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
94.	1. आवेदन क्र0– 427/25 2. आवेदक–मो0 तोकीर अंसारी, पिता–स्व0 मो0 सहिद अंसारी 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
95.	1. आवेदन क्र0–428/25 2. आवेदक–मजलूम अंसारी, पिता–स्व0 शहिद अंसारी 3. ग्राम–किरकीरा, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
96.	1. आवेदन क्र0– 429/25 2. आवेदक–घनश्याम दांगी, पिता–स्व0 टेकचन्द्र महतो 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
97.	1. आवेदन क्र0–513/25 2. आवेदक–जगदीश साव, पिता–द्वारिका साव 3. ग्राम–गरीकला, पोस्ट–गरीखुर्द, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी 4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल के पास कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
98.	1. आवेदन क्र0– 430/25 2. आवेदक–रामचन्द रामेश्वर दांगी, पिता–रामेश्वर दांगी 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
99.	1. आवेदन क्र0–431/25 2. आवेदक–दिनेश्वर दांगी, पिता–स्व0 रीतु महतो 3. ग्राम–सिंदुवारी, पोस्ट–बारीसाखी, थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
100.	1. आवेदन क्र0–432/25 2. आवेदक–गीता देवी, पति–यदुनन्दन प्रसाद वर्मा 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
101.	1. आवेदन क्र0–433/25 2. आवेदक–जगदीश दांगी, पिता–मनी महतो 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में टेड़ा हुआ का निशान।	कंडिका–2(ix)
102.	1. आवेदन क्र0–434/25 2. आवेदक–उमेश कुमार वर्मा पिता–फागु महतो 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के बगल में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
103.	1. आवेदन क्र0–435/25 2. आवेदक–छटु प्रजापति, पिता–स्व0 त्रिवेणी प्रजापति 3. ग्राम–सिंघानी, पोस्ट–पथलगड्डा, थाना–पथलगड्डा, प्रखण्ड–पथलगड्डा 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
104.	1. आवेदन क्र0– 436/25 2. आवेदक–रतन सिंह, पिता–स्व0 प्रयाग सिंह 3. ग्राम–चैनपुर, पोस्ट–पेल्टोल, थाना–राजपुर, प्रखण्ड–कान्हाचट्टी 4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
105.	1. आवेदन क्र0– 437/25 2. आवेदक–प्रमेश्वर दांगी, पिता–स्व0 महादेव दांगी 3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर थाना–गिद्धौर प्रखण्ड–गिद्धौर 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
106.	1. आवेदन क्र0–438/25 2. आवेदक–रामसागर साव , पिता–डमर साव 3. ग्राम–मयुरहंड , पोस्ट–मयुरहंड, थाना–इटखोरी, प्रखण्ड–इटखोरी 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है।	कंडिका–2(ix)
107.	1. आवेदन क्र0–439/25 2. आवेदक–भुनेश्वर साव , पिता–स्व0 बासुदेव साव 3. ग्राम–मयुरहंड , पोस्ट–मयुरहंड, थाना–मयुरहंड, प्रखण्ड–मयुरहंड 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–होठ पर तिल का निशान ।	कंडिका–2(ix)
108.	1. आवेदन क्र0–440/25 2. आवेदक–प्रभा देवी , पति–बासुदेव राणा 3. ग्राम–शहरजाम , पोस्ट–करनी , थाना–इटखोरी, प्रखण्ड–इटखोरी 4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा पर तिल का निशान ।	कंडिका–2(ix)
109.	1. आवेदन क्र0–441/25 2. आवेदक–केशिया देवी , पति–स्व0 बंशी साव 3. ग्राम–मयुरहंड , पोस्ट–मयुरहंड, थाना–मयुरहंड, प्रखण्ड–मयुरहंड 4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान ।	कंडिका–2(ix)
110.	1. आवेदन क्र0–442/25 2. आवेदक–विरेन्द्र कुमार , पिता–स्व0 बंशी साव 3. ग्राम–मयुरहंड , पोस्ट–मयुरहंड, थाना–मयुरहंड, प्रखण्ड–मयुरहंड 4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ओर ललाट में तिल का निशान ।	कंडिका–2(ix)
111.	1. आवेदन क्र0–54/25 2. आवेदक–सिया देवी , पति–राजेन्द्र प्रसाद 3. ग्राम–नवादा बस्ती , पोस्ट–झुमरी तिलैया , थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–झुमरी तिलैया 4. लिंग–महिला, आयु–53वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
112.	1. आवेदन क्र0–443/25 2. आवेदक–लक्ष्मन यादव , पिता–स्व0 लोकन यादव 3. ग्राम–गम्हरिया , पोस्ट–मयुरहंड, थाना–इटखोरी , प्रखण्ड–इटखोरी 4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
113.	1. आवेदन क्र0–444/25 2. आवेदक–अर्जुन भुईयाँ , पिता–स्व0 गोपी भुईयाँ 3. ग्राम–मयुरहंड , पोस्ट–मयुरहंड, थाना–इटखोरी, प्रखण्ड–इटखोरी 4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में ऑपरेसन का निशान ।	कंडिका–2(ix)
114.	1. आवेदन क्र0–445/25 2. आवेदक–पोखनी देवी , पति–सुखदेव बडही 3. ग्राम–मयुरहंड , पोस्ट–मयुरहंड, थाना–मयुरहंड, प्रखण्ड–मयुरहंड 4. लिंग–महिला, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान ।	कंडिका–2(ix)

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | PR 358090 Home (25-26)_D | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

संपादकीय

ऑपरेशन सिंदूर बिना युद्ध रणनीति की मिसाल

पाकिस्तान के प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थकों सहित उसकी दुष्टता को बिना अपना नुकसान पहुंचाए धराशाई करने की रणनीति की मिसाल है जो विश्व में चर्चित है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ हुए मिनी-युद्ध के दौरान क्या भारत ने सचमुच पाकिस्तान के आणविक अस्त्र भंडार स्थल किराना हिल्स पर हमला कर उसे कोई संदेश देने की कोशिश की थी? अगर हम दो महीने पहले हुए भारत के ऑपरेशन सिंदूर की प्रतिक्रिया में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध की बात करें, तो एयर मार्शल एके भारती ने तीनों सेनाओं के प्रवक्ताओं द्वारा पत्रकारों को संबोधित करते हुए साफ-साफ कहा था, 'हमने किराना हिल्स को हिट नहीं किया है, चाहे वहां पर कुछ भी हो।' समझा जाता है कि किराना हिल्स के पहाड़ों में छिपी इन गुफाओं में पाकिस्तानी सेना ने अपने न्यूक्लियर वारहेड जमा कर रखे हैं। लेकिन ओपन सोर्स इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ डेमियन साइमन भारत के इस दावे को नकारते हैं। उनका कहना है कि सेटेलाइट इमेजरी के अनुसार भारत ने पाकिस्तान की किराना हिल्स पर हमला किया था। हालांकि, उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि चित्र दर्शाता है कि हमले का उद्देश्य सिर्फ चेतावनी देना था और उसमें कोई भूमिगत या भेद्य प्रभाव नहीं हुआ। ज्ञातव्य है कि इस मिनी-युद्ध के दौरान पाकिस्तान के चकलाला में नूर खान एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले के बाद ही पाकिस्तान ने युद्धविराम की गुहार लगाई थी। जियो-इंटेलिजेंस रिसर्चर और ओपन सोर्स इंटेलिजेंस विशेषज्ञ साइमन इंटेल लैब पर अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के सरगोधा क्षेत्र का एक फोटो जारी किया है, जो कि उनके दावे के अनुसार पिछले महीने ही अपडेट किया गया है। यह चित्र मई 2025 में किराना हिल्स पर भारत के हमले की इंपैक्ट लोकेशन दिखाता है। बहरहाल, यह काफी दिलचस्प और दिमाग को झकझोरने वाली बात है कि किस तरह आधुनिक संघर्षों का विच्छेदन न सिर्फ सरकारों, बल्कि की-बोर्ड के पीछे बैठे कुछ लोगों द्वारा भी किया जाता है। लेकिन क्या यही एक चेतावनी थी, जो पाकिस्तान को दी गई थी? 9 मार्च, 2022 को शाम के सात बजे भारत से चली हुई ब्रह्मोस मिसाइल पाकिस्तानी सीमा के 120 किलोमीटर अंदर मियां चन्नू नामक स्थान पर गिरी। चूंकि मिसाइल के सर पर कोई वारहेड नहीं था, लिहाजा जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके लगभग 24 घंटे बाद, पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने कहा कि 'एक तेज गति से उड़ने वाली वस्तु' भारत से आई और स्थानीय समयानुसार शाम सात बजे से थोड़ा पहले पाकिस्तानी क्षेत्र में उतरी। एक और 24 घंटे बाद-मिसाइल के पाकिस्तान से टकराने के दो दिन बाद-भारत सरकार ने सार्वजनिक रूप से पुष्टि की कि उसकी एक मिसाइल 'नियमित रखरखाव' के दौरान गलती से लॉन्च होकर पाकिस्तान में चली गई थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में 'नियमित रखरखाव और निरीक्षण के दौरान एक मिसाइल का अनजाने में छोड़ा जाना' स्वीकार किया। भारत ने इस घटना पर गहरा खेद व्यक्त किया। साथ ही यह राहत भी व्यक्त की कि किसी की जान नहीं गई। उक्त घटना के अन्य कूटनीतिक आयाम चाहे जो हों, लेकिन मिसाइल टेक्नोलॉजी को जानने वाले अच्छी तरह जानते हैं कि सतह से सतह तक या सरफेस टू सरफेस मिसाइल दुर्घटनावश चल ही नहीं सकती।

भारत ने इस घटना पर गहरा खेद व्यक्त किया। साथ ही यह राहत भी व्यक्त की कि किसी की जान नहीं गई।

भुलाए नहीं जा सकते स्वराज्य के पहले वैचारिक योद्धा गणेश वासुदेव जोशी

गणेश वासुदेव जोशी पुण्यतिथि

गणेश वासुदेव जोशी, जिन्हें इतिहास 'सार्वजनिक काका' के नाम से जानता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक सुधार के उन अमर नायकों में से एक हैं, जिनके योगदान ने देश की चेतना को नई दिशा दी। 25 जुलाई, 1880 को उनका निधन हुआ, परंतु उनकी विचारधारा, उनकी निर्भीकता और उनके द्वारा स्थापित मूल्य आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उनके जीवन का प्रत्येक पहलू—चाहे वह स्वदेशी आंदोलन का प्रारंभ हो, सामाजिक सुधारों के लिए उनका संघर्ष हो, या फिर स्वराज्य की मांग के साथ ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देना हो—एक ऐसी कहानी कहता है जो न केवल इतिहास के पन्नों में, बल्कि हर भारतीय के हृदय में अमर है। उनकी पुण्यतिथि पर हमें उनके जीवन और कार्यों को स्मरण करते हुए यह समझना होगा कि कैसे एक व्यक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति और जनकल्याण की भावना ने देश के भविष्य को आकार दिया।

गणेश वासुदेव जोशी का जन्म 9 अप्रैल, 1828 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुआ था। उनके पिता वासुदेव और माता सावित्रीबाई एक साधारण परिवार से थे, और उनके पिता का असमय निधन हो जाने के कारण जोशी जी का बचपन आर्थिक तंगी और चुनौतियों के बीच बीता। उनकी औपचारिक शिक्षा केवल मराठी तक सीमित रही, परंतु उन्होंने स्वाध्याय से अंग्रेजी सीखी और 1865 में 'मुख्तार वकील' की परीक्षा उत्तीर्ण कर पुणे में वकालत शुरू की। वकालत के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक और सार्वजनिक कार्यों में रुचि दिखाई, जो उनके जीवन का केंद्र बन गया। उनके इस समर्पण ने उन्हें 'सार्वजनिक काका' का सम्मानजनक उपनाम दिलाया।

जोशी जी का सबसे महत्वपूर्ण योगदान 2 अप्रैल, 1870 को 'पुणे सार्वजनिक सभा' की स्थापना थी। यह संस्था उस समय की पहली संगठित राजनीतिक मंचों में से एक थी, जिसने जनता की समस्याओं को ब्रिटिश प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया। इस सभा में महादेव गोविंद रानाडे जैसे प्रख्यात विचारक भी शामिल थे। सभा ने नमक कर को कम करने, 1876 के भयंकर अकाल में जनता को राहत दिलाने, और किसानों की स्थिति की जांच के लिए आयोग गठित करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए। यह सभा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (1885) की स्थापना की प्रेरणा बनी, और इसे 'कांग्रेस की जननी' कहा गया। जोशी जी ने इस मंच के माध्यम से भारतीयों में संगठित चेतना का बीज बोया, जो आगे चलकर स्वतंत्रता संग्राम का आधार बना।

उनका एक और क्रांतिकारी योगदान था स्वदेशी आंदोलन का प्रारंभ। 1872 में उन्होंने 'देशी व्यापारोत्तेजक मंडल' की स्थापना की और स्वदेशी वस्तुओं जैसे स्याही, साबुन, मोमबत्ती, और छाते के उत्पादन को प्रोत्साहित किया। उन्होंने पुणे, सतारा, नागपर. मंबई और सूरत में सहकारी सिद्धांतों पर आधारित दुकानें खोलने को बढ़ावा दिया और स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनियां आयोजित कीं। आगरा में कॉटन मिल की स्थापना भी उनके प्रयासों का परिणाम थी। 12 जनवरी, 1872 को उन्होंने खादी का उपयोग करने की शपथ ली और जीवनभर उसे निभाया। उनके इस स्वदेशी आंदोलन ने बाद में महात्मा गांधी को खादी और स्वदेशी के प्रचार की प्रेरणा दी। जोशी जी ने स्वदेशी को केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का साधन ही नहीं, बल्कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद को कमजोर करने की रणनीति के रूप में देखा।

1877 का दिल्ली दरबार गणेश वासुदेव जोशी के साहस और देशभक्ति का सबसे चमकदार अध्याय है। जब ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड लिटन ने क्वीन विक्टोरिया को 'भारत की महारानी' घोषित करने के लिए भव्य दरबार का आयोजन किया, तब जोशी जी ने पूर्ण स्वदेशी खादी वस्त्र पहनकर उस मंच पर भारत के लिए स्वराज्य की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि भारत को ब्रिटिश साम्राज्य के समान राजनीतिक और सामाजिक दर्जा मिलना चाहिए। यह उस समय की सबसे साहसी मांग थी, जब स्वतंत्रता की बात करना भी विद्रोह माना जाता था। उनके इस वक्तव्य ने न केवल उपस्थित भारतीय राजाओं और जनता को प्रभावित किया, बल्कि यह स्वतंत्रता संग्राम की भावी पीढ़ियों के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ।

जोशी जी केवल राजनीतिक कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक सुधारक भी थे। उन्होंने जातिगत भेदभाव, बालविवाह और विधवा विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर खुलकर विरोध किया। उनकी पत्नी सरस्वतीबाई ने 1871 में 'स्त्री विचारवती' नामक संस्था की स्थापना की, जो महिलाओं के बीच जातिगत भेदभाव को खत्म करने और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए काम करती थी। इस संस्था ने हल्दी-कुंकु जैसे सामाजिक आयोजनों के माध्यम से सभी जातियों की महिलाओं को एकजुट किया। जोशी जी ने स्वयं महाराष्ट्र के कई जिलों में किसानों की आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण किया और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाया।

उनकी निर्भीकता का एक और उदाहरण क्रांतिकारी वासुदेव बलवंत फडके के मुकदमे में उनकी वकालत थी। जब पुणे में कोई भी वकील फडके का केस लड़ने को तैयार नहीं था, तब जोशी जी ने न केवल उनका वकीलपत्र स्वीकार किया, बल्कि निर्भयता से कहा, "फडके को जैसे फांसी पर चढ़ाएंगे, वैसे ही मुझे भी चढ़ाएंगे, इससे ज्यादा वे क्या करेंगे?" यह साहस उस समय के दमनकारी माहौल में अभूतपूर्व था।

जोशी जी का प्रभाव उनके समकालीन और भावी नेताओं पर स्पष्ट दिखता है। उनकी बेटी का विवाह गोपाल कृष्ण गोखले से हुआ, जो स्वयं स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता बने। गोखले और तिलक जैसे नेताओं ने जोशी जी के स्वदेशी और संगठित चेतना के विचारों को आगे बढ़ाया। गांधी जी ने भी स्वीकार किया कि स्वदेशी और खादी का उनका अभियान जोशी जी जैसे अग्रदूतों से प्रेरित था।25 जुलाई, 1880 को हृदय रोग के कारण गणेश वासुदेव जोशी का निधन हुआ। उनके जीवन के 52 वर्ष भारत के लिए समर्पित रहे। उन्होंने न तो हथियार उठाए, न ही हिंसक विद्रोह किया, परंतु उनके विचारों की ताकत ने ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी और भारतीय जनता में स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की चेतना जगाई। उनकी पुण्यतिथि हमें यह स्मरण कराती है कि सच्चा राष्ट्रनिर्माण केवल युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि विचारों, साहस और सामाजिक सुधारों के मंच पर भी होता है। आज, जब हम उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, हमें यह आत्ममंथन करना होगा कि क्या हम उनके दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं? उनकी स्वदेशी की भावना, सामाजिक समानता की लड़ाई और स्वराज्य का सपना आज भी प्रासंगिक है। गणेश वासुदेव जोशी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा देशभक्त वही है जो न केवल अपने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़े, बल्कि उसके सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए भी समर्पित हो। उनकी पुण्यतिथि हमें प्रेरित करती है कि हम उनके विचारों को जीवित रखें, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को अपनाएं, और एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो उनके सपनों का साकार रूप हो। यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी उस महान आत्मा को, जिसने भारत को स्वतंत्रता और स्वाभिमान का पाठ पढ़ाया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात

प्रो. आरके जैन

इग्नू के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम एक अवसर

इग्नू के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य रोजगार और पेशेगत विकास के लक्ष्य को लेकर शिक्षार्थियों को व्यवहारिक कुशलता तथा ज्ञान से लैस करना है जिससे कि उनके लिए संगठनों तथा संस्थाओं में रोजगार की संभावनाएँ बढ़ पाएं । कई प्रचलित कार्यक्रम डिग्री, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट के हैं 'वे अलग-अलग क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। इन कार्यक्रमों में एम.बी.ए. कार्यक्रम आते हैं जिनमें एच.आर., मार्केटिंग, ऑपरेशन, एग्री बिजनेस, सप्लाईचेन तथा हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कार्यक्रम उपलब्ध हैं। एग्री बिजनेस में स्टार्टअप और नये उत्पादन इंडस्ट्री में आने से मैनेजरों की आवश्यकता बढ़ी है। वहीं आर्थिक क्षेत्र में बिजनेस में गति आने से सप्लाईचेन मैनेजमेंट क्षेत्र में भी प्रोफेशनल की आवश्यकता बढ़ी है। नये-नये सुपर स्पेशलिटी, हॉस्पिटल के जाल का उदय होने से हॉस्पिटल मैनेजमेंट का अवसर बढ़ा है।एम.सी.ए. कार्यक्रम द्वारा इग्नू शिक्षार्थियों को सॉफ्टवेयर डेवलेपर में कैरियर व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के लिए तैयार करता है वहीं बी.सी.ए. कंप्यूटर साइंस तथा संबंधित क्षेत्र में विशिष्टता प्रदान करता है। बी.एस. डब्ल्यू का सोशलवर्क में स्नातक सामाजिक प्रकरणों पर केंद्रित है और एम.एस.डब्ल्यू, सामाजिक कार्य में अनुसंधानात्मक ज्ञान भी प्रदान करता है । लाईब्रेरी साइंस क्षेत्र में बैचलर और मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीण विकास प्रोग्राम में पी.जी. डिप्लोमा या स्नातकोत्तर कार्यक्रम स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सरकारी संगठनों में अलग-अलग स्तरों पर कार्य करने के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं।छः माह के सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में कई ऐसे हैं जिनके द्वारा स्वरोजगार तथा अन्य सेवाओं के लिए शिक्षार्थी तैयार होते हैं। 'ऑर्गेनिक फार्मिंग' द्वारा जैविक खेती के प्रचलनों तथा विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर अपना कार्य शुरु किया जा सकता है। सर्टिफिकेट इन पॉल्ट्री फार्मिंग भी मुर्गी पालन क्षेत्र में सही तरीके से सीखकर स्वरोजगार करने के लिए सक्षम करता है। बिजनेस स्किल में सर्टिफिकेट आधारभूत कुशलता प्रदान करता है जिनसे बेसिक स्किल सीखकर बिजनेस के क्षेत्र में उद्धमशीलता बढ़ाई जा सकती है इग्नू के सभी कार्यक्रम शीर्षस्थ संस्थाओं जैसे यू.जी.सी. से मान्यता प्राप्त है। एम.बी.ए./एम.सी.ए. ए.आई.सी.टी.ई. से तथा बी.एड. एन.सी.टी.ई से मान्यता प्राप्त है। कई विदेशी भाषा सीखने के कार्यक्रम हैं जिनमें जर्मन, जापानी, फ्रेंच इत्यादि शामिल हैं और ऑनलाईन तथा ऑफलाईन उपलब्ध है। लैंग्वेज स्कील अतिरिक्त कुशलता है जिसे द्वारा डिग्रीधारकों को रोजगार की संभावना बढ़ जाती है। जुलाई 2025 सत्र में नामांकन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर किया जा सकता है।

आपकी बात

अरविंद मनोज कुमार सिंह

सोशल मीडिया गुरु व सूखे की मार

आज के इस डिजिटल युग में, जहाँ हर दूसरा व्यक्ति 'इन्फ्लुएंसर' बनने की होड़ में है, वहाँ एक ऐसा भी प्राणी था, जिसका नाम था 'ज्ञानचंद'। ज्ञानचंद, जो कभी एक मामूली ऑनलाइन गेमिंग स्ट्रीमर था, अचानक एक 'सोशल मीडिया गुरु' बन बैठा। उसकी खासियत थी कि वह हर समस्या का 'डिजिटल समाधान' बताता था, चाहे वह जलवायु परिवर्तन हो या पड़ोसी का वाई-फाई चोरी। लोग उसकी 'ज्ञान की गंगा' में डूबने को तैयार रहते थे, क्योंकि आखिर मुफ्त में ज्ञान कहाँ मिलता है! उसके फॉलोअर्स की संख्या रॉकेट की गति से बढ़ रही थी, और हर पोस्ट पर 'वाह गुरुजी!' के कमेंट्स की बाढ़ आ जाती थी। ज्ञानचंद का आश्रम अब एक हाई-टेक स्टूडियो था, जहाँ रंग-बिरंगी लाइट्स, ग्रीन स्क्रीन और नवीनतम गैजेट्स का जमावड़ा था। उसके शिष्यों में 'हैशटैग हरीश' और 'रील रमन' जैसे नाम शामिल थे, जो दिन-रात उसके 'ज्ञान' को रील्स और शॉर्ट्स में बदलने में लगे रहते थे। एक दिन, जब गाँव में भयंकर सूखा पड़ा, तो 'किसान किशन' और 'पशुपालक पालू' जैसे सीधे-सादे लोग, जो अपनी पारंपरिक समस्याओं का कोई आधुनिक समाधान नहीं जानते थे, ज्ञानचंद के पास पहुँचे। उन्होंने अपनी सूखी फसलें और प्यासे मवेशी दिखाकर ज्ञानचंद से 'डिजिटल बारिश' की गुहार लगाई। ज्ञानचंद ने अपनी भौंहें चढ़ाईं और कहा, "चिंता मत करो, मेरे पास 'क्लाउड-सीडिंग एल्गोरिथम' है!" ज्ञानचंद ने तुरंत एक लाइव सेशन शुरू किया, जिसका शीर्षक था "सूखे का डिजिटल समाधानः बारिश लाओज्ञानचंद के साथ"। उसने अपने लैपटॉप पर एक जटिल-सी ग्राफिक्स वाली स्क्रीन खोली और घोषणा की, "हम 'बिग डेटा एनालिसिस' और 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का उपयोग करके बादलों को आकर्षित करेंगे!" उसने किसानों से कहा कि वे अपने खेतों की 'हाई-डेफिनिशन सैटेलाइट इमेजेस' भेजें और मवेशियों की 'लाइव स्ट्रीमिंग' करें, ताकि वह 'डेटा-ड्रिवन' समाधान निकाल सके। किसान किशन ने अपने फटे-पुराने मोबाइल से एक धुंधली-सी तस्वीर भेजी और पालू ने अपने प्यासे बैल का एक वीडियो बनाया, जिसमें बैल की आँखें भीग रही थीं, लेकिन पानी की कमी से नहीं, बल्कि कैमरे की चमक से। ज्ञानचंद ने अपने शिष्यों को तुरंत 'बारिश के लिए ऑनलाइन पिटीशन' शुरू करने का आदेश दिया और 'वर्षा यज्ञ' के लिए 'क्रिप्टोकरेंसी' में दान माँगा। उसने कहा, "जितना अधिक दान, उतनी अधिक 'क्लाउड-सीडिंग' की संभावना!"

अगले ही दिन, उसके स्टूडियो में 'बारिश के मंत्रों' का एक रीमिक्स बजने लगा, जिसे उसने एक प्रसिद्ध डीजे से बनवाया था। ज्ञानचंद खुद एक 'वर्चुअल रियलिटी' हेडसेट पहनकर 'डिजिटल बादलों' के बीच घूमता रहा और 'वर्चुअल बारिश' का अनुभव करता रहा, जबकि बाहर असली धूप में किसान और उनके मवेशी प्यासे मर रहे थे। "गुरुजी, बारिश कब आएगी?" किसान किशन ने एक दिन हिम्मत करके पूछा। ज्ञानचंद ने अपनी वीआर हेडसेट उतारते हुए कहा, "डेटा अभी प्रोसेस हो रहा है, थोड़ा 'लैग' है!" सूखे की स्थिति बद से बदतर होती गई। मवेशी मरने लगे, और खेतों में दरारें पड़ गईं। ज्ञानचंद ने एक 'इमोशनल अपील' वाला वीडियो बनाया, जिसमें उसने अपने 'डिजिटल आँसू' दिखाए और कहा, "यह सब 'ग्लोबल वार्मिंग' और 'नेटवर्क कंजेशन' का नतीजा है!" उसने लोगों से 'डिजिटल फास्ट' रखने और 'ऑनलाइन प्रेयर मीट' में शामिल होने की अपील की। एक दिन, जब किसान किशन का आखिरी बैल भी मर गया, तो वह ज्ञानचंद के स्टूडियो के बाहर फूट-फूट कर रोने लगा। "गुरुजी, मेरी सारी उम्मीदें सूख गईं!" उसने चिल्लाया। ज्ञानचंद ने अपने लाइव सेशन में कहा, "यह 'इमोशनल ओवरलोड' है, हमें 'डिजिटल डिटॉक्स' की जरूरत है।" अंत में, जब गाँव में कोई उम्मीद नहीं बची, तो सरकार ने 'आपदा प्रबंधन' के तहत पानी के टैंकर भेजे। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ज्ञानचंद ने तुरंत एक 'सक्सेस स्टोरी' वाली पोस्ट डाली, "मेरे 'डिजिटल प्रयासों' के कारण सरकार ने मदद भेजी! #ज्ञानचंद_जिंदाबाद #बारिश_आ_गई!" किसान किशन ने जब यह पोस्ट देखी, तो उसकी आँखों में आँसू आ गए। वह समझ गया कि 'डिजिटल समाधान' सिर्फ स्क्रीन पर चमकते हैं, असली दुनिया में नहीं। उसका हृदय पीड़ा से भर गया, एक गहरी आह उसके सीने से निकली, क्योंकि उसने देखा कि ज्ञानचंद अपने अगले 'डिजिटल वेंचर' की तैयारी कर रहा था - "ऑनलाइन फसल बीमाः अपने नुकसान को 'ब्लॉकचेन' पर सुरक्षित करें!"

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

व्यंग्य की बात

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

फेसबुक वॉल से

एक्स से



आज का दोहा

अनियंत्रित नद को सदा, बांधें कूल-किनार।
ऐसे ही व्यवहार को, बांध रहा परिवार।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

क्या धर्मस्थलों में अधर्म करने वालों तक पहुंचेंगे कानून के हाथ?

कर्नाटक के धर्मस्थल इलाके में महिलाओं और नाबालिग लड़कियों से बलात्कार, हत्या और उन्हें दफनाने के दावे के बाद हड़कंप मचा हुआ है।कर्नाटक के मंगलुरु के पास स्थित धर्मस्थल मंदिर परिसर में कई साल पहले कथित तौर पर सैकड़ों महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न हुआ और उनकी हत्या करने के बाद शवों को परिसर में दफना दिया गया था। अब मामला विशेष जांच टीम को सौंपा गया। कर्नाटक के मंगलुरु के पास स्थित धर्मस्थल मंदिर परिसर में कई साल पहले कथित तौर पर सैकड़ों महिलाओं के यौन उत्पीड़न, रेप और हत्या के बाद उनके शव को गुपचुप तरीके से दफनाने का है। लेकिन जिस तरह से जांच चल रही है उससे लगता है कि सरकार की दिलचस्पी धर्मस्थला के अधर्म को सामने लाने की नहीं है। मामले में जांच के लिए कर्नाटक सरकार ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया है। यह मामला तब सामने आया जब धर्मस्थल में काम कर चुके एक सफाईकर्मी ने दावा किया कि उसे 1998 से 2014 के बीच महिलाओं और नाबालिगों के शवों को दफनाने और उनका अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर किया गया था। सफाई कर्मचारी ने दावा किया था कि इन महिलाओं और नाबालिग लड़कियों के शवों पर हमले के निशान भी थे। धर्मस्थल कर्नाटक का एक बड़ा तीर्थस्थल है, जहां बहुत सारे मंदिर हैं और यहां राज्य से बाहर के भी भक्त आते हैं। पूर्व सफाई कर्मी ने बताया है कि पीड़िताओं के साथ किस तरह की खौफनाक घटनाएं हुई और इनमें एक स्कूली छात्रा भी शामिल है जिसे स्कूल यूनिफॉर्म में ही दफनाया गया था और एक 20 साल की महिला भी थी जिसका चेहरा तेजाब से जला दिया गया था।पूर्व सफाई कर्मी के दावे के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई, मामले से जुड़े गवाहों को सुरक्षा दी गई और कंकाल के हिस्सों को अदालत में पेश किया गया। सफाई कर्मी के दावे के बाद कर्नाटक में बड़े पैमाने पर लोगों की नाराजगी सामने आई और अब राज्य सरकार ने जांच को आगे बढ़ाया है।मंदिर के प्राधिकरण ने कहा कि वह इस मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का समर्थन करता है और एसआइटी को इस मामले में सच सामने लाना चाहिए। इसका दावा है कि इसने 19 सालों में धर्मस्थला के गांव में सैकड़ों लाशों को अपने हाथों से दफनाया या जलाया है। इनमें ज्यादातर लाशें लड़कियों और महिलाओं की थी। इनमें से भी ज्यादातर लड़कियां औऱ महिलाएं वो थी जिनका रेप करने के बाद कत्ल किया गया और फिर खुद इसने धर्मस्थल मंदिर प्रशासन के हुक्म पर उन लाशों को जलाकर या दफना कर ठिकाने लगा दिया। हाल ही में 22 जून को एडवोकेट ओजस्वी गौड़ा और सचिन देशपांडे पूर्व सफाई कर्मचारी से मिले। सफाई कर्मचारी ने दावा किया कि वह धर्मस्थल में कब्रों को पहचान सकता है और वह इस अपराध को लोगों के सामने लाना चाहता है बेंगलुरु के वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कन्नड़ पुलिस अधीक्षक से मिला और दावों की जांच करने की अपील की।पूर्व सफाई कर्मचारी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी। धर्मस्थला संस्थान के इस पूर्व सफाई कर्मचारी ने दक्षिण कन्नड़ डिस्ट्रिक्ट के एसएसपी के नाम एक शिकायती पत्र लिखा था। इस कंप्लेन लेटर में कायदे से धर्मस्थला में एक सफाई कर्मचारी के तौर पर गुजारे इसके पूरे 19 सालों की कहानी है। उस शिकायत पत्र या कंप्लेन लेटर के बाद 11 जुलाई यानि शुक्रवार को नकाब में छुपाकर इस सफाई कर्मचारी को बेल्थांगडी कोर्ट में पेश किया गया था। उसने फोटोग्राफिक सबूत भी दिए और आरोप लगाया कि उसे 16 साल तक महिलाओं और नाबालिगों के शवों को दफनाने के लिए मजबूर किया गया।4 जुलाई को धर्मस्थल पुलिस ने सफाई कर्मचारी की शिकायत के आधार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 211 (ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।11 जुलाई कोपूर्व सफाई कर्मचारी बेल्थांगडी कोर्ट के सामने पेश हुआ और उसने कंकाल के अवशेष अदालत के सामने रखे। उसने दावा किया कि इसने उसे एक कब्रगाह से निकाला है। शिकायतकर्ता के वकील पवन देशपांडे ने मीडिया से कहा कि इस मामले में स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। उधर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर मौतों की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम के गठन की मांग की। शिकायत दर्ज होने के करीब एक सप्ताह बाद 11 जुलाई को पूर्व सफाई कर्मचारी बेल्थांगडी कोर्ट के सामने पेश हुआ और उसने कंकाल के अवशेष अदालत के सामने रखे। जब ये सफाई कर्मचारी पुलिस के पास अपनी शिकायत पत्र लेकर गया था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



मनोज कुमार अग्रवाल

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

मतदाता सूची में नाम जोड़ने या कटवाने के लिए अब भी एक माह का समय: चुनाव आयोग

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि 1 अगस्त और 1 सितंबर के बीच राजनीतिक दल योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वा भी सकते हैं और अगर किसी का नाम गलती से जुड़ गया है तो उसे हटावा भी सकते हैं। चुनाव आयोग का यह वक्तव्य बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के लगातार विरोध के बीच आया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के आदेश पृष्ठ 3, पैरा 7(5) के अनुसार, किसी भी मतदाता या मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को 1 अगस्त से 1 सितंबर तक एक महीने का समय मिलेगा ताकि वे किसी भी पात्र मतदाता का नाम शामिल करा सकें, जिन्हें बीएलओ/बीएलए ने छोड़ दिया हो। इसके साथ बीएलओ/बीएलए के गलत तरीके से शामिल किए गए किसी भी मतदाता के नाम को कटवा सकते हैं।

बंगालियों के उत्पीड़न को लेकर ममता बनर्जी बना रही हैं झूठा नैरेटिव : मिथुन चक्रवर्ती

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषियों के उत्पीड़न को लेकर झूठा नैरेटिव खड़ा करने का आरोप लगाया है।

कोलकाता पहुंचने के बाद गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि देश में कहीं भी बंगाली भाषी लोगों के साथ किसी भी प्रकार का अनावश्यक उत्पीड़न नहीं हो रहा है। दरअसल, तृणमूल कांग्रेस के पास चुनाव से पहले कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए मुख्यमंत्री झूठा नैरेटिव गढ़कर लोगों को भड़काने की कोशिश कर रही हैं। यह वही तरीका है जिसे वे पहले भी अपनाती रही हैं।

मिथुन चक्रवर्ती ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा लगाए गए उस आरोप को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया है कि चुनाव आयोग भाजपा और केंद्र सरकार के कहने पर बंगाल के वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटवा रहा है। देश में कहीं भी असली बंगाली वोटरों के नाम मतदाता सूची से नहीं हटाए जा रहे हैं। केवल वे नाम हटाए जा रहे हैं जो अवैध रूप से देश में घुसे हैं और बाद में फर्जी तरीके से मतदाता सूची में नाम जुड़वाए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि सबसे अधिक अवैध घुसपैठिए, जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं, वे पश्चिम बंगाल में ही हैं।

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को मालूम है कि अगर इन घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, तो वे 2026 के विधानसभा चुनाव में 294 में से 70 सीटें भी नहीं जीत पाएंगे। इसी डर से वे घबरा गए हैं और चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान का विरोध कर रहे हैं। मिथुन चक्रवर्ती ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चुनाव आयोग को उन अवैध घुसपैठियों की पहचान करने में मदद करें, जिन्होंने फर्जी तरीके से अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा लिए हैं। गौरतलब है कि, तृणमूल कांग्रेस शुरुआत से ही इस विशेष पुनरीक्षण अभियान का विरोध कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वे पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया की इजाजत नहीं देंगी। उनका आरोप है कि यह कवायद राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लागू करने की दिशा में एक परोक्ष प्रयास है।

दर्दनाक बस हादसा, पांच की मौत, 20 घायल

एजेंसी

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सरकाघाट में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस सरकाघाट के मसरेन के पास गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में बस में सवार 20 लोगों के घायल होने की खबर है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे में 16 वर्षीय युवक सहित पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य महिलाएं की हालत भी नाजुक बनी हुई है। डीएसपी ने मौत की पुष्टि की है।

यह हादसा सुबह करीब 9 बजे मसरेन के त्रांगला गांव के पास एक मोड़ पर हुआ। बताया जा रहा है कि बस मोड़ से अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत बचाव कार्य में जुट गए। सरकाघाट के डीएसपी भी मौके के लिए रवाना हो गए हैं और उन्होंने हादसे की पुष्टि की है। त्रांगला गांव की एक महिला, मधु ने बताया कि उनके घर के पास ही यह हादसा हुआ है। फिलहाल, घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाने का काम चल रहा है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन शुरुआती जानकारी के अनुसार मोड़ पर नियंत्रण खोने से यह दुर्घटना हुई है।

आज का राशिफल

मेष : लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ।

वृष : आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

मिथुन : पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

कर्क : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

सिंह : संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

कन्या : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना।

तुला : जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें।

वृश्चिक : परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है। अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

धनु : घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा।

मकर : भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

कुंभ : सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगा। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

मीन : आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

देश को 23 साल बाद मिली नई सहकारिता नीति, अमित शाह बोले

2047 तक भारत बनेगा विकसित

- देश के 140 करोड़ लोगों को साथ लेकर देश का समविकास करने की क्षमता केवल सहकारिता में ही है

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को एक नई राष्ट्रीय सहकारी नीति का अनावरण किया, जो पिछले 23 वर्षों से लागू एक नीति का स्थान लेगी। यह उस विभाग के लिए एक और मील का पत्थर साबित होगी जिसकी भूमिका नरेंद्र मोदी सरकार के तहत लगातार बढ़ रही है। सहकारिता मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, नई नीति देश में सहकारिता को मजबूत करने के केंद्र के उद्देश्य का हिस्सा है और 2025-45 तक यानी अगले दो दशकों के लिए भारत के सहकारिता आंदोलन में एक मील का पत्थर साबित होगी।

> सरकार का दृष्टिकोण, जो भारत को, उसके विकास को, और भारत के विकास के लिए आवश्यक सभी **कारकों को समझता है**

अमित शाह ने कहा कि आज राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 का शुभारंभ हुआ है। 2002 में, भारत सरकार ने सहकारिता नीति पेश की थी। उस समय भाजपा की सरकार थी। और आज, 2025 में, भाजपा सरकार द्वारा दूसरी सहकारिता नीति लाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण, जो भारत को, उसके विकास को, और भारत के विकास के लिए आवश्यक सभी कारकों को समझता है, वही सहकारी क्षेत्र को महत्व दे सकता है...यदि देश और अर्थव्यवस्था की मूल इकाई समृद्ध, रोजगारयुक्त और संतुष्ट है, तो वह आर्थिक मॉडल कभी विफल नहीं हो सकता।

शाह ने जोर देकर कहा कि सहकारिता नीति बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया कि नीति का केंद्रबिंदु लोग, गांव, कृषि, गांव की महिलाएं, दलित, आदिवासी हों। एक वाक्य में कहें तो इसका विज़न सहकारिता की समृद्धि के माध्यम से 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करना है। इसका मिशन पेशेवर, पारदर्शी, तकनीकी, ज़िम्मेदार और आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा सफल लघु सहकारी इकाइयाँ विकसित करना है। हम हर गाँव में कम से कम एक सहकारी संस्था के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 2027 में भारत को विश्व के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का लक्ष्य रखा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस लक्ष्य तक जरुर पहुंच जाएंगे। सबका सामूहिकता के साथ विकास हो, सबका समविकास हो और सबके विकास के माध्यम से देश का विकास हो- ऐसा मॉडल बनाना भारत का और भाजपा का मूल विचार है। इसलिए मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय बनाया। उन्होंने कहा कि विगत 4 वर्षों में सहकारिता मंत्रालय की अनेक उपलब्धियां रही, मगर इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है कि आज देश की छोटी से छोटी सहकारी इकाई का सदस्य गर्व के साथ खड़ा हो गया है। गृह मंत्री ने कहा कि चार वर्षों के अंदर 'कोआपरेटिव सेक्टर' ने 'कॉर्पोरेट सेक्टर' के समान अधिकार मिले हैं। एक जमाने में अर्थतंत्र के जानकारों ने सहकारिता को डायिंग सेक्टर घोषित कर दिया था। आज वही लोग कहते हैं कि सहकारिता का भी फ्यूचर है। लेकिन मैं सभी को कहना चाहता हूँ कि सहकारिता का भी फ्यूचर है नहीं, सहकारिता का ही फ्यूचर है। उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों को साथ लेकर देश का समविकास करने की क्षमता केवल सहकारिता में ही है।

शांता कुमार ने केंद्र से 20,000 करोड़ रुपए की मांग की

शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने हिमाचल प्रदेश में आई भयंकर आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से विशेष राहत की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा है, जिसमें अब तक 140 लोगों की जान जा चुकी है और 40 लोग लापता हैं। हजारों परिवार बेघर हो चुके हैं, सैकड़ों सड़कें और बुनियादी ढांचा बर्बाद हो चुका है। शांता कुमार ने वीरवार को एक बयान में कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारें राहत कार्यों में जुटी हैं, लेकिन मौजूदा प्रयास ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। पूरे गांव उजड़ चुके हैं, लोगों के जीवन की पुर्नस्थापना एक बड़ा और खर्चीला काम है। उन्होंने इस संकट से निपटने के लिए भारत सरकार के पास वर्षों से बिना दावेदार के पड़े लगभग 2 लाख करोड़ के लावारिस धन के उपयोग का सुझाव दिया। उनके अनुसार, यह धन बैंकों, डाकघरों, ईपीएफ खातों और बीमा कंपनियों में जमा है, जिसके वैधानिक दावेदार नहीं हैं और वर्षों से इस पर किसी ने कोई दावा नहीं किया है। शांता कुमार ने बताया कि बैंकों में: 42,270 करोड़, डाकघरों में 32,273 करोड़, ईपीएफ खातों में 8,500 करोड़ आदि की मांग की ।

कांवड़िये को लेकर अपने बयान पर कायम स्वामी प्रसाद मौर्य, फिर बोले-

पूरे राज्य में भय और दहशत फैला रहे

- कांवड़ियों के वेश में कोई तोड़फोड़, हिंसा, मारपीट, लोगों की गाड़ियां तोड़ रहा है या जला रहा है। मिर्ज़ापुर में सेना के जवान को पीटा गया है। वे गुंडे, माफिया, सरकार द्वारा संरक्षित अपराधी हैं

एजेंसी

नई दिल्ली। कांवड़ियों पर टिप्पणी के विरोध में विश्व हिंदू रक्षा परिषद द्वारा उनके आवास के शुद्धिकरण के आह्वान पर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि दूषित मन वाले लोग दूसरों का शुद्धिकरण नहीं कर सकते। मैं कांवड़ियों के बारे में अपने बयान पर कायम हूँ।

भोले बाबा के भक्त अपराधी नहीं हैं जो सड़कों पर तोड़फोड़ करें, गाड़ियाँ तोड़ें, मारपीट करें, महिलाओं को चोट पहुँचाएँ या यात्रियों को बाधा पहुँचाएँ। अगर कांवड़िये ऐसा नहीं कर सकते, तो कौन कर सकता है? स्वामी प्रसाद मौर्य ने आगे कहा कि भाजपा सरकार द्वारा संरक्षित गुंडे पूरे राज्य में अराजकता फैला रहे हैं, भय और दहशत फैला रहे हैं। यह सरकार पूरी तरह से अपने दम पर राज्य पर शासन करना चाहती थी। इसके माध्यम से, सरकार का लक्ष्य राज्य पर पूरी तरह से हावी होना था... क्या शुद्धिकरण की मांग करने वाले लोग सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों के समान हैं? इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था कि ये कांवड़िये नहीं हैं; ये सरकार द्वारा संरक्षित गुंडे, माफिया, अपराधी हैं।

उन्होंने दावा किया कि कांवड़ियों की आड़ में ये अपराध और अत्याचार करके पूरे प्रदेश में भय और आतंक का माहौल बना रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने मांग की कि सरकार को इस पर रोक लगानी चाहिए, अन्यथा उसे भी जवाबदेह होना पड़ेगा। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि मेरा मानना है कि कांवड़ियों के वेश में कोई तोड़फोड़, हिंसा, मारपीट, लोगों की गाड़ियां तोड़ रहा है या जला रहा है। मिर्ज़ापुर में सेना के जवान को पीटा गया है। वे गुंडे, माफिया, सरकार द्वारा संरक्षित अपराधी हैं। इसीलिए सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करती और उन पर फूल बरसा देती है। यह तीखी टिप्पणी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्गों पर तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाओं के बीच आई है। नामपट्टिकाओं पर विवाद को लेकर सड़क किनारे ढाबों और स्टॉलों को निशाना बनाने की घटनाएँ भी सामने आई हैं।

पिछले हफ़्ते, मेरठ में कांवड़ियों ने एक स्कूल बस में तोड़फोड़ की, जब कथित तौर पर एक स्कूल बस उनमें से कुछ को टक्कर मार गई थी। वायरल हुए वीडियो में, गुस्साए तीर्थयात्री बस में चढ़ते और ड्राइवर की पिटाई करते और उसके शीशे तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक अन्य घटना में, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन टिकट को लेकर हुए विवाद में कांवड़ियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को घूंसा मार दिया।

इस मामले में सात कांवड़ियों को गिरफ्तार किया गया है।

बिहार की जीएसडीपी में 14.47 प्रतिशत की वृद्धि : सीएजी

पटना। बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को भी जमकर हंगामा हुआ। इस बीच नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लेखापरीक्षा प्रतिवेदन बिहार विधानमंडल (विधानसभा-विधान परिषद) में प्रस्तुत किया। इसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) पिछले वर्ष की तुलना में 14.47 प्रतिशत बढ़ी। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य के राजस्व व्यय में विगत वर्ष की तुलना में 3.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि राजस्व प्राप्तियों में विगत वर्ष की तुलना में 11.96 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य की देनदारियों में वि गत वर्ष की तुलना में 12.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राज्य की कुल बकाया देनदारियों में आंतरिक ऋण का योगदान 59.26 प्रतिशत था।

50 मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ आरएसएस चीफ की अहम बैठक

एजेंसी

नई दिल्ली। सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने की एक उल्लेखनीय पहल के तहत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने आज दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुस्लिम धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, सह महासचिव कृष्ण गोपाल, वरिष्ठ नेता रामलाल और इंद्रेश कुमार भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी सहित कई मुस्लिम धार्मिक नेता इस बैठक में भाग लेने वाले थे। आरएसएस, अपने संबद्ध संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के माध्यम से मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों और समुदाय की प्रमुख हस्तियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। 2023 में, एमआरएम ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ने और "एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक राष्ट्रगान" की अवधारणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी अभियान की योजना की घोषणा की है। सितंबर 2022 में, भागवत ने भारत में धार्मिक समावेशिता को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए कई प्रमुख मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य आरएसएस के विचारों का प्रचार-प्रसार करना और समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना था।

योगी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ 'फेसबुक' पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चितबड़ागांव मंडल के अध्यक्ष मोती चंद्र गुप्त की तहरीर पर चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के पलिगरा गांव निवासी संजय भारती के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि संजय भारती ने 'फेसबुक' पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए अभद्र का प्रयोग किया था और धमकी दी थी।

एसआईआर पर एनएसयूआई का पटना में बवाल

पुलिस ने वाटर कैनन चलाए कांग्रेस का केंद्र पर निशाना

एजेंसी

पटना। कांग्रेस से संबद्ध भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को चुनावी राज्य बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद, पटना में पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स हटाने की कोशिश करने पर कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछारें की गईं और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। विरोध प्रदर्शन में मौजूद कांग्रेस नेता शकील अहमद खान ने बढ़ती बेरोजगारी पर जवाब न दे पाने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आलोचना की और कहा कि राज्य अराजकता और अराजकता की स्थिति में पहुँच गया है।

कांग्रेस नेता ने एएनआई को बताया कि युवा नौकरी और रोज़गार की माँग कर रहे हैं और पलायन के ख़िलाफ़ हैं।

बिहार में अराजकता और अराजकता का माहौल है। सरकार जवाब और स्पष्टीकरण देने में असमर्थ है, इसलिए अब कांग्रेस के पास विरोध प्रदर्शन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।" धरना स्थल पर मौजूद पटना के अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट - क़ानून व्यवस्था (एडीएम) गोविंद पांडे ने कहा कि सड़क को साफ़ करना होगा, अन्यथा स्कूल बसें रोक दी जाएंगी।

उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन के कारण एक एम्बुलेंस पहले से ही पीछे फँसी हुई है।

योगासन भारत ने लोकसभा में खेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए खेल संशोधन विधेयक का किया समर्थन

एजेंसी। नई दिल्ली

योगासन भारत, भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ, आज लोकसभा में प्रस्तुत किए जा रहे दो महत्वपूर्ण विधेयकों का पूर्ण समर्थन और स्वागत करता है। यह ऐतिहासिक कदम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के खेलो इंडिया फिट इंडिया' मिशन, भारत को खेल महाशक्ति बनाने की परिकल्पना तथा भारतीय खेलों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और सशक्त बनाने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

योगासन भारत के महासचिव डॉ योगाचार्य जयदीप आर्य की ओर से उनके इस दूरदर्शी नेतृत्व हेतु हार्दिक आभार प्रकट किया हैं। साथ ही, हम केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का भी विशेष धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने खेल क्षेत्र के सुशासन और डोपिंग-रोधी व्यवस्था को सुदृढ बनाने हेतु इन विधेयकों को तैयार कर संसद में प्रस्तुत किया। योगाचार्य महेश पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा में प्रस्तुत विधेयक:1राष्ट्रीय खेल सुशासन विधेयक, 2025 (थे नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025):इस विधेयक के माध्यम से भारत में एक पारदर्शी, उत्तरदायी, नैतिक एवं न्यायोचित खेल प्रशासन प्रणाली की नींव रखी जाएगी, जिससे सभी खेल स्पर्धाओं को अतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करने की दिशा मिलेगी। राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, 2025 (नेशनल एंटी-डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल, 2025): यह विधेयक वर्ष 2022 के राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग अधिनियम में संशोधन लाकर भारत की डोपिंग विरोधी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी लथा खिलाड़ियों के हित में बनाएगा। योगासन खेल से विशेष जुड़ावः इन विधेयकों से योगासन खेल जिसे वर्ष 2020 में एक प्रतिस्पर्धात्मक खेल (कंपटीटिव स्पोर्ट) के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है, को नई ऊर्जा, सुदृढ़ संरचना और विश्वसनीयता प्राप्त होगी।

यह विधेयक योगासन भारत जैसे महासंघों को पारदर्शी, लोकतांत्रिक एवं उत्तरदायी प्रशासनिक ढांचे में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। साथ ही, एंटी-डोपिंग अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से योगासन एथलीटों को निष्पक्ष और सुरक्षित प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा। योगासन भारत इस खेल अधिनियम के तहत सुधार की दिशा में उठाए गए ऐतिहासिक कदमों का हृदय से स्वागत करता है।

नारेबाजी और तख्तियां लाना कांग्रेस के संस्कार नहीं रहे : ओम बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों को आड़े-हाथों लिया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार सदन में नारेबाजी करने, तख्तियां लाने और मेजेंठोंकने के लिए नहीं रहे हैं, लेकिन इस दल के मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है।.कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय पर हंगामा किया जिससे कार्यवाही बाधित हुई। बिरला ने कहा, ''आपसे पहले भी कहा गया है कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। इसमें जनता के महत्वपूर्ण सवाल होते हैं और सरकार की जवाबदेही होती है...कई सांसदों ने कहा कि उनका प्रश्नकाल के दौरान मुश्किल से प्रश्न आता है, लेकिन आप लोगों का जिस तरह का व्यवहार होता है, वो संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है।'' उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बगैर कहा, ''आप लोग इतने पुराने राजनीतिक दल के संसद सदस्य हो, जिसका इस सदन के अंदर गरिमा और मर्यादा का बहुत बड़ा योगदान रहा है। लेकिन लोग देखेंगे कि आप किस तरह से सदन में व्यवहार करते हैं, तख्तियां लेकर आते हैं और मेजें ठोकते हैं।''

अंशुल कंबोज को भारतीय टीम में जगह मिलने पर घर में जश्न का माहौल

करनाल (आईएएनएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में बुधवार से शुरू हुआ 'एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज' का चौथा टेस्ट हरियाणा के करनाल के युवा क्रिकेटर के लिए बेहद खास है। करनाल के रहने वाले दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने इस टेस्ट से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज किया है। अंशुल को टेस्ट टीम में मौका मिलने से उनके कोच, उनका परिवार और उनके क्लब के साथी खिलाड़ी बेहद खुश हैं। अंशुल के कोच सतीश राणा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अंशुल कंबोज का टेस्ट में डेब्यू हो चुका है। अंशुल के टीम इंडिया का हिस्सा बनने से हम बेहद खुश हैं। वह 11 साल से लगातार कड़ी मेहनत कर रहा है। कई-कई घंटे तक वह अभ्यास करता था। धूप-सर्दी अंशुल ने कुछ नहीं देखा। उसका एक ही सपना था, भारतीय टीम का हिस्सा बनना और वह पूरा हो गया है। मेरी उससे बातचीत हुई।

भारत-पाक मैच रद्द होने पर हरभजन सिंह ने सरकार का समर्थन किया

लंदन (आईएएनएस)। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) में भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला रविवार (20 जुलाई) को खेला जाना था, लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव के चलते इसे रद्द करना पड़ा।

हरभजन सिंह इस फैसले से सहमत हैं। उन्होंने भारत सरकार के साथ एकता दिखाई। इस मुकाबले से पहले भारत के कुछ नामी खिलाड़ी पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ खेलने से मना कर चुके थे। इस मुकाबले का बहिष्कार करने वालों में शिखर धवन, हरभजन सिंह, इरफान पठान और यूसुफ पठान का नाम शामिल है। मुकाबले से चंद घंटे पहले डब्ल्यूसीएल ने मैच रद्द करने का आधिकारिक ऐलान कर दिया।

लिवरपूल ने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके को साइन किया

लंदन (आईएएनएस)। प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल ने बड़ी खरीदारी जारी रखते हुए आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट के स्ट्राइकर ह्यूगो एकिटिके को साइन कर लिया है। यह सौदा करीब 79 मिलियन पाउंड में हुआ। लिवरपूल ने बुधवार को सोशल मीडिया पर बताया, "हमने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके के ट्रांसफर के लिए समझौता कर लिया, जो अंतरराष्ट्रीय मंजूरी के अधीन है। क्लब ने आगे बताया कि 23 वर्षीय एकिटिके ने मेडिकल टेस्ट पास कर लिया और लिवरपूल के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर सहमति बना ली।

मैनचेस्टर टेस्ट- इंग्लैंड की मजबूत शुरुआत, टी-ब्रेक तक स्कोर 77/0

डकेट-क्रॉली फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके, भारत पहली पारी में 358 रन पर ऑलआउट

भारतीय पारी के टॉप-3 स्कोरर

साई सुदर्शन

रन	बॉल	स्ट्राइक रेट	4/6
61	151	40.40	7/0

यशस्वी जायसवाल

रन	बॉल	स्ट्राइक रेट	4/6
58	107	54.20	10/1

ऋषभ पंत

रन	बॉल	स्ट्राइक रेट	4/6
54	75	72.00	3/2

मैनचेस्टर । एजेंसी

भारतीय टीम मैनचेस्टर टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 358 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने गुरुवार को मैच के दूसरे दिन 264/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 94 रन बनाने में आखिरी 6 विकेट गंवा दिए। टी-ब्रेक तक इंग्लैंड ने पहली पारी में बिना नुकसान के 77 रन बना लिए हैं। जैक क्रॉली और बेन डकेट नाबाद लौटे। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। इससे पहले भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत चोटिल होने के बावजूद बैटिंग करने उतरे। इतना ही नहीं, उन्होंने फिफ्टी भी पूरी की। रिटायर्ड हर्ट होने के बाद उन्होंने अपनी पारी को 37 रन से आगे बढ़ाया। पंत के अलावा शार्दूल ठाकुर ने 41, वॉशिंगटन सुंदर ने 27 और रवींद्र जडेजा ने 20 रन बनाए। बेन स्टोक्स ने 8 साल बाद पारी में 5 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। क्रिस वोक्स और लियम डॉसन को एक-एक विकेट मिला। बुधवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

इंग्लैंड की पारी के दूसरे ओवर में बेन डकेट आउट होने से बच गए। उनके हाथ से बैट छूट गया और स्टंप के करीब गिरा।

दोनों टीमें

- **भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अंशुल कम्बोज।
- **इंग्लैंड:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ, लियम डॉसन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर और क्रिस वोक्स।

ओलंपिक की मेजबानी करना हमारे लिए एक उपलब्धि होगी : पीटी उषा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि भारत को ग्लोबल स्पोर्टिंग पावरहाउस बनाने का 'विजन 2036' ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखता है। उन्होंने इसे एक संभावित उपलब्धि बताया है। पीटी उषा ने कहा, "भारत को विश्व पटल पर खेल के क्षेत्र में पावरहाउस बनाने का हमारा लॉन्ग टर्म लक्ष्य है। यही दृष्टिकोण आज के विषय, भारत की खेल आकांक्षाओं, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के विजन 2036 के केंद्र में है। उन्होंने कहा, "2036 तक, हम न केवल ओलंपिक में निरंतर सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, बल्कि ओलंपिक गेम्स को भारत में भी लाना चाहते हैं। यह आयोजन हमारे लिए एक उपलब्धि होगी, जो भारत की बढ़ती क्षमता, आत्मविश्वास और वैश्विक खेल उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीटी उषा ने पीएम की बातों को दोहराते हुए कहा, "जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "युवा और खेल भारत के भविष्य के दो इंजन हैं। एक सशक्त खिलाड़ी एक सशक्त राष्ट्र का प्रतिबिंब होता है। a'क्वीन ऑफ ट्रैक एंड फील्ड' और उड़नपरी नाम से मशहूर पीटी उषा ने कहा, "यह शक्तिशाली संदेश हमारी मिशन की भावना को दर्शाता है। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, हम मिलकर एक मजबूत और टिकाऊ एथलेटिक रणनीति बनाएंगे, राज्य और जमीनी स्तर के सिस्टम को और मजबूत करेंगे, डोप-मुक्त खेल का संदेश दूर-दूर तक फैलाएंगे, और यह सुनिश्चित करेंगे कि अपनी पृष्ठभूमि या भौगोलिक स्थिति के कारण कोई भी पीछे न छूटे।"

आईओए अध्यक्ष ने कहा, "हम खेल को महिलाओं, युवा एथलीटों, आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही प्रत्येक भारतीय के लिए एक सुरक्षित और समावेशी स्थान बनाने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध हैं, जो ओलंपिक पोडियम का सपना देखता है। 'विजन 2036' केवल आईओए का नहीं है। यह प्रत्येक कोच, अधिकारी, फेडरेशन, सरकार के साझेदारों, प्रायोजक और सबसे बढ़कर, हर उस एथलीट का है, जो गर्व के साथ तिरंगा लेकर लहराता है।

धवन को उम्मीद, इंग्लैंड दौरे में पासा पलट सकती है टीम इंडिया



लंदन (आईएएनएस)

भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को उम्मीद है कि सीरीज में पिछड़ने के बावजूद टीम इंडिया अभी भी पासा पलट सकती है। इंग्लैंड ने सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से अपने नाम किया, जिसके बाद टीम इंडिया ने दूसरा टेस्ट 336 रन से जीतकर सीरीज में बराबरी कर ली। भारत के पास तीसरा मुकाबला जीतकर सीरीज में लीड बनाने का मौका था, लेकिन यहां टीम इंडिया को 22 रन से करीबी हार झेलनी पड़ी।

अब मेहमान टीम को सीरीज अपने नाम करने के लिए शेष दोनों मैच जीतने होंगे। शिखर धवन को लगता है कि भारत सीरीज अपने नाम कर सकता है। पूर्व क्रिकेटर ने आईएएनएस से कहा, "भारतीय टीम ने इंग्लैंड दौरे पर शानदार जज्बा दिखाया। यह एक युवा टीम है। पहला मैच हारने के बाद दूसरा मैच जीतना, शानदार प्रदर्शन था। मुझे लगता है कि भारतीय टीम शानदार क्रिकेट खेल रही है। बेशक, इस समय इंग्लैंड 2-1 से आगे है, लेकिन मुझे यकीन है कि भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करेगी। वह पासा पलट सकती है।

चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, शिखर धवन हमेशा मुस्कुराते रहते हैं: पठान

लंदन (आईएएनएस)

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की तारीफ करते हुए उन्हें एक 'योद्धा' बताया है। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले धवन अपने 12 साल के करियर में भारतीय शीर्ष क्रम की मजबूत ताकत रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैचों में 10,867 रन बनाए हैं। पठान ने लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में आईएएनएस से कहा, "धवन एक मजेदार इंसान हैं। वह हमेशा मुस्कुराते रहते हैं। चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, वह एक योद्धा हैं। धवन भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 'मिस्टर आईसीसी' भी रह चुके हैं। भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने अपना सब कुछ झोंक दिया। धवन को वनडे स्पेशलिस्ट के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में 90.75 की औसत से 363 रन बनाते हुए भारत को खिताबी जीत दिलाई थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने एशिया कप 2014, क्रिकेट विश्व कप 2015, चैंपियंस ट्रॉफी 2017 और एशिया कप 2018 जैसे अन्य टूर्नामेंट्स में भी शानदार प्रदर्शन किया।

भारत के साथ कतर भी ओलिंपिक-2036 के लिए दावेदार, कहा-

95% खेल ढांचा पहले से तैयार, 2030 में एशियाई खेलों की भी मेजबानी करेगा

नई दिल्ली । एजेंसी

ओलिंपिक-2036 की मेजबानी के लिए अब कतर भी दावेदारी पेश करेगा। कतर ने इसकी घोषणा की है। कतर ने 2022 में पुरुष फुटबॉल वर्ल्ड कप और 2019 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी की थी और वह 2030 में एशियाई खेलों की भी मेजबानी करेगा। कतर ओलिंपिक समिति ने मंगलवार को कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के साथ निरंतर चर्चा में हिस्सा ले रही है। कतर ओलिंपिक समिति के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने कहा कि हमारे पास ओलिंपिक की मेजबानी के लिए 95% खेल ढांचा पहले से तैयार है और हमारे पास 100% सुविधाएं सुनिश्चित करने की राष्ट्रीय योजना है। भारत ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए अहमदाबाद का नाम इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के सामने पेश किया है। इस महीने के शुरुआत में 1 जुलाई को स्विट्जरलैंड के लुजॉन में हुई बैठक में केंद्रीय खेल मंत्रालय, गुजरात सरकार और आईओए अध्यक्ष पीटी उषा समेत भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आईओसीके सामने अपनी बात रखी थी।

पिछले साल दावेदारी पेश की थी

पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने लेटर ऑफ इंटेंट के जरिए आईओसी से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी। अहमदाबाद को क्यों चुना गया? भारत की तरफ से ओलिंपिक में पहली बार आधिकारिक रूप से किसी शहर का नाम दिया गया है। भारत की ओलिंपिक कमेंटी ने कहा, अहमदाबाद में ओलिंपिक आयोजित करने से 60 करोड़ युवा भारतीयों को पहली बार देश में ओलिंपिक देखने का मौका मिलेगा। साथ ही भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देते हुए ओलिंपिक को दुनियाभर के लोगों के लिए एक परिवार जैसा अनुभव बनाया जाएगा।

एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप

वेन्नाला कलागोटला और तन्वी ने भारत को दिलाई शानदार शुरुआत

सोलो (आईएएनएस)

बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत ने शानदार शुरुआत की है। महिला एकल वर्ग में वेन्नला कालागोटला और तन्वी शर्मा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर भारतीय अभियान को मजबूत बढ़त दिलाई। वेन्नला कालागोटला ने अलिसा कूलेशोवा को सिर्फ 15 मिनट में 21-6, 21-10 से शिकस्त दी। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया की औबर्टा जर्लिना को 21-18, 21-16 से हराकर गुरुवार को होने वाले राउंड ऑफ-32 में जगह बना ली।

दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने यूएई की वैदेही कालिदासन को आसानी से 21-6, 21-6 से हराया, जबकि तन्वी रेड्डी ने चिओक इयान उंग को 21-9, 21-10 से पराजित किया। पुरुष एकल में, प्रणव राम नागलिंगम ने म्यांमार के लाल जुइदिका को 21-15, 21-7 से हराया। अंश नेगी ने डिंग हान जिन को 21-16, 21-15 से शिकस्त दी। वहीं, हमर लालथाजुआला और रौनक चौहान ने सीधे गेमों में जीत हासिल की। युगल में, कलागोटला-रेशिका उथयासूरियन ने वियतनाम की गुयेन वु न्गोक ट्रान-फाम थी टुक एन को 21-16, 21-14 से हराया, जबकि गायत्री-मनसा रावत ने एंड्रिया हर्नांडेज-मैरी उनताल को 21-17, 21-18 से शिकस्त दी। विष्णु कोडे-कीर्ति मंचला ने मिश्रित युगल में 22-20, 16-21, 21-19 से जीत हासिल की। इस बीच, रुजुला रामू और सी लालरामसांगा-तारिणी सूरी जूनियर शटलरों के शीर्ष टूर्नामेंट से जल्दी ही बाहर हो गए।

व्यापार/लाइफ व साइंस

सेंसेक्स 542 अंक गिरकर बंद, आईटी इंडेक्स 2 प्रतिशत से अधिक लुढ़का

मुंबई (आईएएनएस)

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 542.47 अंक या 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,184.17 और निफ्टी 157.80 अंक या 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,062.10 पर था। बाजार में गिरावट के नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स में 2.21 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई। फाइनेंशियल सर्विसेज, एनर्जी, इन्फ्रा और कंजप्शन इंडेक्स में आधा प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 346.40 अंक या 0.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 58,960.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 206.40 अंक या 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,686.80 पर बंद हुआ।



भारत के एविएशन सेक्टर में बीते 5 वर्षों में हुआ 96,000 करोड़ का निवेश : राममोहन

नई दिल्ली (आईएएनएस)

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने अपने पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) वेंचर्स के साथ मिलकर वित्त वर्ष 2019-20 से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 के बीच भारत के एविएशन सेक्टर में 96,000 करोड़ रुपए निवेश किए हैं। यह जानकारी गुरुवार को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के.राममोहन नायडू की ओर से संसद को दी गई। लोकसभा में एक सवाल का लिखित में जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में मौजूदा समय में हेलीपोर्ट और वाटर एयरोड्रोम सहित 162 ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स हैं। वर्ष 2024-25 के दौरान, भारतीय एयरपोर्ट्स पर कुल 41.2 करोड़ यात्रियों का आवागमन हुआ, जिसमें 7.7 करोड़ अंतरराष्ट्रीय और 33.5 करोड़ घरेलू यात्री शामिल हैं, इसमें सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान, शेड्यूल्ड भारतीय ऑपरेटरों ने 835 घरेलू और 251 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन किया।

नायडू ने कहा कि 2016 में, नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने, आम जनता के लिए हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) शुरू की थी। इस योजना के शुरू होने के बाद से, 637 आरसीएस मार्ग चालू हो चुके हैं, जो 92 अप्रयुक्त और कम उपयोग वाले एयरपोर्ट्स को जोड़ते हैं, जिनमें 15 हेलीपोर्ट और दो वाटर एयरोड्रोम शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा एयरपोर्ट्स पर इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का आधुनिकीकरण और विस्तार एएआई या संबंधित एयरपोर्ट संचालकों द्वारा की जाने वाली एक सतत प्रक्रिया है, जो यातायात की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, भूमि की उपलब्धता, विमान सुरक्षा के लिए परिचालन आवश्यकताओं और एयरलाइनों की मांग पर निर्भर करती है। सरकार ने देश में नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट्स के विकास के लिए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट्स (जीएफए) नीति, 2008 भी तैयार की है। उन्होंने बताया कि इस नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई भी एयरपोर्ट डेवलपर एयरपोर्ट विकसित करना चाहता है, तो उसे एक उपयुक्त स्थल की पहचान करनी होगी और एयरपोर्ट के निर्माण के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन करवाना होगा।



पालघर, पचमढ़ी, मटकुली से कोई प्रस्ताव नहीं

- महाराष्ट्र के पालघर और मध्य प्रदेश के पचमढ़ी व मटकुली के लिए केंद्र को कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।
- न राज्य सरकार और न ही किसी डेवलपर ने इन स्थलों के लिए आवेदन दिया।

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का पहली तिमाही में कर के बाद मुनाफा 71 प्रतिशत बढ़ा

अहमदाबाद । अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने गुरुवार को वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का कर के बाद मुनाफा (पीएटी) सालाना आधार पर 71 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि ईबीआईटीडीए 2,000 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। अदाणी ग्रुप की कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि तिमाही में शुद्ध लाभ में तीव्र वृद्धि हुई और यह 539 करोड़ रुपए हो गया, जो दोहरे अंकों में ईबीआईटीडीए वृद्धि और कम मूल्यह्रास और कम शुद्ध कर व्यय के कारण संभव हुआ। वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही में कंपनी का कैश प्रॉफिट सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 1,043 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 2,017 करोड़ रुपए हो गया है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 7,026 करोड़ रुपए हो गई है।

प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक 103 अरब घन मीटर प्रति वर्ष पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत में कुल प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक 103 अरब घन मीटर (बीसीएम) प्रति वर्ष तक पहुंचने का अनुमान है, जो वर्तमान स्तर से लगभग 60 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी गुरुवार को एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की ओर से दी गई। राष्ट्रीय राजधानी में चिंतन रिसर्च फाउंडेशन (सीआरएफ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव प्रवीण मल खनूजा ने अपने संबोधन में कहा कि अधिक नीतिगत समर्थन जैसे सीजीडी की तेज शुरुआत, परिवहन में एलएनजी का उपयोग, गैस से चलने वाले बिजली संयंत्रों के अधिक उपयोग से 2030 तक मांग बढ़कर 120 अरब घन मीटर प्रति वर्ष हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण घटक गैस का एक सेतु ईंधन के रूप में रणनीतिक उपयोग है, जो कोयले जैसे कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन से कम कार्बन वाले भविष्य की ओर चरणबद्ध बदलाव को सक्षम बनाता है।

खनूजा ने संबोधन में आगे कहा कि गैस को वैश्विक स्तर पर कम कार्बन वाले एक जीवाश्म ईंधन के रूप में मान्यता मिली है जो एनर्जी ट्रांजिशन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि, ग्रीन हाइड्रोजन, कंप्रेस्ड बायोगैस और कोल-बेड मीथेन जैसे विकल्प उभर रहे हैं।

दो बाइक की टक्कर में तीन घायल,एक रेफर

चंदवा। एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग स्थित जोबिया गांव के समीप दो बाईक आमने सामने भिड़ गये जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों में नीलांबर यादव (चिरु, हेरहंज) रंजीत उरांव, विजय यादव के नाम शामिल हैं। घायलों को ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल नीलांबर यादव को रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नीलांबर व रंजीत चिरु हेरहंज से बाइक पर सवार होकर चंदवा की ओर आ रहे थे इसी क्रम में चंदवा थाना क्षेत्र के जोबिया गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। जिससे उक्त दुर्घटना हुई। घटना की सूचना पाकर चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है।

सर्किट हाउस में राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

- राज्यपाल के पलामू के जाने के क्रम में सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। रांची से पलामू जाने के दौरान गुरुवार की सुबह लातेहार सर्किट हाउस मे महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को गार्ड ऑफ ऑनर लातेहार पुलिस के द्वारा दिया गया।

इसके पूर्व लातेहार जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, डीडीसी सैय्यद रियाज अहमद, ने संयुक्त रूप से द्वारा पौधा देकर स्वागत किया। यहां बताते चले कि राज्यपाल के पलामू के जाने के क्रम में सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती कराई गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल पलामू के विश्रामपुर मे रामचंद्र चंद्रवंशी यूनिवर्सिटी मे आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उक्त मौके पर डीडीसी सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई,एसडीओ अजय कुमार रजक एसडीपीओ अरविंद कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

बैल चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल,दो मवेशी भी किए गए बरामद

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। महुआडांड़ में कुछ दिनों से गाय,बैल चोरों कि मामले को लेकर लोग बहुत परेशान थे।जिसे लेकर महुआडांड़ थाना पुलिस के द्वारा अभियान चलाकर श्रवण नायक पिता- स्व0 दिलदार नायक, उम्र 30 वर्ष ग्राम रामपुर,थाना महुआडांड़ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।साथ ही चोरी की गई दो मवेशियों को भी बरामद किया गया है। श्रवण नायक के विरुद्ध महुआडांड़ थाना कांड संख्या 34/25 धारा- 303(2)/317(4))317(5)/3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया श्रवण नायक पहले भी मई माह में भैंस चोरी के मामले में जेल जा चुका है। जिसके बाद भी इसके द्वारा दोबारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। आगे उन्होंने कहा कि इसमें संलिप्त एवं फरार अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार छापामारी की जा रही है,सभी संलिप्त एवं फरार अभियुक्त जल्द पुलिस के गिरफ्त में होंगे। इस अपराध में संलिप्त लोगों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा।साथ ही थाना प्रभारी मनोज कुमार ने लोगों से अपील कि है जो भी लोग मवेशी रखते हैं वे इसका ध्यान रखें खुले में व घर से दुर मवेशी न बांधे इस तरह से होने पर लोगों को पता नहीं चल पाता है,और चोरो के द्वारा आसानी से चोरी की घटना को अंजाम दे दिया जाता है। आप सभी लोग भी सतर्क रहते हुए सुरक्षा की दृष्टीकोण से वैसे स्थान पर ही मवेशियों को रखें और अपने मवेशियों को चोरी होने से बचाने की कोशिश करें।

पेज एक के शेष

कैबिनेट के महत्वपूर्ण...

-झारखंड राज्य आयुष स्वास्थ्य सेवा (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली- 2024 का गठन की स्वीकृति दी गई।

-झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की स्वीकृति दी गई। इसके तहत राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में नियुक्ति के लिए राज्य स्तरीय यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन के गठन का प्रावधान है।

द्विपक्षीय कारोबार में...

यह भारत द्वारा अब तक किए गए व्यापक व्यापार समझौतों में से एक है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करके हम एक बहुत ही प्रभावशाली संदेश दे रहे हैं कि ब्रिटेन व्यापार के लिए खुला है। हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता, यूक्रेन संघर्ष व पश्चिम एशिया की स्थिति पर लगातार विचार शेयर कर रहे हैं।एफटीए हस्ताक्षर के कुछ घंटे पहले ब्रिटेन ने एक बयान में कहा कि वह पहले से ही भारत से 11 अरब पाउंड का सामान आयात करता है लेकिन अब भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम होने से ब्रिटिश उपभोक्ताओं एवं कंपनियों के लिए भारतीय प्रोडक्ट की खरीद अधिक आसान व सस्ती हो जाएगी। इससे भारतीय कंपनियों की तरफ से ब्रिटेन को किए जाने वाले निर्यात में भी बढ़ोतरी होगी।

भारत व ब्रिटेन...

आभूषण और रत्न : ब्रिटेन से आने वाले आभूषणों व रत्नों पर भी कस्टम ड्यूटी घटने से उनकी कीमतों में कमी आ सकती है।

कुछ खाद्य उत्पाद : चॉकलेट व बिस्कुट जैसे ब्रिटिश फूड प्रोडक्ट्स पर भी टैरिफ कम होगा। इससे वे सस्ते हो जाएंगे। डेयरी उत्पादों जैसे संवेदनशील कृषि उत्पादों को टैरिफ छूट से बाहर रखा गया है।

भारतीय निर्यातकों को बढ़ावा : इस समझौते से लगभग 99% भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए लगभग 23 अरब डॉलर के अवसर खुलने की उम्मीद है। इससे कपड़ा, रत्न व आभूषण, ऑटो कंपोनेंट्स, जूते व मशीनरी जैसे क्षेत्रों को फायदा होने की संभावना है।

सर्विस सेक्टर को बढ़ावा : भारतीय फर्मों व फ्रीलांसरों को ब्रिटेन के 36 सेवा क्षेत्रों में बिना 'इकोनॉमिक नीड्स टेस्ट' के पहुंच मिलेगी। भारतीय पेशेवर 35 ब्रिटिश क्षेत्रों में 24 महीने तक काम कर सकेंगे, भले ही उनका देश में कोई कार्यालय न हो।यह कई लोगों के लिए बहुत लाभदायक रहेगा।

सामाजिक सुरक्षा भुगतान में छूट : भारतीय पेशेवरों को इस डील के तहत तीन साल के लिए ब्रिटेन के सामाजिक सुरक्षा भुगतान से छूट मिलेगी। इससे उन्हें सालाना हजारों पाउंड की बचत होगी। इस तरह उम्मीद की जा रही है कि यह समझौता भारत-ब्रिटेन के आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश व रोजगार सृजन के नए रास्ते खोलेगा।

सुप्रीम कोर्ट के...

जनहित याचिका दायर कर रखी है। इस याचिका पर बीते 15 जून को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान सरकार का पक्ष सुना था, लेकिन अन्य प्रतिवादियों का जवाब नहीं दाखिल हो पाया था। कोर्ट ने इसपर सभी प्रतिवादियों, केंद्र सरकार, राज्य सरकार और अन्य को जवाब दायर करने के लिए एक और अवसर दिया था। इस मामले में अगली सुनवाई इसी महीने संभावित है।

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा...

कमली उर्फ मोटी पोटावी पर 5 लाख, पोज्जा मड़कम पर 2 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इसके अलावा, दो महिला माओवादी आयते उर्फ संगीता सोडी और माडवी पांडे ने भी आत्मसमर्पण किया है, जिन पर एक-एक लाख रुपए का इनाम था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले बुधराम और कमली दोनों नक्सली गतिविधियों में पिछले दो दशकों से सक्रिय थे और कई हिंसक घटनाओं में शामिल रहे हैं। माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक गौरव राय, डीआईजी कमलोचन कश्यप और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अधिकारी राकेश चौधरी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया। अधिकारियों ने पुनर्वास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। राज्य सरकार की संशोधित नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार सहायता, मानसिक परामर्श और सुरक्षा की गारंटी दी जाती है। इन पहलों के तहत अब तक 1,020 नक्सली हथियार छोड़ चुके हैं, जिनमें 254 इनामी नक्सली शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों से हैं, जिनमें 824 पुरुष और 196 महिलाएं शामिल हैं।

'लोन वर्राटू' अभियान 5 साल पहले 2020 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य माओवादियों को हिंसा छोड़ने और नागरिक समाज में फिर से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है। स्थानीय गोंडी भाषा के शब्द 'लोन वर्राटू' का अर्थ 'घर वापस आओ' होता है। 'पुना मार्गेम' अभियान भी इसी पहल का हिस्सा है। अधिकारियों ने इस सफलता का श्रेय निरंतर संपर्क, सामुदायिक जुड़ाव और नक्सलियों के बीच सशस्त्र संघर्ष की निरर्थकता की बढ़ती समझ को दिया। कई माओवादियों ने आंतरिक शोषण, जंगलों की कठिन परिस्थितियों और आदर्शवादी मोहभंग को आत्मसमर्पण का कारण बताया। प्रशासन ने शेष नक्सलियों से भी मुख्यधारा में लौटने की अपील की है और कहा कि शांति, गरिमा और विकास उनका इंतजार कर रहे हैं।

मुंबई ट्रेन विस्फोट...

आरोपी तनवीर अहमद ने कहा कि पहले दिन से ही हम सबको न्याय मिलने की उम्मीद थी। हाईकोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में आरोपियों को बरी किया है। कोई भी हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दे सकता है। सुप्रीम कोर्ट में केस जाने का मतलब है कि आज भी इंसाफ कायम है। हमको यकीन है कि सुप्रीम कोर्ट साक्ष्यों को स्वीकार करेगा। आतंक से पीड़ित लोगों को न्याय मिलना चाहिए। वहीं, एक अन्य आरोपी सुहैल महमूद शेख कहते हैं कि एक प्रक्रिया होती है, जिसमें दोनों पक्ष अपनी बात रखते हैं और अदालत दोनों को राहत देती है। यह एटीएस के झूठ की जीत नहीं है। उन्हें बस अस्थायी राहत दी गई है, बाद में सुनवाई का मौका दिया गया है, यह कोई सफलता नहीं है। सिर्फ इसलिए कि हाई कोर्ट के फैसले पर स्टे मिल गया है, इसका मतलब यह नहीं कि वे सही साबित हो गए हैं। लगभग दो दशक का अंतराल हो गया है, जब मैं जेल गया था, तब मैं युवा था, अब मैं बूढ़ा हो गया हूं। मेरे बच्चे बड़े हो गए हैं। हमें लेकर लोगों के मन में नकारात्मक सवाल खड़े होते हैं, लेकिन हाई कोर्ट के फैसले ने लोगों के सोचने का तरीका बदल दिया है। लोगों के बर्ताव में बदलाव हुआ है।

धोखाधड़ी मामले में...

को यस बैंक द्वारा दिए गए लोन में कई नियमों का करते हुए उल्लंघन पाया है, जैसे कि क्रेडिट अप्रूवल मैमोरेंडम (सीएएम) पिछली तारीख के थे, बैंक की लोन नीति का उल्लंघन करते हुए बिना किसी उचित जांच/लोन विश्लेषण के निवेश प्रस्तावित किए गए थे। लोन शर्तों का उल्लंघन करते हुए, इन लोन को आगे कई समूह कंपनियों और मुखौटा कंपनियों में डायवर्ट किया गया। जानकारी के मुताबिक, सेबी ने आरएचएफएल मामले में अपने निष्कर्ष ईडी के साथ साझा किए हैं। आरएचएफएल द्वारा कॉर्पोरेट लोन में नाटकीय वृद्धि भी ईडी की जांच के घेरे में है। आरएचएफएल के कॉर्पोरेट लोन वित्त वर्ष 2017-18 में 3,742.60 करोड़ रुपए से एक ही साल में बढ़कर वित्त वर्ष 2018-19 में 8,670.80 करोड़ रुपए हो गए थे।सूत्रों के अनुसार, जांच फिलहाल चल रही है। ईडी यस बैंक के अधिकारियों, समूह की कंपनियों और अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के बीच संबंधों का पता लगाने की कोशिश कर रहा है।

भारत बदला लेने...

आतंकवाद के खिलाफ एक जुट होकर खड़े होने की इसी ऊर्जा का परिणाम था "ऑपरेशन सिंदूर"। भारत की धर्मनिरपेक्षता और एकता को तोड़ने का एक सुनियोजित प्रयास दुश्मनों का विफल हुआ। हमारे प्रधानमंत्री जी हमारे तीनों सेनाओं के प्रमुखों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने मिलकर "ऑपरेशन सिंदूर" को अंजाम दिया।इस ऑपरेशन का नाम "सिंदूर" इसलिए रखा गया क्योंकि यह सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं था बल्कि यह भारत की उन बेटियों के सिंदूर का प्रतीक था जिनके सुहाग उस दिन आतंकवादियों ने छीन लिए थे। भारत की तीनों सेनाओं भारतीय सेना ,भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना ने मिलकर पाकिस्तान में जमकर तबाही मचाई। "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता सिर्फ सैन्य ताकत का ही परिणाम नहीं थी बल्कि यह उन राजनीति रणनीतिकारों और शूरवीरों की असाधारण क्षमता का भी परिणाम थी जिन्होंने इसे अंजाम दिया। इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन की एक और खास बात थी महिला सैनिक अफसर की भूमिका। देश की बेटियों के सुहाग को उजाड़ने वालों को देश की बेटियों ने करारा जवाब दिया। "ऑपरेशन सिंदूर" का चेहरा बनी कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह। जिन्होंने पाकिस्तान के नापाक चेहरे को सबूत के साथ बेनकाब किया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह सभी अज्ञात सैनिक, पायलट और विशेष बल के जवान जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर दुश्मन के ठिकानों में घुसकर सटीक हमले की और सुरक्षित वापस लौटे यही असली नायक है। जिनकी बहादुरी और बलिदान पर राष्ट्र हमेशा गर्व करेगा। "ऑपरेशन सिंदूर" ने यह साबित किया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कभी नहीं झुकेगा और अपने नागरिकों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहेगा। भारत शांति प्रिय देश है लेकिन वह अपनी संप्रभुता अखंडता और अपने नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। जय हिंद। जय जवान।

सिमडेगा की बेटी...

आर्थिक परेशानियों के बावजूद अमीषा ने कभी अपने सपनों से समझौता नहीं किया। वह झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी की प्रशिक्षु हैं और द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित बीबी मोहंती की देखरेख में लगातार बॉक्सिंग की बारीकियां सीख रही हैं।

हाल ही में उन्होंने जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया था। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए एक्सपोजर टूर में भी उन्होंने मेडल हासिल किया। उनके इस निरंतर प्रदर्शन और मेहनत को देखते हुए उन्हें यूथ ओलंपिक गेम्स के कैंप के लिए चुना गया है।

अनुज ने 200 नए बीमा पॉलिसी कर कीर्तिमान हासिल किया

हुसैनाबाद। भारतीय जीवन बीमा निगम की जपला सेटलाइट शाखा में बीमा के क्षेत्र में जपला निवासी सह तेज तर्रार अभिकर्ता अनुज कुमार यादव ने पिछले वर्ष 200 से अधिक नए बीमा पॉलिसी कर जपला शाखा मे धूम मचा कर एक नया कीर्तिमान हासिल किया है। उनका लक्ष्य है की हर लोगो को बीमा से जोड़ना मुख्य उद्देश्य है यही भारतीय जीवन बीमा निगम की लक्ष्य है । इस मुकाम तक पहुंचने का आशीर्वाद उनके मार्ग दर्शक सीएलएलआई एजेंट डीके सिंह का श्रेय जाता ह उन्होने कहा की भारतीय जीवन बीमा निगम ने तरह तरह के बाजार में नई पॉलिसी आई है, लोगों से अपील की है कि अभिकर्ता से मिलकर पॉलिसी की जानकारी ले। भारतीय जीवन बीमा निगम ने जनता की विश्वास जीता है,इसलिए आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक बीमा की पहहचान बन गई है। शाखा प्रबंधक कुमार गौरव ने कहा कि आज कल भारतीय जीवन बीमा निगम ने भी कई पॉलिसी बाजार में उपलब्ध है, जो करीब पांच साल में पैसा को दुगना कर रही है। ग्राहक इस पॉलिसी में पैसा लगाकर अपना लाभ ले सकते है । उन्होने कहा कि अनुज कुमार यादव में नई पॉलिसी बेचने में महारथ हासिल प्राप्त किया है ।वे ग्राहक के बीच उनका विश्वास जीता है, और उनकी कड़ी मेहनत का फल है । लगातार दोहरा शतक बीमा करने पर बधाई देने वाला का नाम अभिकर्ता राम जीत यादव,धर्मेंद्र पाठक, अनिता देवी, संजय कुमार सिंह सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

जनता और सुरक्षा बलों के बीच विश्वास ही देश की असली ताकत : कमांडेंट

- टोंगरी में आयोजित यह कार्यक्रम इस बात का उदाहरण है कि सुरक्षा बल जब जनता से जुड़ते हैं तो विश्वास और विकास की नींव मजबूत होती है

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। सीआरपीएफ की 11 वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर ने कहा कि जनता और सुरक्षा बलों के बीच विशवास ही देश की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ विषम परिस्थितियों में भी लोगों की सुरक्षा के लिए दिन रात तत्पर रहती है। कमांडेंट श्री बुनकर सीआरपीएफ की 11 वीं बटालियन के द्वारा छिपादोहर थाना क्षेत्र के टोंगरी, लात व हरहे में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री बनुकर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उदेश्य ग्रामीणों के साथ संबंधों को मजबूत करना और उनकी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में योगदान करना है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू रजें के उप महानिरीक्षक पंकज कुमार मौजूद थे। उन्होंने 11 वीं बटालियन के कार्यों की सराहना की। कहा कि टोंगरी में आयोजित यह कार्यक्रम इस बात का उदाहरण है कि सुरक्षा बल जब जनता से जुड़ते हैं तो विश्वास और विकास की नींव मजबूत होती है। यह हमारा सामाजिक दायित्व भी है। उन्होंने ग्रामीणों के बीच छाता, साड़ी और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्रियों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम न सिर्फ केवल सामग्री वितरण तक सीमित रहा वरन आपसी सोहार्द और विश्वास का भी संदेश दिया। ग्रामीण इस कार्यक्रम में आ कर बहुत ही खुश थे और इसे सीआरपीएफ का एक अनोखा और सराहनीय कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल न केलव कानून-व्यावस्था बनाये रखने तक सीमित है बल्कि समाज के उत्थान और सहयोग में भी उनकी अहम भूमिका है। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी रतिंद्र चंरण मिश्रा व पिताबासा पांडा, उप कमांडेंट मुकेश कुमार, निरीक्षक जीडी चंद्र भूषण पांडेय के अलावा सीआरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

ग्रीनफील्ड एकेडमी के बच्चों ने डॉल्फिन संरक्षण को लेकर निकाली जागरूकता रैली

चंदवा। स्थानीय ग्रीनफील्ड एकेडमी में गुरुवार को डॉल्फिन संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिज्ञा समारोह,वीडियो प्रदर्शन, चित्रकला प्रतियोगिता और रैली जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं। रैली की शुरूआत विद्यालय परिसर से की गई जो चंदवा ब्लॉक,इंदिरा गांधी चौक,मेन रोड,बुधबाजार होते पुनः विद्यालय पहुंची। रैली में शामिल बच्चे जलीय जीवों के संरक्षण संबंधी नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में जलजीवों और डॉल्फिन संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या अन्नाकुट्टी,निदेशक अरविंद कुमार सिंह और सह-निदेशिका अनुराधा सिंह ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही शिक्षक शुभम,एलेक्स,अमर, सुभोजीत और मधु ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने प्रभावित परिवारों के बीच किया फलदार पौधों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम बारी चंदवा में परियोजना से प्रभावित परिवारों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को आम, अमरूद, लीची और चीकू जैसे लगभग 120 उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधों के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ एम. चंद्रशेखर अपर महाप्रबंधक एवं एचओडी, बनहरदी कोल ब्लॉक ने किया।

इस अवसर पर डॉ. आर. बी. सिंह अपर महाप्रबंधक, खनन, सिद्धार्थ शंकर अपर महाप्रबंधक, सिविल एवं इंफ्रास्ट्रक्चर, आर. के. निरंजन अपर महाप्रबंधक, इंजीनियरिंग सर्विसेज, अरुण सिंह उप महाप्रबंधक, एमई, अमरेश चंद्र राउल उप महाप्रबंधक, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, चंदन भारती वरिष्ठ प्रबंधक, विनेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक आरआर, शुभंकर मंडल एवं कुमारी पूजा कार्यपालक, आरआर भी उपस्थित रहे।

अंतर प्रखंड स्तरीय कांवर जलयात्रा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़(लातेहार)। महुआडांड हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानस मणि दीप सेवा संस्थान सरनाधाम गारू प्रखंड बारेसाढ़ एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित अंतर प्रखंड स्तरीय कांवर जलयात्रा मे हजारों की संख्या में कांवर लेकर बाबा के भक्तो ने 51 किमी की दूरी तय कर सरनाधाम के शिवलिंग मे जल अर्पित किया. गुरूवार की सुबह कांवरिया लोध फॉल जलप्रपात पहुंचे, बुढ़ा बाबा महादेव की परिक्रमा, दर्शन कर पंडितो के वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच जल उठाया। वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच कांवर की पूजा कर कांवरियां रवाना हुए। कांवरियों के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं बारेसाढ़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मी चप्पे चप्पे पर तैनात थी। साथ ही बजरंग दल के विभाग सह संयोजक पलामू प्रमंडल के सुरज साहू के नेतृत्व में बजरंग दल के सदस्य पुरी तरह से मुस्तैद थे। यात्रा बुढ़ा घाघ से प्रारंभ हो लोध, चटकपुर, पंडरीटोली, हामी, रेंगाई, केनाटोली और महुआडांड़ मुख्य बाजार होते राजडंडा, बोहटा, बांसकरचा, अक्सी, चेतमा होते रामसेली गांव के सरनाधाम पहुंचा और शिवलिंग में जल अर्पित किये। इस दरम्यान ये पूरा 51 किलोमीटर का क्षेत्र बोल बम के गगनभेदी जयकारे से गुंजायमान हो उठा।

अस्पतालों के अधूरे काम की एक वर्ष बाद भी नहीं हो सकी जांच

- स्वास्थ्यकर्मियों में है उदासीनता

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। सरकारी अस्पताल भवनों के रंगरोगन कराने के नाम पर विभागीय पैसे की घोटाला किये जाने की चर्चा सरेआम है। पूर्व से ही पीला रंग की चकाचक इन भवनों को विभागीय दिशा निर्देश के तहत हरा रंग कराने के बाद यह भवन बदरंग का रुप ले लिया है। इस कार्य की मॉनेटरिंग कर रहे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने कई पूछने पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाना संदेह के घेरे में है। अव्वल तो यह है कई अस्पताल भवनों के बाहरी हिस्सों को हरा रंग तो कर दिया गया, पर भीतरी भाग और दूसरी तल्ला को यथावत ही छोड़कर पैसे का वारा न्यारा कर लिया गया है। ऐसा ही मामला मोकहर कला पंचायत के प्राथमिक विद्यालय हेमजा में स्वास्थ्य विभाग का भवन नहीं है। इस स्कूल के एक कमरे में स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है। जिसे भी विभाग ने रंगरोगन कराकर पैसे की बंदरबाट कर ली गई है। उधर ऐसा ही कारनामा बभंडी पंचायत सचिवालय के एक कमरा में संचालित स्वास्थ्य केन्द्र के साथ भी रंगरोगन कार्य में किया गया है। मुखिया जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इन ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र पर दर्जन भर भी मरीजों की उपस्थिति नहीं है। बावजूद इस केन्द्र के संचालन के नाम पर लाखों रुपये की वारा न्यारा किया जाता रहा है। व्यस्त हैं। वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पाण्डेय, सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने कहा कि इसकी सूचना प्रखंड दिशा समिति के अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य को भी दी गई थी। जिसमें बीपीएम को तलब कर लताड़ा था कि किसके आदेश और सहमति से उक्त कार्य किये गये और न ही इसके लिये कोई मीटिंग की गई। बीपीएम को प्रखंड दिशा की बैठक में संतोष जनक जवाब देने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि अस्पताल भवनों पर झंडोत्तोलन पर जलपान के व्यय मद पर भारी भरकम पैसों का वारा न्यारा होता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रति अस्पताल परिसर पर दो हजार रुपये अधिकतम इस पर व्यय के विरुद्ध 20 हजार रुपये तक निकासी किये जाने की सूचना मिलती है। उन्होंने कहा कि यदि इन मदों और भवन रंगरोगन में किए गए घोटाले की जांच नहीं कराई तो यह मामला मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री तक पहुंचाया जायेगा।

हमास ने नेतन्याहू को चिढ़ाया, इजरायली टैकों के उड़ गए चिथड़े

नई दिल्ली । गाजा में एक बार फिर हालात बेकाबू हो गए हैं। हमास के लड़ाकों ने इजरायली सेना पर हमले और तेज कर दिए हैं। अल क़स्साम ब्रिगेड ने एक वीडियो जारी कर इजरायली टैंकों को तबाह करने का दावा किया है। खबर तो ये है कि जबालिया के पास टकराव और भी विकराल रूप ले चुका है। गाजा की छोटी-छोटी गलियों में फिर बमों की आवाज गूंज रही हैं और युद्ध की आंच लगातार भड़क रही है। इजरायली सेना को निशाना बनाने का ताजा वीडियो सामने आया है। जिसे लेकर अल क़स्साम ब्रिगेड जो हमास की ही सशस्त्र ईकाई है उसने दावा किया है कि उसने इजरायली टैंकों को खदानों, शार्ट रेंट मिसाइलों से निशाना बनाया है। खबर है कि हमास ने एक इमारत पर हमला भी किया है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि वहां इजरायली सैनिक मौजूद था। अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक वीडियो फुटेज जारी किया जिसमें उसके लड़ाके जबालिया कैंप में इज़राइली सैन्य वाहनों को नज़दीक से निशाना बनाते हुए दिखाई दे रहे थे। अल जज़ीरा द्वारा प्रसारित इस वीडियो में कई ऑपरेशन दिखाए गए, जिनमें एक मर्कवा टैंक को यासीन 105 मिसाइल से नष्ट करना और एक टैंक के अंदर शवाथ विस्फोटक उपकरण का विस्फोट शामिल है।

- अल जज़ीरा द्वारा प्रसारित इस वीडियो में कई ऑपरेशन दिखाए गए

अहमदाबाद प्लेन क्रैश में इकलौते बचे विश्वास कुमार सदमे में

अहमदाबाद । अहमदाबाद विमान हादसे को डेढ़ महीना हो गया है, लेकिन कई पीड़ित परिवार अभी भी 270 लोगों की जान लेने वाली इस त्रासदी के सदमे से उबर नहीं पाए हैं।

कुछ ऐसा ही हाल विमान हादसे में इकलौते बचे शख्स विश्वास कुमार भालिया का है, जिन्होंने हादसे में अपने भाई अजय को अपनी आंखों के सामने मरते देखा। विश्वास अब तक सदमे से उबर नहीं पाए हैं। उनके परिवार का कहना है कि विश्वास को नींद नहीं आती। रात-रातभर जागते रहते हैं। इस वजह से उसका एक छोटे बच्चे की तरह हर समय ध्यान रखना पड़ रहा है। परिवार के अलावा दोस्त भी लगातार उनका हौसला बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

रूसी प्लेन क्रैश, 49 लोगों की हुई मौत

मास्को । एजेंसी

रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी शामिल थे। बचावकर्मियों को टिंडा से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है। रॉयटर्स के मुताबिक ये विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर के गवर्नर वासिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर बताया कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है। लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने बताया कि विमान खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होते हुए टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास है। टिंडा पहुंचने से पहले वह रडार से गायब हो गया और उसका संपर्क टूट गया।

दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश में गायब : इंटरफैक्स की रिपोर्ट के अनुसार, विमान पहले टिंडा एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश में नाकामयाब रहा। जब उसने दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश की, तभी वह रडार से गायब हो गया। तास समाचार एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह विमान टिंडा एयरपोर्ट से कुछ किलोमीटर पहले एक तय चेकपॉइंट पर भी संपर्क नहीं कर पाया। टिंडा शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 6,600 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है।

क्रैश हुआ विमान 63 साल पुराना था

सोवियत संघ ने एन-24 विमान को छोटे इलाकों में उड़ने के लिए बनाया था। तब इसमें 32 सीटें होती थीं, जो 450 किमी प्रति घंटे की गति से 400 किलोमीटर तक उड़ान भरती थी। इसके अलावा यह 4 टन तक का वजन (पेलोड) ले जा सकती थी। इसे ऐसे रनवे से उड़ान भरने लायक भी बनाया गया था जो केवल 1200 मीटर लंबे और पक्के नहीं हों।

मोदी के पहुंचने से पहले ही मालदीव गाने लगा भारत के सुर

नई दिल्ली । एजेंसी

मालदीव के एक पूर्व मंत्री ने ज़रूरत पड़ने पर द्वीपीय देश की मदद के लिए भारत के प्रयासों की सराहना की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 और 26 जुलाई को मालदीव की यात्रा पर आने वाले हैं, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में एक नया मोड़ आने की उम्मीद है, जबकि एक साल पहले दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई थी। पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने कहा कि जब भी मालदीव पर कोई संकट आया है, भारत हमेशा सबसे पहले सहायता देने वाला देश रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयों का दिल बड़ा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव के बावजूद मालदीव को सहायता जारी रखने और बढ़ाने का भारत का कदम उसकी परिपक्वता और उदारता को दर्शाता है। शाहिद ने कहा कि मालदीव और भारत के बीच संबंधों ने हमेशा यह दर्शाया है कि भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला देश है। जब भी हम अंतरराष्ट्रीय लाइन पर बात करते हैं, भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देता है। इसके कई कारण हैं। सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारण यह है कि भारतीय लोगों का दिल बड़ा है और वे पड़ोस में मालदीव की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, इसलिए वे बहुत उदार हैं। उन्होंने आगे कहा कि भौगोलिक रूप से भारत मालदीव के बहुत करीब है। जब भी मालदीव में कोई आपात स्थिति या संकट की स्थिति आती है, भारत ने हमें कभी निराश नहीं किया है... भारत सरकार द्वारा सहायता में की गई वृद्धि उसकी उदारता और परिपक्वता को दर्शाती है। मोहम्मद मुइज्जू की सरकार पर कटाक्ष करते हुए शाहिद ने कहा कि मालदीव के राजनीतिक दलों को भारत जैसे प्रमुख पड़ोसी देशों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं और शाहिद का मानना है कि उनकी यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर होंगे। हमारे पड़ोस में ही एक बहुत बड़ा बाज़ार है। यह स्वाभाविक है कि हम भारत में हो रही आर्थिक तेज़ी का लाभ उठाएं। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि राजनयिक तनाव के कारण मालदीव आने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई। लेकिन मुझे लगता है कि इस बार प्रधानमंत्री की यात्रा सब कुछ ठीक कर देगी।

भारत सबसे पहले करता है प्रतिक्रिया

- भारत हमेशा मालदीव की मदद के लिए तत्पर रहता है।
- इसका मुख्य कारण है भारतीयों की उदारता और संवेदनशीलता।
- भारत और मालदीव के बीच भौगोलिक निकटता भी एक कारण है।

भारत ने कभी मालदीव को निराश नहीं किया

- हर आपातकाल में भारत ने तुरंत सहायता भेजी।
- भारत की सहायता उसकी परिपक्वता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक है।

- पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने मुइज्ज़ू सरकार पर परोक्ष हमला किया।
- कहा, भारत जैसे पड़ोसी देश का राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग न करें।

मेलबर्न में हिंदू मंदिर पर नस्लीय हमला, लोगों ने जताई चिंता

कैनबरा (आईएएनएस)

ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में एक प्रमुख हिंदू मंदिर पर हाल ही में हुए नस्लीय हमले ने वहां रह रहे भारतीय समुदाय के बीच गहरी चिंता पैदा कर दी है। श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर 'गो होम' जैसे स्लोगन और 'ब्राउन' जैसे नस्लभेदी शब्द लिखे गए। इससे स्पष्ट है कि यह कृत्य एक समुदाय को निशाना बनाकर किया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के दो एशियाई रेस्टोरेंट की दीवारों पर भी उसी तरह की नफरत भरी बातें लिखी गई थीं। घटना की पुष्टि करते हुए, विक्टोरिया पुलिस ने बताया कि वह बोरोनिया में हुई चार संबंधित घटनाओं की जांच कर रही है, जिनमें एक मंदिर और दो रेस्टोरेंट शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया आउटलेट 'द ऑस्ट्रेलिया टुडे' ने पुलिस के हवाले से कहा, "पुलिस 21 जुलाई को बेजवॉटर और बोरोनिया में स्लोगनों से जुड़े मामलों की जांच कर रही है।

पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश से तबाही, 18 की मौत कई लापता

इस्लामाबाद (आईएएनएस)

पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश से हालात खराब हैं। पड़ोसी मुल्क में बाढ़ और तूफान के कारण 18 अन्य लोगों की जान चली गई। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने चेतावनी जारी करते हुए 25 जुलाई तक देश के अधिकांश हिस्सों में लगातार बारिश की आशंका जताई है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में करीब 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 10-15 लोग बह गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बुधवार को बताया कि केपी प्रांत में मरने वाले 13 लोगों में नौ बच्चे, तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। इसके अलावा, बारिश से संबंधित घटनाओं में दो बच्चों और एक महिला सहित तीन अन्य घायल हो गए हैं।

ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध को लेकर आया चीन का बयान, कहा- भारत और बांग्लादेश को...

नई दिल्ली । चीन ने तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर अपने डैम के निर्माण की शुरुआत का बचाव किया। वहीं, भारत और बांग्लादेश जैसे निचले इलाकों वाले देशों पर इसके असर को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज किया। शनिवार को चीनी प्रधानमंत्री ली क्यांग ने ब्रह्मपुत्र नदी के निचले हिस्से में तिब्बत के न्चिंगची शहर में डैम के निर्माण की शुरुआत की घोषणा की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि यह प्रॉजेक्ट निचले इलाकों पर किसी भी तरह का नकारात्मक असर नहीं डालेगा। गुओ ने कहा कि इस प्रॉजेक्ट पर दोनों देशों से जरूरी बातचीत की गई है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने हाल में इस निर्माण को वॉटर बम करार दिया था। कहा था कि यह भारत की अस्तित्व के लिए खतरा है। ब्रह्मपुत्र एक अंतर्देशीय नदी है जिसका बेसिन लगभग 5,80,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जो चीन (50.5%), भारत (33.3%), बांग्लादेश (8.1%) और भूटान (7.8%) में फैला है। भारत में, इसका क्षेत्रफल 1,94,413 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 5.9% है। इसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के क्षेत्र शामिल हैं।

थाईलैंड ने कंबोडिया पर एफ-16 से किया हमला, हाई अलर्ट पर कई देश

नई दिल्ली । एजेंसी

रूस और यूक्रेन के बीज की जंग सालों से चल रही है। वहीं हाल ही में ईरान और इजरायल के बीच बैटल का नया ग्राउंड देखने को मिला था, जिसमें अमेरिका ने भी अपने बी2बॉम्बर्स के साथ एंट्री कर ली थी। लेकिन इस युद्ध का तो विराम हो गया। फिर भी इजरायल एक और मोर्चे में फिलिस्तीन के साथ जंग में उलझा है। वहीं डोनाल्ड ट्रंप शांति का राग अलाप रहे हैं। लेकिन विश्व में एक और युद्ध का मोर्चा खुल गया है। थाईलैंड और कंबोडिया ने बीच जंग शुरू हो गई है। दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच, थाईलैंड ने गुरुवार को कहा कि उसने कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। सेना ने कहा कि F-16 लड़ाकू विमानों ने कंबोडिया में दो सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। उसने कहा कि छह लड़ाकू विमानों ने ज़मीन पर स्थित कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर हमला किया। यह हवाई हमला थाई अधिकारियों द्वारा दिन में पहले दी गई जानकारी के बाद किया गया है कि कंबोडियाई तोपखाने की गोलाबारी में दो थाई नागरिक मारे गए और दो अन्य घायल हो गए।



कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जेट विमानों ने सड़क पर दो बम गिराए, और वह कंबोडिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ थाईलैंड साम्राज्य के लापरवाह और क्रूर सैन्य आक्रमण की कड़ी निंदा करता है। यह झड़पें तब हुईं जब थाईलैंड ने बुधवार देर रात कंबोडिया से अपने राजदूत को वापस बुला लिया और कहा कि वह बैंकॉक में कंबोडिया के दूत को निष्कासित कर देगा। इससे पहले, एक सप्ताह के अंतराल में दूसरे थाई सैनिक ने बारूदी सुरंग में अपना अंग खो दिया था, जिसके बारे में बैंकॉक ने आरोप लगाया था कि हाल ही में विवादित क्षेत्र में इसे बिछाया गया था।



ईस्कॉन के रेस्टोरेंट में चिकन खाते लड़के पर बादशाह का फूटा गुस्सा

हिंदू धर्म का अपमान करने वाले की लगाई क्लास

रैपर बादशाह ने लंदन स्थित इस्कॉन के राधा-कृष्ण मंदिर से जुड़े शाकाहारी रेस्टोरेंट गोविंदा में चिकन खाने वाले एक व्यक्ति की कड़ी आलोचना की है। बादशाह ने X (पहले ट्विटर) पर @JIX5A द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उस व्यक्ति ने न केवल रेस्टोरेंट के अंदर मांस खाया, बल्कि उसे कर्मचारियों और ग्राहकों को भी परोसा। वीडियो में, वह आदमी स्टाफ़ के पास गया और पूछा, "क्या यह शाकाहारी रेस्टोरेंट है? यानी यहाँ मांस नहीं है? क्या आपको यकीन है?" जब स्टाफ़ ने कई बार दोहराया कि यह सचमुच शाकाहारी रेस्टोरेंट है, तो उस आदमी ने केएफसी चिकन का एक डिब्बा निकाला और खाना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर एक वीडिया काफी तेजी वायरल हो रहा है।

कहानी फिल्म जगत की